राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 344 | रांची, सोमवार, 17 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




### आज का दिन

दुनिया भर के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी। अमेरिका को यह फ्रांस से तोहफे में मिला था। इसे 17 जून, 1776 को अमेरिका को सौंपा गया था। तांबे की यह शानदार प्रतिमा अमेरिका के न्यूयार्क शहर के मैनहट्टन में लिबर्टी द्वीप पर स्थित है। अमेरिका के लिबर्टी आइलैंड पर स्थित स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी एक महिला की मूर्ति है, जो स्वतंत्रता की रोमन देवी लिबर्टस का प्रतिनिधित्व करती है।


हजारीबाग सर्राफा

सोना (बिक्री) ₹ 6,780.00 प्रति ग्राम

चांदी ₹ 95.00 प्रति ग्राम

पहले शोरूम के रूप में स्थापित हजारीबाग शहर का गौरव

देश हित के लिए मतदान अवश्य करें!

अक्षय तृतीया मेकिंग चार्ज पर 10%

4 दशकों से निरंतर सेवा में

अनूठे विश्वास और आईने की सच्चाई के साथ

DIAMOND, GOLD, SILVER 100% शुद्धता के साथ

A House of Traditional Trust

SRI ALANKAR JEWELLERS

MALVIYA MARG, HAZARIBAG, Mob. : 9934943065



सप्तगिरि आई.टी.आई.

भारत सरकार N.C.V.T नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

ट्रेड- मैकेनिकल डीजल, फिटर, इलेक्ट्रीशियन

- Wi-Fi Campus
- CCTV Camera
- Campus Selection
- Scholarship Facility

नामांकन प्रारंभ सत्र- 2024-26

Hostel Facility Available

सिन्दूर, महेन्द्र कॉलोनी, हजारीबाग

9470333159

9608881460


# झारखंड सरकार जल्द घरेलू उपभोक्ताओं को नि:शुल्क 200 यूनिट बिजली देगी: मुख्यमंत्री

सरायकेला, उज्ज्वल दुनिया सं

**अबुआ आवास योजना के आवंटन में गड़बड़ी पाए जाने पर होगी कार्रवाई**

**घर-घर पहुंच रही सरकार की योजनाएं, 24 घंटे हर पंचायत में मुहैया होंगी दवाइयां**



रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाएंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। अब राज्य के किसान भाइयों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान भाई वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

**बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होगी।

**पढ़ाई में पैसा नहीं बनेगी बाधा, बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से करेंगे मदद**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी।

हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

**182 योजनाओं की मिली सौगातः** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभुकों के बीच करीब 54 करोड़ 42 लाख 46 हजार 498 रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया एवं 182 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जहां 7000.759 लाख रुपये की 22 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ ।

# जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी सरकार: अमित शाह

**उच्च स्तरीय बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य पर आज नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है, लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को भारत सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। कश्मीर में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है।

# हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव : संजय सेठ

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं



भाजपा रांची महानगर और ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में रांची के चिरोंदी स्थित आशिर्वाद बैंक्वेट हॉल में भारत सरकार में नवनियुक्त रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का अभिनंदन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया।

अभिनंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरूण साहू ने किया।

अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कार्यकताओं को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकताओं के जी तोड़ मेहनत एवं जनता का मोदी पर अटूट विश्वास से यह जीत सुनिश्चित हुई है।

उन्होंने कहा की हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय नेतृत्व को आभार जताते हुए कहा की रांची की जनता का विश्वास कभी टूटने नहीं देंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमे जो भी परिश्रम करना पड़े हम करेंगे।

उन्होंने झारखंड सरकार पर हमला करते हुए कहा की राज्य जंगल राज्य की ओर बढ़ रहा है। चोरीझडकैती राज्य में आम हो चुका है। पूरे देश में झारखंड भ्रष्टाचार के लिए चर्चित है। श्री सेठ ने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता झामुमो सरकार की विदाई कर देगी।

रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अभी हम सभी सेमीफाइनल जीतें हैं। फाइनल चुनाव विधानसभा का होने वाला है।

# ईवीएम को लेकर एलन मस्क व राजीव चंद्रशेखर के बीच एक्स पर बहस तेज

नई दिल्ली, एजेंसी





इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक किया जा सकता है या नहीं, इस विषय पर रविवार को टेक अरबपति एलन मस्क और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बसह और तेज हो गई।

जब चंद्रशेखर ने टेक अरबपति से कहा कि भारतीय ईवीएम कस्टम-डिजाइन किए गए हैं। ये सुरक्षित और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं, तो टेस्ला के सीईओ ने जवाब दिया, कुछ भी हैक किया जा सकता है।

पूर्व मंत्री ने कहा,₹लैब स्तर की तकनीक और बहुत सारे संसाधनों के साथ, मैं जेट के ग्लास कॉकपिट आदि के फ्लाइट कंट्रोल सहित किसी भी डिजिटल हार्डवेयर/सिस्टम को हैक कर सकता हूं। लेकिन यह ईवीएम के सुरक्षित और विश्वसनीय होने और पेपर वोटिंग के बीच एक अलग तरह की बातचीत है और हम सहमत-असहमत हो सकते हैं। इससे पहले दिन में चंद्रशेखर ने ईवीएम को मतदान से हटाने के मस्क के विचार को खारिज कर दिया था।

चंद्रशेखर ने टेक अरबपति से कहा,इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ठीक उसी तरह से बनाया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। हमें एक ट्यूटोरियल चलाने में खुशी होगी, एलन। इसके पहले मस्क ने कहा था कि ईवीएम को खत्म कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि इसके मानव या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम है।


PR NO. 326667 (IPRD)24-25 D

श्री सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड

श्री चम्पाई सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

पाक त्योहार
ईद-उल-अज़हा
के अवसर पर समस्त झारखण्डवासियों को
हार्दिक मंगलकामनाएं एवं मुबारकबाद

ईद-उल-अज़हा कुर्बानी का पर्व है। यह पाक त्योहार हमें जीवन में त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता है। यह त्याग ही वह महत्वपूर्ण जीवनमूल्य है, जो परिवार, समाज और देश की एकजुटता को कायम रख पाता है।

आइये, आज इस पाक त्योहार के अवसर पर हमसब मिलकर यह संकल्प लें कि हम कुर्बानी, मुहब्बत और सद्भाव का जज़्बा बनाये रखेंगे तथा अपने राज्य और राष्ट्र की विविध सांस्कृतिक विरासत को कायम रखने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



ACHIEVERS' CLASSES

"Come with Dreams, Leave with Success"

A Premier Coaching Institute for VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XII Pass (DROPPER), NTSE, OLYMPIAD, IIT- JEE (MAIN + ADV.) & NEET EXAMS

OUR PREVIOUS YEARS NEET TOPPERS

Congratulations to our JEE-MAIN 2024 TOPPERS....

TOTAL SELECTION FOR JEE - ADVANCED 223 STUDENTS

99.86 99.82 99.73 99.61 99.24 99.14 99.1 99.05 99.05

SELECTION IN 2023 JEE-ADVANCED 42 JEE-MAIN 220 NEET 50

Scholarship Available upto 100% on Tuition Fee

Our Pillar Of Success

Admission is going on....

Schooling Facility Is Available For 10th Pass Students

Main Branch: ABOVE BANK OF BARODA, KALIBARI ROAD, HAZARIBAG

Cont.- 9006618149, 9955455935, 9534188949, www.achieversclasses.com

# जब तक मांगों पर पहल नहीं होती, तब तक नहीं होने दिया जायेगा कार्य : योगेन्द्र यादव

## बलकुदरा छाई-डैम में झामुमो पंचायत समिति बलकुदरा की हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ)।** झामुमो पंचायत समिति बलकुदरा के द्वारा बलकुदरा छाई-डैम के समीप रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव उपस्थित थें। बैठक में कहा गया कि स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों द्वारा पतरातू प्रखंड के बलकुदरा छाई-डैम के जनसमस्याओं को लेकर विगत वर्षो से पीवीयूएनएल कंपनी के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से नौकरी, मुआवजा एवं पुनर्वास को लेकर झामूमो के बैनर तले आंदोलनरत है। स्थानीय विस्थापित द्वारा पीवीयूएनएल प्रबंधन को 5 अप्रैल 2023, 24 नवंबर 2023 को मांग पत्र सौंपा गया था। इसके बाद पुनः 18 दिसंबर 2023 को पीवीयूएनएल कंपनी के मैन गेट के समक्ष विशाल जन आक्रोश रैली निकाल धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन मामले पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। बावजूद इसके 5 मार्च 2024 को बलकुदरा छाई-डैम मे पीवीयूएनएल कंपनी द्वारा जबरदस्ती प्रशासन की मदद से काम करने की कोशिश की गई। जिसे विस्थापित ग्रामीण द्वारा रोका दिया गया। 12 मार्च 2024 को कंपनी के मेन गेट के समक्ष एक दिवसीय भूख-ह?ताल के माध्यम से पुनः समिति द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। लेकिन अभी तक कंपनी द्वारा स्थानीय विस्थापितों के मांगों पर किसी तरह का सकारात्मक पहल नहीं किया गया। मौके पर योगेंद्र यादव ने कहा गया कि प्रबंधन का अयिल रवैया दिन प्रतिदिन बता ही जा रहा है। कंपनी द्वारा हम स्थानीय-विस्थापितो पर एफआईआर भी दर्ज कराया गया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार नियोजन अधिनियम 2022 के तहत स्थानीय विस्थापितों को रोजगार में 75 प्रतिशत प्राथमिकता देने का जो कानून बना है उसे भी कंपनी द्वारा खुलेआम अवहेलना किया जा रहा है। पीवीयूएनएल प्रबंधन दलालो व बिचौलिए के माध्यम से मोटी रकम लेकर बहाली कर रही है, जिसका हर हाल में विरोध होगा। बैठक में विस्थापित ग्रामीणो द्वारा निर्णय लिया गया कि बलकुदरा छाई-डैम को लेकर 17 जून 2024 को पुनः पीवीयूएनएल कंपनी को मांग पत्र सौंपा जायेगा। साथ ही मांगो को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, उपायुक्त रामगढ, अंचल अधिकारी पतरातू को भी मांग-पत्र सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराया जायेगा। श्री यादव ने कहा कि जब तक विस्थापित ग्रामीणो की मांगे पूरा नहीं होगी तब तक छाई-डैम में काम नही करने दिया जायेगा। बैठक में झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव, पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा, पंचायत सचिव सन्नी मुंडा, कुणाल यादव, सुकेश मुंडा, दीपक मुंडा, रवि महली, सोनू मुंडा, अरविंद यादव, संजय उरांव, अजय मुंडा, कृष्ण मुंडा, अजय कुमार, संदीप उरांव आदि मौजूद थें।

## तीन सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले कार्यकर्ताओं की हुई बैठक संपन्न



**गिद्दी।** बुमरी गाँव में तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार करो की मांग को लेकर भाकपा माले कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर बैठक में भाकपा माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, लालचंद बेदिया, कालीचरण बेदिया, हरि बेदिया, गोपाल बेदिया, बाबूलाल बेदिया, हरिचरण बेदिया अन्य लोग शामिल थे। ज्ञात हो कि बीते दिन 13 जून को छोटका चुम्बा हुनडारही नाला बुमरी पर पुल निर्माण कार्य में अपराधियों ने गोली बारूद से जान से मारने एवं बारूद से पुल को उड़ा देने की धमकी देकर काम को बंद करा दिया गया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर जानकारी दी गई थी लेकिन आज 16 जून तक घटना स्थल बुमरी के पुल निर्माण पर कोई भी पुलिस जांच पड़ताल के लिए नही पहुंची है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पुलिस लूट खसोट,भ्रष्टाचार में मशगूल रहती है। अपराधियों को छूट दी जाती है। इस बैठक तीन सूत्री मांगें पुलिस प्रशासन यथाशीघ्र पुल निर्माण कार्य में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करो, पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ मापदंड सामग्रियों के तहत कार्य को पूरा करो, पुल निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को रोजगार दो और निर्धारित सरकारी दर न्यूनतम मजदूरी लागू करो, यदि उपरोक्त सवालों पर पुलिस एवं जिला प्रशासन समस्याओं का हल नहीं किया तो भाकपा माले ।

## नव-दांपत्य जोड़ी का वैवाहिक जीवन सुखमय की आशीर्वाद देने पहुँचे विधानसभा पूर्व प्रत्याशी संतोष



**रजरप्पा।** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संतोष महतो द्वारा रामगढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों की सभी सुखऱ्दुख में हमेशा सहयोग कर सक्रिय भूमिका निभाने वाले सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता ने सेरेंगातू/साड़म निवासी छात्र नेता और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी गौतम महतो की शादी समारोह में शामिल होकर नव दंपति जो? को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। वे उनकी शादी जैसे पवित्र व पारिवारिक बंधन में जु?ने की खुशी में पहुंचे तथा वैवाहिक जीवन आनंदमय रहने की शुभकामनाएँ देने पहुँचे गोला क्षेत्र के साथ साथ रामगढ़ में गौतम महतो सहज सरल लेकिन प्रभावी संगठनात्मक कार्यों के लिए जाने जाते हैं।संतोष महतो ने कहा कि गौतम महतो छोटे भाई और पुराने सहयोगी रहे हैं और लंबे समय से राजनीतिक सलाहकार की भूमिका में भी रहे हैं।उनके परिणय सूत्र में बंधने से हमारे टीम में काफ़ी ख़ुशी है और उनको उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की शुभकामनायें देते हैं।साथ में बारलौंग पंचायत के उपमुखिया बीरेन्द्र महतो,समाजसेवी।

## संवेदक ठेकेदार द्वारा 3 माह पूर्व ही पुलिया निर्माण के लिए गढ़ा खोदकर छोड़ दिया गया, प्रशासन से लगाई गुहार



**गुमला** - गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर क्षेत्र में पिछले एक वर्षो से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत नरमा से तेंदार तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है , जिसमें कई संवेदक पेटी में पुलिया निर्माण का काम कर रहे हैं , परंतु उक्त संवेदकों द्वारा कछुआ की गति से कार्य किया जा रहा है , जिससे छोटकी एवं बड़की संमदरी, व बेंदी, तेतर टोली, आम्बा टोली, ढाड़ टोली, गांव के किसान अपने खेतों में इस वर्ष सिंचाई को लेकर परेशान है। उक्त गांव के लोग एकत्रित होकर घूघ्यिया नाला के समीप बैठक की और कहा खूंटी निवासी संवेदक अनूप महतो के द्वारा घूघ्यिया नाला में तीन माह पूर्व पुलिया बनाने के लिए सिर्फ गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे नला के माध्यम से सिंचाई के लिए पहुंचने वाला पानी का दिशा बदल गया है और कई किसानों के खेतों को बर्बाद करते हुए सीधा पानी नदी में चला जाएगा है और उक्त पानी अबतक हम लोगों के खेत तक नहीं पहुंच पाएगा और इस वर्ष हम लोग अपने खेतों में फसल नहीं उगा पाएंगे। अगर उक्त पुलिया का निर्माण या बांध का निर्माण नहीं हुआ तो , हम लोगों के समक्ष खाने के लाले पड़ जाएंगे और हम किसान अपने परिवार सहित पलायन के लिए विवश होंगे और जिसका जिम्मेवार प्रशासन पर होगी ।जिसके उपरांत बैठक में ग्रामीणों ने सर्व समिति से निर्णय लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने की बात कही गयी और उक्त ज्ञापन में किसानों ने कहा है कि अगर अभिलंब घूघ्यिया नाला में पुलिया निर्माण समय पर हो और अगर समय पर उक्त बांध निर्माण नहीं किया जाता है तो सिंचाई से प्रभावित होने वाले तमाम किसानों को प्रशासन द्वारा उचित मुआवजा देना पड़ेगा अन्यथा हम सब भूख से मर जाएंगे। बैठक में ग्राम प्रधान विजय मुंडा जीवनंदन महतो विनय टोप्पो किशुन उरांव हीरालाल उरांव मोहन मांझी बिरसू उरांव बिरवल महली मंगलेश्वर विमल तेंमबा बलराम उरांव मुनेश्वर महली सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।.

## श्री अग्रसेन स्कूल का छात्र तुषार ने किक बॉक्सिंग में जीता सिल्वर मेडल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ)।**वाको इंडिया किक बॉक्सिंग संघ द्वारा पश्चिमी बंगाल के सिलीगु?ी में आयोजित जूनियर किक बॉक्सिंग अंडर-18 प्रतियोगिता में तुषार कुमार सिंह ने सिल्वर मेडल जीतकर पूरे झारखंड का मान ब?ाया है। तुषार श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा का 12वीं कॉमर्स का छात्र है। केरला, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बॉक्सरों को हराकर तुषार ने फाइनल में प्रवेश किया है। फाइनल में राजस्थान के बॉक्सर अभिषेक कुमार से हुए मुकाबले में तुषार को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। तुषार ने सिल्वर जीतने के साथ ही 23 अगस्त से हंगरी में होनेवाले वर्ल्ड जूनियर प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तुषार की इस सफलता पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजग?िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक ऐकडेमिक शिवकुमार चौधरी, अंकित कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित।



**गुमला** जिला मुख्यालय स्थित ग्राम विकास समिति टैसेरा गुमला के तत्वावधान में दिनांक 16 जून 2024 दिन रविवार को टैसेरा ग्राम के चामा बगीचा में इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान सह अभिप्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां शारदे की चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला के पूर्व प्राचार्य डा. पुरुषोत्तम राम ने सभी बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है परंतु एक अच्छी सोच और पढ़ाई के प्रति ईमानदार होकर आगे बढ़ने से आप जरूर अपने मंजिल को प्राप्त करेंगे। साथ ही अभिभावकों को कहा कि आप अपने बच्चों को पढ़ाई एवं अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करें और नशा पान एवं गलत संगति से दूर रखें। मिशन बदलाव के संस्थापक श्री भूषण भगत ने कहा कि आप श्वद्भश्वद्दह्म्ह्र होकर पढ़ाई करें और सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए बहुत सी छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई जाती है। उन योजनाओं का लाभ उठाएं। वृंदा पंचायत के मुखिया श्रीमती सत्यवती देवी ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम करने से निश्चित ही हमारे क्षेत्र के बच्चों के लिए काफी लाभदायक होगा। और एक सकारात्मक माहौल तैयार होगा। जिससे आने वाले समय में बच्चों को काफी लाभ होगा। श्री अमित कुमार झा कैप्टन मर्चेंट नेवी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ऐसे क्षेत्र में करना काफी सराहनीय एवं काबिले तारीफ कार्य है। बच्चों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ाने के लिए कहा। डॉ सुभाष ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें पढ़ाई के प्रति ईमानदार होकर एवं गलत संगति से दूर रहकर अपने मंजिल की ओर आगे बढ़ाने के लिए कहा। सांसद प्रतिनिधि श्री भोला चौधरी के द्वारा कहा गया कि आज के बच्चे कल के भविष्य है।

## बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, महिला की घटनास्थल पर मौत



**गुमला** - गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के मलगो ग्राम में शनिवार के देर संध्या में बिशुनपुर थाना स्थित लपगा ग्राम निवासी विनय उरांव और अनुज उरांव एक बाइक में सवार होकर अनियंत्रित तेज रफ्तार से घाघरा थाना स्थित मलगो ग्राम निवासी मालती देवी अपने घर के बाहर टहल रही थी इसी क्रम में उक्त बाइक सवारों ने मालती देवी को बाइक से जोरदार टक्कर मारकर दिया फलस्वरूप मालती देवी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई , और स्वयं भी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये , आनन-फानन में उक्त तीनों को घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिये घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मालती देवी को मृत घोषित कर दिया , जबकि उक्त दोनों बाइक सवार विनय उरांव और अनुज उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद, बेहतर इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया हैं जहां डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं, घाघरा पुलिस को उक्त घटना की सूचना मिलते ही, घाघरा थाना पुलिस घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र पहूंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया । जहां आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, घाघरा थाना पुलिस उक्त मामले की गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी हैं।.

## एक-नजर

### चुम्बा के सेजल ने जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग में कास्य पदक जीता

**गिद्दी।** सिलीगुडी में 10 जून से चल रही जूनियर नेशनल किक वॉक्सिंग चैंपियनशिप में मंझला चुम्वा की सेजल ने कास्य पदक जीतकर गाँव का नाम रोशन किया। बंगाल किक वॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित चैंपियनशिप में झारखंड स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग के हिस्सा रही सेजल पिता गोपाल प्रसाद (बबलु मोदी) ने हिस्सा लिया था। सेजल द्वारा युक्त पदक जीतने पर बधाईयों का तांता लग गया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में संतोष मोदी, सुनील मिश्रा, भिखारी साहु, नयनधारी कुमार, गौतम प्रसाद, वासुदेव प्रसाद आदि कई लोग शामिल थे।.

### बंद सिरका सीएचपी लोडिंग पॉइंट से दिन के उजाले में लेकर भाग रहे लोहे के एंकल को किया बरामद



**गिद्दी।** सिरका परियोजना के बंद पड़े सीएचपी रेलवे कोयला लोडिंग प्वाइंट के करीब सुबह 10 बजे ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की महिला जवानो ने अज्ञात दो लोहा चोरों को खदेकर 15 फीट से भी अधिक लंबा एंगल बरामद किया है। सूचना के बाद लोहे के एंगल को सिरका कार्यालय में जमा किया गया है।इस संबंध में सुरक्षा विभाग ने बताया कि लोडिंग प्वाइंट सीएचपी सिरका से दो अनजान बदमाश दिनदहा? लोहे के एंगल को लेकर भाग रहे थे, जिस पर यहां तैनात होमगार्ड की महिला जवानों की नजर पड़ी, जिसे दौड़ने पर लोहा फेंक कर दो अज्ञात बदमाश भूली क्वार्टर की ओर फरार हो गए। मौके पर हवलदार सुरक्षा हवलदार गंगा राम, होमगार्ड बसंती, चंचल, देवंती आदि उपस्थित थे।.

### आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देते हैं सभी पर्व-त्योहार : संजय रजक

**भुरकुंडा (रामगढ)।**भदानीनगर ओपी में बकरीद पर्व को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने की। बैठक में ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। हर पर्व-त्योहार को आपस में मिलकर शांतिपूर्वक तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पर्व के दौरान किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि किसी तरह के प्रतिबंधित मांस पर रियायत नहीं बरती जायेगी। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि बकरीद पर्व आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाई जायेगी। मौके पर रामफल बेदिया, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, मो. इमरान अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ओकनी उपसमिती की बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई के नेतृत्व में ओकनी उपसमिति की बैठक न्यू एरिया ओकनी स्थित स्व. अखिलेश्वर प्रसाद के आवास पर आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता ओकनी उपसमिति अध्यक्ष कंचन किशोर सिन्हा ने की।बैठक को संबोधित करते हुए जिला कार्यकारी अध्यक्ष बीएमप्रसाद ने संगठन की मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन को संगठित रखने के लिए तन,मन,धन और एकजुटता की आवश्यकता होती है।सभी को इसके लिए समय की पाबंदी भी जरूरी है।

बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष बीएमप्रसाद, अनूप कुमार सिन्हा, प्रबल प्रताप प्रसाद, श्रीमती शशि सिन्हा, श्रीमती उषा सिन्हा, श्रीमती बेबी सिन्हा, श्रीमती सरिता सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, ओकनी उपसमिति अध्यक्ष कंचन किशोर सिन्हा, विजय कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

### सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति व प्रबंधन के बीच हुई वार्ता, विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

**भुरकुंडा (रामगढ)।**सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति की रविवार को सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता हुई। वार्ता में प्रबंधन की ओर से सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, एसओपी अजय कुमार, सयाल पीओ सुबोध कुमार, आरए माइनिंग के पीके श्रीवास्तव व समिति की ओर से सेल संचालन समिति के अध्यक्ष दयानंद प्रसाद, सचिव अंबर कुमार, हरि नारायण प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, पवन कुमार, चितरंजन कुमार, सूरज प्रसाद, अभिषेक कुमार आदि शामिल थें।

वार्ता में समिति ने प्रबंधन को अपनी मांगों से पुनः अवगत कराया। जिसपर प्रबंधन ओर से बताया गया कि आरए माइनिंग में 13 स्थानीय व्यक्तियों को काम पर लगाया गया था। दो अन्य लोगों को भी बहाल किया जाएगा। बताया गया कि खदान में कार्यरत कर्मियों का फॉर्म ए भरा जाएगा। साथ ही फॉर्म डी में हाजिरी बनेगी। प्रबंधन ने कहा कि नियुक्ति और वेतन के संबंध में आगामी 19 जून को त्रिपक्षीय वार्ता की जाएगी।

ज्ञात हो की 15 जून को सयाल डी माइंस में आउटसोर्सिंग कंपनी का काम ठप कराते हुए ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर थे। रविवार को हुए वार्ता में प्रबंधन के सकारात्मक आश्वासन के बाद समिति द्वारा आंदोलन वापस ले लिया। साथ ही कहा गया कि आगामी 19 जून को त्रिपक्षीय वार्ता में सहमति न बनने पर आरए माइनिंग का काम पुनः ठप करा दिया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी।

### सैनिक सेवा परिषद झारखंड के एक प्रतिनिधि मंडल ने रक्षा राज्य मंत्री के आवास पर मिलकर उन्हें पुष्पगुच्छ , अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया

**गुमला** - भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के राँची आगमन पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड का एक प्रतिनिधि मंडल ने आज उनके आवास पर पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र दे कर उनका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। मंत्री ने भी बड़े ही गर्मजोशी के साथ , पूर्व सैनिकों से मिले और भविष्य में रांची में एक वृहत स्तर पर पूर्वसैनिकों की रैली आयोजित करने की अभिलाषा जताई। उन्होने भविष्य में पूर्व सैनिकों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने, रक्षा के क्षेत्र में उनकी सेवा विचार विमर्श और परामर्श के माध्यम से एक दूसरे का परामर्श विचार विमर्श रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने आगामी कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आने का न्योता भी दिया।

भारत सरकार में रक्षा राज्य मंत्री बनना बर्षो की सफल राजनीति का प्रतिफल होता है। इस क्रम में राँची के सांसद संजय सेठ अपने सराहनीय सेवा से मोदी-3 मंत्रिमंडल में रक्षा राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने में सफल रहे। इससे पूरे देश के साथ साथ विशेष कर झारखंड प्रदेश के पूर्व सैनिकों में खुशी की लहर दौ गयी हैं।

प्रतिनिधिमंडल में वेटरन ब्रिगेडियर वी जी पाठक, एयर कोमोडोर ए के अधिकारी, सार्जेंट वेटरन डॉ अनिरुद्ध सिंह, सुशील कुमार सिंह, बृजकिशोर सिंह, राजीव रंजन, दिनेश सिंह, डॉक्टर कमल शुक्ला, अभय सिंह, सार्जेंट के एन प्रसाद , सूबेदार उमेश कुमार सिंह, जे इब्ल्यू ओ नरेंद्र नाथ मुखोपाध्याय, के उपाध्याय, सार्जेंट प्रकाश साव, सूबेदार भगीरथ मुंडा, आदि सम्मिलित थे। मुलाकात के दौरान भारत माता की जय एवं भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे भी लगे।

# राज्य में मौजूदा हालात बदलने के लिए संकल्पित होकर काम करें:सुदेश महतो

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें। जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलना है। सुदेश कुमार महतो रविवार को रांची कांके रिंग रोड स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरे करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में खोया बहुत कुछ है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक- एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। पार्टी के पदाधिकारियों से भी उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाकर वे हर वर्ग में पहुंचे। महतो ने पूर्व में दिये गए निदेशों और तय कार्यक्रमों पर चर्चा की और कहा कि नेतृत्व तथा पार्टी के फैसले के साथ खड़े रहें। उन्होंने लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए राज्यभर के कार्यकताओं और मतदाताओं का आभार जताया। साथ ही कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत दिलाने में कार्यकताओं और गठबंधन के सहयोगी साथियों का साथ महत्वपूर्ण रहा है। यह कोई साधारण जीत नहीं है। इससे पहले पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी के गिरिडीह से एक बार फिर सांसद बनने पर स्वागत और अभिनंदन किया गया। 22 जून को आजसू पार्टी स्थापना दिवस राज्यभर में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन विधानसभा क्षेत्र स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।




### निष्ठा के साथ निभाएं जिम्मेदारी : चंद्र प्रकाश चौधरी

चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हर चुनौती का सामना हम सभी को मिलकर करना है। चुनाव परिणामों की समीक्षा आवश्यक है। समीक्षा उपरांत उस कमी को दूर करना है। हम सभी को एक कार्यकर्ता के नाते अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है।



### राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया: राम चन्द्र सहिस

प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने कहा कि आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार है। हम सभी सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा पर चलने वाले लोग हैं। झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया है। यह निराशाजनक है।

## ऑलम्पिक दिवस पर 23 जून को खूंटी में खेलों का आयोजन



**खूंटी।** ऑलम्पिक संघ खूंटी के तत्वाधान में रविवार को बिरसा कॉलेज में खूंटी जिले के सभी खेल संघों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ऑलम्पिक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश जयसवाल ने की। ओलंपिक संघ के सचिव दशरथ महतो ने स्वागत भाषण कर आगंतुकों को बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सभी संघों के पदाधिकारियों ने मांग की कि जिले में खेलों के आयोजन मे हो रही परेशानियों को दूर किया जाए। मौके पर खेल मैदान और उपकरणों की कमी आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में ओलंपिक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश जयसवाल, सचिव दशरथ महतो, कोषाध्यक्ष परमानन्द, राजकुमार गुप्ता, अनुज कुमार, सुनील नायक, अब्दुल कादिर, बसंत कुमार, कृष्ण मोहन कुमार ,उमेश कश्यप, विजय कुमार, आकाश कुमार, विवेक कुमार, सुनील तोपनो, मनोहर नाग आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उपकारा खूंटी में जेल लोक अदालत सह जागरुकता शिविर

खूंटी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकार खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि जितने भी नए कैदी पढ़ाई अधूरी छोड़कर यहां रह रहे हैं और पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, वे पढ़ाई जारी रखने के लिए डालसा सचिव और कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं ताकि निःशुल्क सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक होने के नाते अपने अधिकारों का हनन न होने दें। मौके पर डीएलएसए सचिव और अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी ने महिला वार्ड का निरीक्षण किया और वार्ड में रह रहे बच्चों के बीच केक, टॉफी और अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण किया। कार्यक्रम में डीएलएसए के एलएडीसी अधिवक्ता अमरदीप कुमार, कारा अधीक्षक शहजाद खान डीएलएसए पीएलवी अंजू कच्छप और उपकार खूंटी के कर्मी उपस्थित थे।

### रांची पुलिस ने होटल मौर्या और स्पा सेंटर में की छापेमारी



**रांची।** पुलिस ने रविवार को अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित होटल मौर्या और स्पा सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लड़कियों में एक बिहार के हाजीपुर जबकि दूसरी बंगाल की रहने वाली है। सभी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। हालांकि, कुछ लोग भागने में सफल रहे। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृव में यह छापेमारी की गई। अरगोड़ा चौक के पास सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली थी, जिसके बाद पुलिस की टीम ने अरगोड़ा चौक के पास होटल मौर्या में रेड कर पुलिस ने दो लड़कियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में पुलिस ने मौर्य होटल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में भी छापेमारी की लेकिन वहां कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने राजधानी में पिछले एक महीने के दौरान अलग-अलग इलाकों में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

# देह व्यापार के खिलाफ राँची पुलिस की बड़ी कार्यवाई




**रांची।** पुलिस उपाधीक्षक महोदय हटिया राँची को गुप्त सूचना मिला कि सुनिता कॉम्पलेक्स स्थित मौर्या होटल में अवैध रुप से अनैतिक देह व्यापार का घधा किया जा रहा है। इस सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, पुलिस अधीक्षक नगर राँची को सूचित करते हुए छापामारी दल के साथ पुलिस उपाधीक्षक, हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया एवं छापामारी दल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए सुनिता कॉम्पलेक्स स्थित मौर्या होटल के कमरा नं0 406, 402 में छापामारी किया। छापामारी के क्रम में 02 महिला एवं 01 पुरुष को पुलिस बल के द्वारा आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। पकडायी महिलाओं एवं पुरुष के पास आपत्तिजनक समान को बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्ति सूचि तैयार कर जप्त किया गया। तथा 02 महिलाओं एवं 01 पुरुष को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो से पुछताछ करने पर अनैतिक देह व्यापार का धंधा करने की बात स्वीकार कि है।

### मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में आगजनी कर मजदूर को जिंदा जलाने वाले एक और अपराधकर्मी गिरफ्तार, बडा हथियार भी बरामद

**रांची।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चामा-मैक्लुस्कीगंज रोड में स्थित दुल्ली करमकोचा टोला के पास सड़क किनारे खडा र्ल्लँ कल्ला१ं२३१४ू३४१ह्ल स्त्र१्५ं३ी छ३ा कंपनी के ड्रील मशीन लदा हुआ कंटेनर ट्रक जो इरठछ कंपनी का फाईबर केबल बिछाने का काम कर रही थी, को अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा कर जला दिया गया था. जिसमें संजय भुईयां नामक मजदूर की जल कर मौत हो गई थी। इस संदर्भ में कंपनी के चालक अखिलेश ठाकुर के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना कांड सं० 23/2024 दिनांक 29.05.2024 घारा- 384/387/435/436/427/326 /302/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। कांड का त्वरित उद्भेदन कर संलिप्त तीन अपराधियों रवि मुण्डा, महेश उरांव, रूपेश मुण्डा को 08.जुन.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था जिसका एक और अपराधी नरेश यादव पिता देवनाथ यादव की गिरफ?तारी हेतू पुलिस लगातार छापामारी कर रही थी उसी कम में 15.जून.2024 को रात्रि में गुप्त सूचना मिली की दुल्ली जंगल के आस पास में नरेश यादव हथियार के साथ भ्रमणशील है जिसके छापामारी हेतू पुलिस उपाधीक्षक खलारी, थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज एवं अन्य पदाधिकारियों एवं पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई एवं छापामारी करते हुए दुल्ली जंगल से नरेश यादव को हथियार के साथ धर दबोचा जिसके पास से 315 बोर का राईफल तथा गोली बरामद हुआ। इसके द्वारा यह स्वीकार किया गया कि थाना क्षेत्र एवं आस-पास के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में लगातार हथियार का भय दिखाकर अपने साथियों के साथ रंगदारी स्वरूप पैसे की उगाही कर रहा था। कडाई पूछताछ करने पर इसके द्वारा आगजनी की घटना कारित करने की बात स्वीकार किया गया।

## सीएमपीडीआई के सीएमडी ने कर्मियों को दिलाई शपथ, स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीएमपीडीआई 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा माना रही है। इसी कड़ी में रविवार को सीएमपीडीआई के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार ने कर्मियों को शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत की। सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाडा के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट, कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां की जायेंगी। लोगों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी (क्वीज), निबंध लेखन (एस्से राइटिंग) और ड्राइंग प्रतियोगिताएं (ड्राइंग कॉम्पीटिशन) आयोजित की जायेंगी। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी और क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, मुख्यालय व क्षेत्रीय संस्थान-3 के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, वरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के लिए गठित चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। बैठक में प्रदीप कुमार बालमुचु सहित सभी सदस्यों ने आपस में विचार कर जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पूरा खाका तैयार किया। बालमुचु ने कहा कि कांग्रेस ने सात सीटों पर गठबंधन के तहत उम्मीदवार उतारे थे। इसमें हमें सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली। बाकी पांच सीटों पर हार के कारणों की पड़ताल जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड महागठबंधन की सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्य और केंद्र सरकार की विफलता, केंद्र सरकार द्वारा किसानों, महिला युवा और अन्य वर्गों के खिलाफ निर्णय लेने के बावजूद हार मिलना आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को और बेहतर करने की और प्रेरित करता है। बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार और सुल्तान अहमद उपस्थित थे।

## बिजली-पानी देने में फेल साबित हो रही झारखंड सरकार:बाबूलाल मरांडी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पलामू सहित पूरे प्रदेश में बिजली और पानी देने में भी झारखंड सरकार फेल साबित हो रही है। केंद्र सरकार की नल जल योजना का लाभ दिलाने में भी राज्य सरकार फेल हो गई है। थोड़ा बहुत काम हुआ है लेकिन उसकी भी स्थिति ठीक नहीं है। लोगों को पर्याप्त बिजली-पानी मिले इसके लिए युद्ध स्तर पर अभी भी कार्य करने की जरूरत है। बिजली नहीं मिलने के कारण व्यवसाय ठप है। मरांडी ने कहा कि पलामू का अधिकतम तापमान हर दिन 45 डिग्री को पार कर रहा है। ऐसे में एसी तक काम करना बंद कर दिया है। अधिकारियों से जब पूछा जा रहा है तो वे सुधार करने की बात कहते हैं लेकिन रिजल्ट नहीं नजर आता। अभी जो स्थिति है उसमें हर एक जनमानस तक बिजली और पानी प्राथमिकता के तौर पर मिलनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव में मिली हार और जीत की समीक्षा के लिए रविवार को डालटनगंज पहुंचे। यहां परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 400 सीटें लाने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ने पर विपक्ष ने दुष्प्रचार किया। खासकर अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिगभ्रमित किया गया। बताया गया कि भाजपा यदि इतनी सीटें ले आएगी तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। उनके हक अधिकार मारे जाएंगे। आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इसका प्रभाव चुनाव में पड़ा और भाजपा को सीटें गंवानी पड़ी। मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान विधानसभा चुनाव की तैयारी पर भी चर्चा की गई। बाबूलाल ने कहा कि जिस सीट पर लोकसभा चुनाव में जीत मिली है, वहां समीक्षा कर यह जानने की कोशिश की जाएगी कि और अधिक वोट मिल सकते थे या नहीं। जहां हार हुई है वहां यह जानने की कोशिश की जाएगी।

## रांची में लॉ वर्कशाप में आरपीएफ कर्मियों को प्रशिक्षण



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** शहर के हटिया डीआरएम बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में रविवार को लॉ वर्कशाप का आयोजन हुआ। वर्कशाप में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही रांची मंडल के आरपीएफ अफसरों और स्टाफ को पुराने कानून में हुए संशोधन का प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप में रांची लॉ कॉलेज के प्रोफेसर एस श्रीवास्तव और उत्कर्ष वर्मा एवं अधिवक्ता प्रदीप सरकार ने आरपीएफ कर्मियों को जानकारी दी। वर्कशॉप की अध्यक्षता रांची मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के पहलुओं के बारे में पूरी जानकारी दी गई। कानून में नए संशोधन की मंजूरी 25 दिसंबर, 2023 को मिली, जिसे एक जुलाई को देशभर में लागू किया जाना है।

# बकरीद को लेकर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल रहेंगे तैनात

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** राज्य में बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि 4900 पुलिस बल, छह कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, पांच कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा 5000 होमगार्ड जवानों की अतिरिक्त तैनाती विभिन्न जिलों में की गयी है। इसके अलावा सभी जोन के आईजी और डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व में रखा गया है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। राज्य भर के थानों में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थान चिह्नित किए गए हैं। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है, इन जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स को लगाया गया है। पुलिस मुख्यालय के तरफ से सभी जिले के एसपी को बकरीद के दौरान जवानों की प्रतिनियुक्त सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ आवश्यकतानुसार स्थानों पर करने को कहा गया है।संवेदनशील इलाको में दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन सहित अन्य उपकरण के साथ जवान तैनात रहेंगे। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी उपद्रवी तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने को कहा गया है। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर राजधानी रांची में लगभग 3000 जवानों की तैनाती की गई है। इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गए हैं। सभी डीएसपी और थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार पेट्रोलियम करने को कहा गया है। एसएसपी ने बताया कि सभी संवेदनशील जगहों पर रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है, इसके अलावा झारखंड पुलिस के रैप, जैप, आईआरबी के जवानों को भी राजधानी में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि क्विक रिस्पांस टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है, अगर कहीं से भी आपातकालीन व्यवस्था करनी होगी तो वहां दस्ता तुरंत मूव करेगा। इस बार पूरी राजधानी पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । इनकी निगरानी के लिए 50 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। रांची एसएसपी ने कहा कि अगर कोई शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने जा निर्देश दिया गया है।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगाया 2 जगह पर रक्तदान शिविर




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगातार तीसरे दिन भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 16.06.24 दिन रविवार को हरमु रोड स्थित दिगंबर जैन भवन तथा अरगोड़ा स्थित ओशीऐनिक एक्सोटिका मे दो रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुए। दोनों रक्तदान शिविर मे 58 लोगों ने रक्तदान किया जिसमे से 10 लोगो ने पहली बार रक्तदान किया। मारवाड़ी युवा मंच सभी रक्तदाताओं का बहुत बहुत आभार करता है। कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल,सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी, राष्ट्रीय रक्तदान संयोजिका नेहा पटवारी, प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पाड़िया, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी,मनिष लोधा, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, अमित जांगिड़,विकाश गोयल,यश सुरेखा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबर

### बकरीद को लेकर गर्म रहा बकरा बाजार, 10 हजार वाले खस्सी 38 हजार में बिके



बरही। सोमवार को ईद उल अजहा अर्थात बकरीद का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दिन इस्लामिक धमार्लंबियों के द्वारा बकरे की कुबार्नी देने की प्रथा है। इसे लेकर रविवार बाजार में बकरा बाजार गर्म रहा। इस्लाम धर्मावलंबी बकरे की खरीददारी को लेकर एक दुकान से दूसरे दुकान तक भटकते रहे। इससे बाजार में बकरे के भाव भी आकाश छू रहा था। पांच हजार से नीचे का बकरा बाजार में देखने को नहीं मिला। वही कुछ बकरा व्यवसाई 18 से 15 हजार में बकरा बेच रहे थे। वही पंचमाधव की मासोमत असगरी ने अपने पुत्र के साथ 38 हजार रुपए में बकरे खरीदने का काम किया। उन्होंने बताया कि अपने सामर्थ्य के अनुसार अल्लाह को बढ़ चढ़कर बकरे की कुबार्नी देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि वे लोग किसान है और अल्लाताला पर पूरा भरोसा है।

### अल्लाह में विश्वास और प्रेम करने के साथ बुराइयों की दे कुबार्नी : मो कयूम



बरही। अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम ने बताया कि कुबार्नी हजरत इब्राहिम के अल्लाह के प्रति अपने बेटे इस्माइल की कुबार्नी की याद में मनाया जाता है। यह इस वाकये को दिखाने का तरीका है कि हजरत इब्राहिम अल्लाह में सबसे ज्यादा विश्वास करते थे। दरअसल अल्लाह पर विश्वास दिखाने के लिए उन्हें अपने बेटे इस्माइल की बलि देनी थी, जैसे ही उन्होंने ऐसा करने के लिए अपनी तलवार उठाई, दैवीय शक्ति से उनके बेटे की बजाए एक दुंबा (भेड़ जैसी ही एक प्रजाति) वहां पर आ गई और उस की कुबार्नी दी गई। उन्होंने बताया कि सभी इस्लाम भाईयो को खुदा में विश्वास व प्रेम करते हुए अपने बुराइयों को कुर्बान करने की आवश्यकता है।

### बकरीद पर्व को लेकर चरही थाना में बैठक

चरही। बकरीद पर्व को देखते हुए शनिवार चरही थाना परिसर में थाना प्रभारी गौतम कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद का त्योहार लोग आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाएं। किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। किसी तरह की कोई समस्या हो तो तुरंत थाना को सूचित करें। चिन्हित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में थाना प्रभारी को बताया। इस मौके पर जीप सदस्य बासुदेव करमाली, इंदिरा पूर्व मुखिया व समाज सेवी दशरथ माहतो, बालकुमार माहतो,मुमताज अंसारी, कुर्बान अंसारी, चरण करमाली समेत दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**जयंत सिन्हा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कार्यक्रम में रखे विचार**

# जलवायु परिवर्तन के संबंध में भारत के लक्ष्य होंगे दुनिया के लिए वरदान साबित:जयंत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** हम सभी अवगत हैं कि आज भारत समेत पूरे विश्व के लिए जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस दिशा में दुनिया भर में अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में 15 जून को वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विश्व भर के अनेक जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के संबंध में कई आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत संवाद किया गया। जयंत सिन्हा ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अपने सुझावों, कार्यों व रिपोर्टों से लगातार विशेष योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत भी जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है। इसके लिये हमें ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने की बेहद जरूरत है। हमें भारत में विदेश से निवेश बढ़ाना होगा ताकि हम पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उपयोग कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने भारत के लिए जलवायु परिवर्तन के संबंध में जो लक्ष्य रखे हैं, वो दुनिया के लिए आने वाले समय में वरदान साबित होंगे।

## बड़कागांव थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** इस्लामी त्यौहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर बड़कागांव अंचल अधिकारी बालेश्वर राम की अध्यक्षता में थाना परिसर बड़कागांव मे बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि सभी लोग भाईचारगी के साथ त्यौहार मनावें। मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि बकरीद कुबार्नी का त्यौहार है इसे सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से मनाये। मध्य पंचायत का मुखिया ने कहा कि किसी भी तरह का आज तक सांप्रदायिकता की लड़ाई नहीं हुई है और ना होगा। थाना प्रभारी ने कहा कि इस क्षेत्र में हिंदू -मुसलिम का हवा बनाकर लड़ाई करवाते हैं बाहरी लोग। त्यौहार में गड़बड़ी करनेवाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई कि जायेगी। शोसल मिडिया में किसी तरह का अपवाह पर ध्यान ना दे। आगे उन्होंने कहा कि थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में 10 -20 लोग नहीं आते परंतु क्षेत्र में लड़ाई होने पर 100/ 200 लोग जमा हो जाते हैं। लड़ाई लोगों के बीच में होता है तो इसको कुछ लोग संप्रदायिक बना देते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से विश्व सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेसी नेता रामसेवक सोनी, सांढ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, सीरमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद आसीन, गोंदलपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, शमशेर अंसारी, विशेश्वर राम, किशन राणा, महुदी सदर मोहम्मद फारूक, रूढ़ि सदर रमजान अली, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी संरक्षण समिति को किया सम्मानित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की श्री-श्री चैत्र रामनवमी 2024 के सफल सम्पादन में महत्ती भूमिका निभाने को लेकर रामनवमी संरक्षण समिति को हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान सिंह ने कहा की हजारीबाग की रामनवमी के सफल सम्पादन में रामनवमी संरक्षण समिति, रामनवमी महासमीति, सद्भावना विकास मंच सहित अन्य संगठनों का अतुलनीय योगदान रहा जिसके फलस्वरूप हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को शांतिपूर्ण व नशामुक्त मनाया गया। आगे उन्होंने कहा की रामनवमी संरक्षण समिति जुलूस के दौरान सक्रिय रहा जिसके कारण रामनवमी जुलूस पारंपरिक जुलूस मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचा। सम्मान समारोह के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की रामनवमी 2024 के शांतिपूर्ण समापन में उपायुक्त नैंसी सहाय पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह सहित जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी का अहम योगदान रहा और इन सब के साथ साथ हजारीबाग के लाखों रामभक्त व श्रद्धालुओं ने भी धार्मिक आस्था से सराबोर अपने सामाजिक कर्तव्यनिष्ठा का पालन किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, परमेश्वर प्रसाद मेहता , राजकुमार यादव, राजेश गोप, अजय साव, ओमप्रकाश गोप, मोहन कुमार, केदार कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला , लब्बू गुप्ता , अमरेश कुमार सिंह, अमरजीत कुमार सिन्हा सहित रामनवमी संरक्षण समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## बकरीद के पूर्व संध्या पर पुलिस प्रशासन का निकाला फ्लैग मार्च



बरही। रविवार की देर संध्या पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर बकरीद शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च बरही थाना से निकाल कर शहर के चारों प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया।जिसका नेतृत्व सीओ रामनारायण खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार आदि कर रहे थे। जिसमे बरही थाना के सभी पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे। सीओ रामनारायण खलखो ने बताया कि शांति और सौहार्द के साथ बकरीद संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। धार्मिक या सामाजिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।सामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने युवाओं या किसी को भी सोशल मीडिया पर अनर्गल अथवा भड़की बयान पोस्ट नही करने की अपील किया है।

# लचर बिजली व्यवस्था और अनियमित आपूर्ति को लेकर केरेडारी एकता मंच की बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड में अनियमित बिजली आपूर्ति व लचर बिजली व्यवस्था को लेकर सर्व दलीय बैठक केरेडारी मुख्य चौक स्थित दुर्गा मंडप परिसर में 16 जून को किया गया! बैठक की अध्यक्षता केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के लोचर गांव के कृषि विशेषज्ञ मीनू महतो ने किया! बैठक में कई बिंदुओं पर गहनता पूर्वक विचार किया गया! केरेडारी के लचर बिजली व्यवस्था में अविलंब सुधार लाया जाय! पगार में निर्मित एनटीपीसी के बिजली सब स्टेशन से केरेडारी प्रखंड को बिजली आपूर्ति किया जाय! बिजली की समस्या को लेकर एक आवेदन उपायुक्त हजारीबागसांसद विधायक व महाप्रबंधक केरेडारी कोल माइंस को देने पर सहमति बनी! तय समय सीमा के अंदर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सभी ग्रामीण मिलकर आर्थिक नाकाबंदी करेंगे! बैठक में भाजपा नेता बालेश्वर कुमार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता समेत अन्य ने बिजली की समस्या पर गहनता पूर्वक विचार रखे! बैठक में भाजपा नेता बालेश्वर कुमार उप प्रमुख अमेरिका महतो विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव समाजसेवी सीता राम कुशवाहा बैजनाथ महतो राम चरित्र राम रामकृष्ण राणा दुर्गा नारायण सिंह बसंत कुमार सरयू महतो गुड्डू शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे! 25

## कुंज बिहारी को प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर लोगों ने दी बधाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द निवासी कुंज बिहारी साव को लोकहित अधिकार पार्टी ने प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया है। कुंज बिहारी साव लोकहित अधिकार पार्टी से हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी भी रह चुके हैं। झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कुंज बिहारी साव पर विश्वास जताते हुए प्रदेश सचिव सह हजारीबाग जिला प्रभारी के पद पर मनोनीत किए हैं। उन्हें उम्मीद ही नहीं पूरे विश्वास है कि वह अपने पद को ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक निभाते हुए अपने पार्टी को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। साथ ही साथ पार्टी ने श्री साव पर उम्मीद जताई है कि उनके मानोनयन से पार्टी को और मजबूती मिलेगा। आगामी होने वाला विधानसभा चुनाव में इसका लाभ पार्टी को मिलेगा। प्रदेश सचिव सह जिला प्रभारी बनने पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से हरिनाथ साहू, रामविलास साव, धनेश्वर सिंह, महावीर सिंह, रवि कुमार, दिलीप महतो, सागर महतो, पवन ठाकुर, महावीर विश्वकर्मा, अशोक साहू, गणेश प्रसाद गुप्ता, दिलचंद यादव, बिरेंद्र साहू, उपेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, राम कुमार राणा, संतोष विश्वकर्मा, उमेश साव,अयोध्या साहू, शेखर साहू, लखविंदर ठाकुर, पवन ठाकुर, नंदू साहू, नंदलाल साहू सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के हजारीबाग जिला अध्यक्ष बनें नंदकिशोर मेहता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है जिसमें बड़कागांव प्रखंड के गंगादोहर निवासी नंदकिशोर मेहता को हजारीबाग जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस बाबत नंदकिशोर मेहता ने मुख्य संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, मंत्री कृष्ण मुरारी सह संयोजक कौशल किशोर जी एवं प्रदेश अध्यक्ष सुचित्रा सिंह को आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे मैं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत में बढ़ते हुए जनसंख्या को कैसे नियंत्रित किया जाए इसके लिए जागरुकता फैलाना है। वहीं कई लोगों ने नंदकिशोर मेहता के जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दिए हैं जिनमें मुख्य रूप से कृष्ण मुरारी, दीपक मेहता, सुमन सिंह, बीना मिश्रा, मनोज सिंह, रानी ठाकुर, आनंद सिंह, कौशल किशोर, सुरेंद्र सिंह, आचना महतो, पिंकी विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल हैं।

## सरकार ने बालू उठाव पर लगा रखा है रोक, कैसे होगा अबुआ आवास का निर्माण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**विष्णुगढ़।** एक कहावत तो आपने सुनी होगी की हाथी के दांत खाने के लिए कुछ और, दिखाने में कुछ और होते हैं। यह कहावत सटीक झारखंड सरकार पर साबित होती दिख रही है।यह बाते विष्णुगढ़ आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सरकार एक तरफ योजना अंतर्गत अबुआ आवास लाभुकों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिशा निर्देश देती है तो दूसरी तरफ बालू उठाव पर रोक लगा रखी है। इतना ही नहीं लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र की मांग की गई है,बिना जाति प्रमाण पत्र के दूसरी किस्त भेजने पर रोक लगा दी है, आगे कहा कि राज्य सरकार चुनावी लाभ लेने के लिए आनन -फानन मे आधी-अधूरी कागजात के साथ ही सरकार ने ग्राम सभा को दर किनार कर पंचायत प्रतिनिधियों को अपमान करते हुए अबुवा आवास की स्वीकृति कर दी और अभी लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र की मांगी जा रही है।जबकि वर्तमान समय में जाति प्रमाण पत्र बनाना कठिन हो गई है। कई लाभुक ऐसे हैं जो भूमिहीन हैं, जिन्हे आवास बनाने के लिए जमीन आवांटन किया गया है।उनकी जाति प्रमाण पत्र कैसे बनेगा,वही जिसका जाति प्रमाण पत्र बन गया और दूसरा किस्त उनके यहाँ आ भी जाएगा तो बालू के अभाव में अबुआ आवास का निर्माण कैसे होगा।एक तरफ सरकार का आदेश है कि आवास का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाय, वही दूसरी तरफ बालू उठाव पर रोक का आदेश जारी कर दिया गया है। सरकार की ऐसी नीति है कि सरकारी आदेश के बीच फसी गरीब जनता पीसी जा रही है। आने वाला समय मे झारखंड की जनता,सरकार से इसका हिसाब जरूर लेगी।

## सेवा सहयोग समिति ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# आप सभी लोग परिवार के सदस्य हैं, आप स्वस्थ रहें इसी दृष्टिकोण से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है:अजमेरा

- **कटकमदाग प्रखंड के विभिन्न पंचायत में किया जा रहा है स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**
- **शिविर में लगभग 425 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य जांच**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** सेवा सहयोग समिति की ओर से सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के सुल्ताना पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व के दिनों में कटकमदाग के अन्य दो पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा चुका है। कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में अगले 30 तारीख तक निरंतर रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात अन्य चरणों में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया जाएगा। ताकि संपूर्ण सदर विधानसभा क्षेत्र की आम जनता बेहतर स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो सकें। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत के गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से पंचायत के करीब 425 से भी अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सा जनरल फिजिशियन के रूप में मौजूद रहे। वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान आने वाले मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। साथ में ब्लड बीपी,शुगर, पल्स एवं वजन जांच निशुल्क किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर करीब 4:00 बजे तक निरंतर रूप से चलता रहा। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हमारे द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन निरंतर रूप से चलते रहेगा,यह आयोजन चार चरणों में किया जाएगा, जिसके पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। इसी के नियमित सुल्तान में रविवार को आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से महिलाओं को राहत मिल रहा है, आप सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि आप स्वस्थ रहें इसी दृष्टिकोण से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है।

## पूर्व विधायक ने किया होटल नील कमल फैंमली रेस्टोरेंट का उदघाटन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** एनएचटू स्थित दनुआ घाटी में होटल नील कमल फैंमली रेस्टोरेंट का उदघाटन पूर्व विधायक मनोज यादव ने रविवार को किया। यादव ने कहा इस रेस्टोरेंट को खुलने से जीटी रोड से गुजरने वालो को ठहरने में सुविधा मिलेगा। आत्मनिर्भर भारत व स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। होटल संचालक परमेश्वर यादव ने कहा यह रेस्टोरेंट आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन,पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान,परमेश्वर यादव,पप्पू यादव,जागुन यादव,प्रभु यादव,राजो यादव,अनिल यादव,संतोष यादव,शूकर भुइयां,सुबोध यादव,विशेष यादव,मनोज यादव,प्रमोद यादव,बैनाथ गंझू,बंशी यादव,बालो सिंह,राजू यादव,अशोक पासवान,रामवृक्ष यादव,विजय पासवान,जितेंद्र ठठेरा,गोपाल यादव सहित कई लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### केवाईसी कराने ससुराल आ रही महिला की दुर्घटना में हुई मौत

**चतरा।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रतापपुर मुख्य मार्ग स्थित राजधानी मोड़ के समीप घटे सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। मृतका बलूरी गांव के संदीप चंद्रवंशी की 28 वर्षीय पत्नी सरिता देवी है। दुर्घटना हाईवा वाहन के द्वारा चकमा देने के बाद अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल पलट जाने के कारण घटी। मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर पलटने के कारण महिला पत्थर पर गिर गई जिसके कारण सर गंभीर रूप से जख्मी हो गया घायल अवस्था में हंटरगंज अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई महिला की मौत से परिजन गहरे सदमे में डूबे हुए हैं। महिला सरिता देवी अपने मायके बाराचट्टी से अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से अपने ससुराल बलूरी गांव अपने राशन कार्ड का केवाईसी कराने के लिए आ रही थी। इसी दौरान घटना घटी।

### कॉलेज नेटवर्क ने उत्थान कैरियर मोटिवेशनल और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**गिरिडीह।** कॉलेज नेटवर्क ने उत्थान 2024 कैरियर मोटिवेशनल और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों की 12वीं परीक्षा में उनकी उत्कृष्टता को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने की शानदार पहल की है। यह विशेष कार्यक्रम एक होटल, गिरिडीह में आयोजित किया गया, जिसमें 40 छात्रों, उनके माता-पिता और 15 से अधिक प्रतिष्ठित शिक्षकों ने भाग लिया।इस मौके पर पुरस्कार और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान करते शिक्षक गण। इस समारोह का उद्घाटन कॉलेज नेटवर्क के संस्थापक सुजीत और मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अंकुर गिल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अंकुर गिल, जो एसवीआईईटी चंडीगढ़ के ऑपरेशन्स निदेशक, मोटिवेशनल स्पीकर और प्रसिद्ध लेखक हैं, ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा, छात्रों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए और सफलता की दिशा में अपने सपनों का पीछा करना चाहिए। जीवन में कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती, अगर हम अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित और दृढ़ निश्चयी होते हैं। शिक्षा ही वह साधन है जो हमें हमारे सपनों को साकार करने में मदद करता है। सुजीत ने अपने संबोधन में कहा, यह कार्यक्रम हमारी नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक छोटा सा कदम है। हम अपने छात्रों की मेहनत और समर्पण को सलाम करते हैं और उन्हें उनकी आगामी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## रजरप्पा पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल......

# सेवा और विकास होगी हमारी प्राथमिकता, आपसे सीधे होगा जुड़ाव, रहूंगा सुलभ उपलब्धः मनीष जायसवाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने चुनाव जितने के तुरंत बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में जनता का आभार जताने के लिए धन्यवाद यात्रा की शुरूआत की। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचंड मतों से चुनाव जीताकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के लिए मतदाताओं का आभार जाता रहे हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र के बाद रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपनी धन्यवाद यात्रा के साथ मनीष जायसवाल क्षेत्र में जनता के बीच दिखे। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकालने से पहले सांसद मनीष जायसवाल प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका का विशेष पूजा- अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्री जायसवाल ने पूजा- अर्चना के पश्चात रजरप्पा मंदिर धार्मिक न्यास समिति के पदाधिकारी और सदस्य छोटू पंडा, राकेश पंडा, पोपेश कुमार पंडा सहित अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा मां छिन्नमस्तिका मन्दिर का तस्वीर भेंटकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत और सम्मान किया गया। यहां सांसद श्री जायसवाल के साथ विशेषरूप से भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार कुण्टू, युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा महिला नेत्री सेफाली गुप्ता, प्रो. संजय सिंह, विजय जायसवाल, वसुध तिवारी, दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, राजू चतुर्वेदी, रंजन सिंह फौजी, गणेश प्रसाद, नरेश कुमार, बबलू साव, राजीव जायसवाल, प्रवीण कुमार, अंकित सिंह, राहुल पासवान, शेफाली गुप्ता, वासुदेव प्रजापति, राहुल पासवान, सोनू कुमार, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद लेकर रामगढ़ विधानसभा में निकाला धन्यवाद यात्रा, सांसद बनाने के लिए मतदाताओं का जताया आभार



### सांसद मनीष जायसवाल ने पीड़ित परिवार को दशकर्मा के लिए उपलब्ध कराया राशन

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत टिकरी टांड में हिरामन साव का आस्मिक निधन हो गया था स्थानीय कार्यकताओं के पहल व बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के प्रयास के बाद नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पीड़ित परिवार को दशकर्मा के लिए राशन में चावल, आटा, तेल, दाल व मसाला उपलब्ध कराया गया।



### गोला, बरलंगा, चितरपुर, दुलमी और रामगढ़ के कई क्षेत्रों का किया तुफानी दौरा, लोगों ने किया अभूतपूर्व स्वागत, मतदाताओं का जताया आभार

हजारीबाग। रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका का पूजा करने के उपरांत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला, बरलंगा, चितरपुर, दुलमी और रामगढ़ शहरी इलाके के कई क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत गोला संस्कार विद्यालय प्रांगण से की। जिसके बाद बरलंगा भाजपा मंडल के पुरबडीह, बड़वाटांड़, चितरपुर मंडल के चितरपुर बाजार टांड़, सुकरीगढ़ा, दुलमी भाजपा मंडल के कोरचे, अग्रवाल धर्मशाला परिसर और रामगढ़ शहरी क्षेत्र के डेली मार्केट में किसान मजदूर संघ के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह, रामगढ़ फुटपाथ दुकानदार संघ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भाग लिए। रविवार को उन्होंने अपने धन्यवाद यात्रा का समापन रामगढ़ के श्याम परिसर में आयोजित विशाल भीड़ का आभार जताते हुए किया। इस दौरान उनके साथ रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एनडीए के कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें। रामगढ़ में अपने धन्यवाद यात्रा के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की सेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और आगे भी जन भागीदारी से सेवा और विकास के कार्य में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से लगा रहूंगा। उन्होंने कहा कि आपसे सीधे कनेक्ट रहूंगा। मेरा मोबाइल नंबर 9431140323 सार्वजनिक है आप अपने जायज काम के लिए सीधे संपर्क साध सकते हैं। इसके अलावे हजारीबाग शहर में सांसद सेवा कार्यालय आपकी सेवा में सदैव तत्पर है और रहेगा। भविष्य में रामगढ़ जिला क्षेत्र के लोगों को सहूलियत हो इस दिशा में सकारात्मक प्रयास जरूर करूंगा। उन्होंने बीते लोकसभा चुनाव में विश्वास जताते हुए प्रचंड मत लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से प्रतिनिधित्व का मौका देने हेतु मतदाताओं का विशेष आभार जताया ।

## विकास पुरुष साबित होंगे काली चरण सिंह :जीतन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा के भाजपा समर्पित नेता जीतन राम ने चतरा लोक सभा की लोकप्रिय सांसद एवं अभिभावक काली चरण सिंह से मिलकर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जीतन राम नें कहा कि कालीचरण सिंह संघर्ष करने वाले नेताओं में से एक है । इनके नेतृत्व में चतरा लोकसभा का ऐतिहासिक विकास होगा । यह मेरा सौभाग्य है कि जिनके साथ लगातार 20 वर्षों से काम करते रहने का अनुभव प्राप्त हुआ एवं लगातार हमें मार्गदर्शक मिलते रहता है । ऐसे आदरणीय श्री कालीचरण सिंह जी से मिलकर बुके देकर स्वागत कर आशीर्वाद लिया ।

## प्रखंड के मड़मो ने साप्ताहिक शनिवार (हाट) बाजार का उद्घाटन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मड़मो पंचायत में दुगार्मंडप के समीप पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों के अथक प्रयास से साप्ताहिक शनिवार हाट (बाजार) लगाया गया। जिसका पंचायत मुखिया कुंती कुमारी, पसंस बहराम हांसदा ने फीता काटकर, नारियल फोड़कर एवं ढ़ोल नगाड़े के साथ हॉट का उद्घाटन किया।इस मौके पर मुखिया कुंती कुमारी ने कहा कि हमारे गाँव मे साप्ताहिक हॉट नहीं लगने के कारण लोग दूर दूर साप्ताहिक (बाजार) हाट के लिए खेतको औरा, इसरी, मुंगो के साथ अन्य हाट जाने पर मजबूर रहते थे। अब हमारे गांव में साप्ताहिक हाट लगने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। बाजार की शुरूआत होते ही हरा सब्जी, फल,राशन, कपड़ा, चौमिन,बीजा, लोहा सामग्री के साथ अन्य सामग्री की व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगाई,जिससे यहां के ग्रामीणों ने अपना जरूरत के सामानों की अच्छी खरीद बिक्री की।इस दौरान कैलाश महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा ,वार्ड सदस्य अर्जुन महतो, रेशमी देवी, घनश्याम महतो, सनीचर सोरेन,संजीत रवानी, बहराम मरांडी, अरविन्द सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विवेक पुस्तक भवन का उद्घाटन



चतरा मोड़ केबीएसएस उच्च विद्यालय के बगल में

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** चतरा मोड़ स्थित केबीएसएस प्लस 2 उच्च विद्यालय के बगल में विवेक पुस्तक भवन का उद्घाटन कानकुब्जय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, गणेश पांडेय रामगढ़, चय समिति अध्यक्ष सुरेश पांडेय, उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर पांडेय, पंसस नरेश पाण्डेयव, मंत्री यशवंत पांडेय व समाज के अन्य प्रबुद्धजनों ने मंत्रोच्चार व फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किताब की दुकानें खुलना ये दिखाता है कि लोग पढ़ाई की महत्ता को और बढ़ा रहे हैं। वहीं संचालक विवेक कुमार पांडेय ने कि हमारे यहां सभी विद्यालय एवं प्रकाशन की पुस्तकों के साथ ही सभी धार्मिक पुस्तक व स्टेशनरी की सभी सामग्री सुगमता एवं सही मूल्यों पर उपलब्ध है। हमारी कोशिश है कि हम ग्राहकों के सुविधाओं का पूर्णतः ध्यान रखें। मौके पर अश्वनी शर्मा, भोला पांडेय, श्यामानंद शर्मा इटखोरी, सुबोध सिंह, महादेव पांडेय, चन्दन गुप्ता, श्यामदेव पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

**किताब की दुकानें खुलना बताता है कि शिक्षा की महत्ता और बढ़ रही है: अमरेश गणक**

## महायज्ञ के अंतिम दिन भंडारे के साथ भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

# बाहर से आए कलाकारों ने भक्ति गानों पर श्रद्धालुओं को रात भर झुमाया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में श्री श्री 1008 श्रीमद् शिव हनुमत लला वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन भंडारे के साथ भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी तापेश्वर साहू ने किया। मौके पर अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू भी मौजूद थे। समिति की और से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर व तलवार भेट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम श्री महावीर भजन जागरण ग्रुप रसोइया धमना के द्वारा किया गया। जिसके संचालक गायक राजदेव बाबा व बाहर से आए कलाकारों ने रात भर श्रद्धालुओ को भक्ति गानों पर झूमने को मजबूर कर दिए। बीच



बीच में शानदार झांकी भी प्रस्तुत की गई। वहीं किसने सजाया तुमको मैया बड़ी प्यारी लगे बड़ा सोना लगे.., मन उदास हो तो एक काम किया करो, बजरंग बली का हर पल नाम लिया करो.....आदि गानों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ट समाजसेवी रामनारायण साहू, बासुदेव साहू, ग्राम अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, पूजा समिति की अध्यक्ष विकास साहू, रामप्रसाद साहू, भिखारी साहू, अर्जुन साहू, कैलाश साहू, रामावतार साहू, विशेश्वर साहू, बुधन साहू, रामखेलावन साहू, सुखदेव साहू, शिक्षक बीरेंद्र साहू, बिरजू साहू, मिथलेश साहू, बीरबल साहू, इंद्रदेव साहू, श्यामदेव साहू, पुरनदेव साहू, सत्येंद्र कुमार, महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, रोहित साहू, डेगलाल साहू, उपेंद्र साहू, चौरंगी कुमार, विजय साहू, सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार, शशि कुमार, नौरंगी कुमार, मुकेश कुमार,शंभू कुमार, कृष्ण कुमार, सोनू कुमार, मंटू कुमार समेत समस्त ग्रामीण लगे हुवे है।

## झुंड से बिछड़ा एकलौते हाथी ने बीती रात तलसवार में मचाया उत्पात, लोग दहशत में



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार-टिकरी टांड में बीती रात एकलौते हाथी ने जमकर उत्पाद मचाया। जिससे स्थानीय ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं तलसवार निवासी बिजेंद्र राणा के घर का दरवाजा उखाड़ दिया। बताते चलें कि शनिवार रात्रि को डुमारो जंगल से सिमरातरी के तलसवार आ पहुंचा। जहां पर कई खेतों को अपने चपेट में लिया। उसके बाद तलसवार के बाद टिकरी टांड गांव के किनारे होते हुए जंगल कि तरफ बढ़ा। वहीं इस दरम्यान स्थानीय ग्रामीण ढोल बाजे बजाते रहें। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग के लोगों द्वारा मदद का उम्मीद किया गया लेकिन किसी प्रकार कोई सहयोग नहीं मिला। वहीं इस मामले में वन विभाग के अधिकारीयों से संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## बकरीद त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**दारू।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवम् सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शफीक खान ने किया। बैठक में पुलिस प्रशासन के साथ स्थानीय समुदाय के लोग तथा विभिन्न धार्मिक समुदाय के लोगों मौजुद रहे। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार सामूहिक भाईचारे और शांति का प्रतीक है। उन्होंने त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुदाय के सदस्यों से सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी तरह का अफवाह ना फैलाएं और कोई ऐसा कार्य ना करें जिससे दूसरे धर्म के लोगो की धार्मिक अनुष्ठान पर ठेस पहुंचे। मौके पर एस आई मिठू मुर्मू, ए एस आई गणेश हासदा, अशोक प्रसाद, मोहम्मद जैनुल, राजेश प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, खागो महतो, परमेश्वर महतो, अयूब खान इत्यादि लोग मौजूद थे।



## कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का किया गया पुतला दहन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा ।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया, जिस तरह से ठएएळ वक्क 2024 की परीक्षा में पेपर लिक, ग्रेस मार्क, एक ही सेंटर से 8-8 छात्रों का टॉप करना। बिहार, रांची, हजारीबाग, गुजरात समेत देश के अन्य जगहों से लगातार छापेमारी के दौरान संदिग्ध वस्तुओं का मिलना जिससे ये साबित हो रहा है कि सत प्रतिशत बात सच्ची है कि परीक्षा में पेपर लीक हुई है और इस धांधली में राजनीतिक समीकरण की भी बु आ रही है, इन सब के बावजूद नव नियुक्त केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी के द्वारा कोई भी शख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिसके विरोध में आज कोडरमा जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशरफ अली के नेतृत्व में झुमरी तिलैया झंडा चौक पे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर के विरोध प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अनिल दास जी विधानसभा अध्यक्ष सद्दाम अंसारी जी, जिला उपधायच शोएब अख्तर, जिला उपाध्यक्ष संजय दास, सद्दाब आलम, जमाल अंसारी, सक्किब आलम,मनोज सिंह, मोहक कुमार,वाशिम अली, अफरीदी खान, अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीएमएफटी मद से अनुबंध आधारित बैडमिंटन कोच (प्रशिक्षक) के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन

# स्वास्थ्य,शिक्षा,महिला बाल विकास,कृषि तथा खेल के क्षेत्र में डीएमएफटी मद किए जा रहे है कई उल्लेखनीय कार्य

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** बैडमिंटन खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला डीएमएफटी मद से एक अनुभवी एवं योग्य एनआईएस (ठकर) कोच की संविदा आधारित अस्थाई नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। 15 जून को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में तीन अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। उप




विकास आयुक्त ने बताया कि हजारीबाग में खेल की असीम संभावनाएं है तथा विभिन्न खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी का चयन हजारीबाग जिले से हुआ है,इसलिए खेल के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से यह साक्षात्कार आयोजित किया गया है। अनुभवी प्रशिक्षक के होने से खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों को समझने में आसानी होगी और वें बेहतर खेल से जिले व राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे। चयन समिति के द्वारा निर्णयोपरांत एक प्रशिक्षक का चयन किया जाएगा। 15 फरवरी को डीएमएफटी की न्यास परिषद की बैठक ठकर कोच की नियुक्ति को लेकर यह निर्णय लिया गया था।

***स्थानीय खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण और माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया साक्षात्कार***

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सतगावां :-** थाना क्षेत्र अंतर्गत तमोरिया नदी से ग्राम जगनीडीह समीप रविवार को बिना चालान के अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे वाहन को पकड़ा गया। वहीं सूचना के अनुसार अंचलाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक एवं थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया उक्त स्थल पर पहुंचते हीं प्रशासन को देखकर बालू लदा ट्रैक्टर को चालक छोड़कर भाग गया। वहीं अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर सतगावां थाना में सुरक्षित लाया गया है। उक्त वाहन की चेचिस नंबर त्त्ह्वष्ठ 30605009799 एवं इंजन नंबर 39.1340स्त्र॥ह्5930 है। वहीं ट्रैक्टर में बालों की मात्रा 70 सीएफटी पाया गया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दिया गया है।
ज्ञात होगी राज में एनजीटी द्वारा अभी बालू उठाव बंद किया गया है।

# ऐतिहासिक छठ तालाब शिवसागर जीणोद्धार के संबंध में ज्ञापन

## प्रेयांशु कुमार ने महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**डोमचांच(कोडरमा) :** जिले के डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 में स्थित ऐतिहासिक छठ तालाब शिवसागर के जीणोद्धार के संबंध में अभियंता प्रेमांशु कुमार ने महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली में ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया। इस बारे में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आश्वस्त किया है कि जल्दी इस बारे में संबंधित विभाग को अग्रतर कार्रवाई के लिए विभाग को




निर्देश दिया जाएगा। बता दे कि इस तालाब का निर्माण ब्रिटिश शासन काल में एफ.एफ क्रिश्चियन के द्वारा किया गया थाद्य ऐतिहासिक शिवसागर छठ तालाब तालाब 52 एकड़ में फैला हुआ हैद्य इसी तालाब में शिवसागर,लेंगरापीपर, रुपनडीह, नावाडीह,मधुबन की महिलाएं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा करती है। वर्ष 1967 एवं 2018 में यह तालाब पूरी तरह सूख चुका था। वर्ष 2018 में तत्कालीन उपायुक्त कोडरमा रमेश घोलप के देखरेख में तालाब का गहरीकरण करवाया गया था। लेकिन बारिश आ जाने के चलते पूरी तरह से गहरीकरण नहीं हो सका। उसके बाद इस बार तालाब पूरी तरह सूख चुका है। अब देखना होगा की जिला प्रशासन इस ऐतिहासिक तालाब के लिए कितना सजग है।

## जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा :-** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक डंडाधिकारी कोडरमा अमित कुमार बैश, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, एसडीजेएम कोडरमा कंचन टोपनो एवं एलएडीसीएस के अधिवक्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर कैदियों को जानकारी देते हुए सीजेएम अमित कुमार वैस ने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। यहां से निकालकर समान नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। यहां से निकलने के उपरांत अपनी




गलतियों से सबक लेकर आप सभी आगे गलती न करने का प्रण ले। वही एलएडीसी ने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है ।

मौके पर बंदियो को बताया गया कि समय सीमा के अंदर यदि चार्जसीट पुलिस के द्वारा दाखिल नहीं किया जाता है तो आपको जमानत प्राप्त करने का अधिकार है । मौके पर वैसे दो बंदियों को चिन्हित भी किया गया। और उनको उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई। वही शिविर में उपस्थित अन्य बंदियों को भी उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई । जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे , वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। मौके पर ही यह भी जानकारी प्राप्त की गई कि वैसे कितने बंदी हैं जिनकी जमानत तो हो गई है लेकिन वह जमानतदार के अभाव में अभी तक बाहर नहीं जा सके हैं। साथ ही वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है , वैसे बंदियों से संबंधित भी जानकारी ली गई। मौके पर एलएडीसी के अधिवक्ता राजेंद्र मंडल, अरुण कुमार ओझा ।

## पतंजलि परिवार योग समिति की बैठक सम्पन्न,21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने पर हुई चर्चा

**झुमरीतिलैया :-** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में एक बैठक चिल्ड्रन पार्क ब्लॉक रोडमे सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया में 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाने को ले कर की गई।बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र मोदी के ने की। बैठक में मुख्य अतिथि योगाचार्य सुषमा सुमन उपस्थित थी बैठक का संचालन डॉ नीरज शाह कर रहे थे।सुषमा सुमन ने कहा कि दसवीं अंतर्राष्टीय योग दिवस महिला सशक्तिकरण 21 जून अंतर्राष्टीय योग दिवस होगी।

,इसलिए मातृशक्ति लोग घर-घर जाकर सभी लोगों को निमंत्रण देंगे और 21 जून को योग शिविर में आने के लिए प्रेरित करेंगे।पर्यावरण असंतुलित हो रही है उसके लिए पेड़ पौधा भी उस दिन निःशुल्क वितरण होगी। सुषमा सुमन ने आगे कहा कि हजारों की संख्या में



महिला लोग उपस्थित होंगे इसकी तैयारी व्यापक रूप से किया जा रहा है ,अंतर्राष्टीय योग दिवस के दिन में मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता होंगी।वहीं प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि 21 जून अंतर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम अच्छे ढंग से हो इसके लिए कमेटी बनाया गया। कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी और सचिव डॉक्टर नीरज शाह कोषाध्यक्ष राजेंद्र बरनवाल और संगठन सचिव संजय बरनवाल और उपाध्यक्ष सुरेश सिंह तथा कार्यकारणी सदस्य किशुन लाल साव, सुभाष गुप्ता विजय मोदी अनिल गुरु रणधीर साहू सतीश सिंह अजय कुमार विक्रम कुमार अशोक प्रसाद मोदी सहदेव प्रसाद वर्मा सीमा देवी संगीता देवी बबीता देवी सविता देवी ज्योति देवी नमिता बरनवाल उत्तम कुमार रामचंद्र यादव गोपाल शर्मा उपेंद्र दुबे सुभाष प्रसाद बरनवाल है।यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से होगा। जिसमें पतंजलि परिवार पतंजलि के योग शिक्षक, पतंजलि परिवार के सभी लोग घर-घर जाकर निमंत्रण देंगे।

# गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा होने के बाद ट्रेन में गूंजी किलकारी

**कोडरमा :-** ट्रेन में अपने पति के साथ गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा होने के बाद ट्रेन में बच्चों की किलकारी गूंजी है उत्तर प्रदेश के पितांबरपुर से कोडरमा तक कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस के जनरल कोच में अपने पति और सास के साथ यात्रा कर रही महिला को रविवार की सुबह 6:00 बजे के बाद अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई इसके बाद कोच में मौजूद महिला यात्रियों के सहयोग से महिला का सुरक्षित प्रसव ट्रेन के भीतर कराया गया ट्रेन में महिला का प्रसव

होने की जानकारी यात्रियों ने रेलवे की हेल्पलाइन नंबर पर दी जिसके बाद रेलवे कंट्रोल के द्वारा इसकी सूचना कोडरमा स्टेशन को दिया गया कोलकाता जम्मू तवी



एक्सप्रेस 8:00 बजे कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर रेलवे का डॉक्टर और रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की महिला आरक्षी के द्वारा महिला को अटेंड किया गया और सुरक्षित कोच से नीचे उतर गया इसके बाद रेलवे के चिकित्सक ने नवजात शिशु के जांच की जांच के दौरान चिकित्सक ने शिशु की स्थिति सामान्य बताया और उसे बेहतर चिकित्सा के सुविधा के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी यात्री आरिफ खान ने बताया कि पितांबरपुर से कोडरमा तक यात्रा के लिए बाद शनिवार के दिन करीब 12:00 बजे कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस में सवार हुए थे उन्होंने बताया कि उन्हें कोडरमा स्टेशन में उतरने के बाद गिरिडीह जिले में स्थित खोरी महुआ में अपने ससुराल जाना था और रविवार की सुबह 6:00 बजे के आसपास ट्रेन के गया जंक्शन पास करने के उपरांत उनकी पत्नी सफीना खातून को परसों पीड़ा शुरू हो गई इसके बाद उसने महिला यात्रियों के सहयोग से ट्रेन में शिशु को जन्म दिया इसके बाद यात्रा में से नया अपडेट लेकर बच्चों के पिता ने शिशु का गर्भनाल काटा वही महिला सफुना खातून ने बताया कि वह 6 महीने की गर्भवती थी.।

## गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान करने से सात जन्मों के पापों से मुक्ति मिल जाती हैः- आचार्य अधीन पांडेय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मरकच्चो :-** हिन्दू सनातन धर्म में नदियों का विशेष महत्व है। गंगा, यमुना समेत अन्य नदियों की पूजा देवी के रूप में की जाती है। इसमें गंगा माता का विशेष महत्व है। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मरकच्चो के पुजारी आचार्य अधीन पांडे बताते हैं कि माता गंगा में स्नान करने से सारे पाप कट जाते है। माता गंगा के अवतरण दिवस यानी गंगा दशहरा के दिन इसका महत्व और भी बढ जाता है। इस बार 16 जून को गंगा दशहरा का पर्व मनाया गया।उन्होंने ने बताया कि माता गंगा मोक्ष दायिनी है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान करने से सात जन्मों के पापों से मुक्ति मिल जाती है।सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मरकच्चो के पुजारी आचार्य अधीन पांडे बताते हैं कि माता गंगा में स्नान करने से सारे पाप कट जाते है।इस दिन गंगा स्नान के दौरान हर हर गंगा मईया कहकर तीन या पांच बार गंगा में डुबकी जरूर लगानी चाहिए। इसके अलावा इस दिन गंगा में दीपदान का भी विशेष महत्व है।गंगा स्नान के बाद इस दिन गरीब और जरूरतमंदों को अन्न और जल का दान जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से न सिर्फ पापों का खात्मा होता है बल्कि अनन्त पुण्य की प्राप्ति भी होती है। उन्होंने यह भी बताया कि धार्मिक कथाओं के मुताबिक, राजा सगर के पुत्रों के उद्धार के लिए गंगा दशहरा के दिन ही माता गंगा भगवान शिव के जटाओं से पृथ्वी पर उतरी थी। पृथ्वी पर उतरने के साथ ही भगीरथ के सभी पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी।
यही कारण है कि इस दिन मोक्षदायिनी गंगा में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। गंगा के सभी घाटों पर इस दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड होती है।

# डीएवी कोडरमा में बच्चों ने फादर्स डे पर पिता को दिया सम्मान

**झुमरीतिलैया :-** डीएवी पब्लिक स्कूल में फादर्स डे के अवसर पर बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने -अपने पिता को सम्मानित किया। उन्होंने कार्ड एवं गिफ्ट देकर उनके प्रति सम्मान जताया। इस अवसर पर कृष्णा गुप्ता,अंशिका राज, आराध्या सामंत रौनित मोदी आरोही गौरव, आन्या माही, दिशांत कुमार ,अर्विता राज , आयरा आबिद ,जयदीप ,भूमि कुमारी कृष्णा प्रसाद ,राजदीप, सक्षम कुमार ,श्रावणी , उज्वल, दृष्या कुमारी ,प्रियांशु राज ,दिया कुमारी ,आयुष्मान सामंत ,दर्शित तिवारी ,संगिनी मोदी , अवनी सिन्हा,सिमरन कौर ,अराधक राज,रौनित गुप्ता, कुमुद सिंह तनु सोनकर ने सुंदर गीत, कविता, नृत्य कार्ड एवं पोस्टर बनाकर पिता के प्रति सम्मान जताया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने फादर्स डे पर सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फादर्स डे पिता और संतान के बंधनो के उत्सव के दिन को सेलिब्रेट करने का दिन होता है। यह



सम्मान के साथ-साथ समाज में पिता के प्रभाव का भी उत्सव है। यह प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे शनिवार को मनाया जाता है इस दिन सभी बच्चे अपने-अपने पिता को ग्रीटिंग कार्ड, गिफ्ट ,सम्मान तथा प्यार देकर उत्सव मनाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को ज्यादातर मां के साथ तथा मां को बच्चों के साथ वक्त बिताने का मौका मिलता है। पिता को बच्चों के साथ तथा बच्चों को पिता के साथ प्यार जताने का वक्त कम ही मिलता है ऐसे में पिता भले ही बच्चों के लिए अपनी जान लगाकर सब कुछ कर रहे हों परंतु उनके काम का मोल सभी बच्चों को बड़े होने के बाद ही समझ में आता है। हमें अपने पिता को भरपूर सम्मान देना चाहिए ।पिता कभी भी अपनी संतान का अहित नहीं चाहते हैं। हमेशा बच्चों के उज्वल भविष्य एवं कल्याण के लिए दिन -रात ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। नसीब वाले वही लोग होते हैं जिसके सिर पर पिता का हाथ होता है। हमें फादर्स डे पर ही नहीं बल्कि हमेशा अपने माता-पिता , बड़े बुजुर्गों एवं गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। कभी भी उनका दिल नहीं दुखाना चाहिए।

## एक-नजर

### सेवानिवृत शिक्षिका सीता सुंदरी का निधन, पेंशनर समाज ने जताया शोक

**कोडरमा :-** सेवानिवृत्त शिक्षिका सीता सुंदरी कुमारी का सदर अस्पताल कोडरमा में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर जिला पेंशनर समाज ने गहरा शोक जताया है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कोडरमा कारा में जाकर कैदियों को पढाने का काम किया था और पेंशनर समाज कोडरमा के उपाध्यक्ष के पद को भी सुशोभित किया। वह एक सामाजिक महिला थीं। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। निधन पर शोक जताने वालों में पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, सचिव नारायण सिंह, रामनरेश चौधरी, सुभाष शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद मोदी, सावित्री देवी, चंद्रिका प्रसाद, सहदेव प्रसाद, राजेंद्र सिंह, महेश्वर सिंह, भोला चौधरी, सीता प्रसाद, दिनेश प्रसाद सिंह, गौरी सहाना, उमेश प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, बलदेव मोदी, दुर्गावती सहाय, देवराज सिंह, राजकुमार सिंह शामिल हैं।

### शव के साथ ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, मुआवजे की मांग



**कोडरमा** थाना अंतर्गत लखीबागी में रविवार को ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में मारे गए युवक के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। पटना रांची रोड को जाम किये जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी।वहीं यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा।शनिवार देर शाम लोचनपुर पुल के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। युवक उपेंद्र कुमार रजक ( 25 ) लोचनपुर लखीबागी का निवासी था।

घटना के बाद रविवार को कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इधर परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दिया। जाम में सैंकड़ों वाहन कई घण्टे तक फंसे रहे। बाद में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और थाना प्रभारी सुजीत कुमार के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया।

### अखंड जप,दीप महायज्ञ बड़े ही धूमधाम से हुआ हवन यज्ञ पूजन

**डोमचांच :-** प्रखंड में 9 स्थानों पर गंगा दशहरा ,गायत्री जयंती और गुरूदेव (प0 श्री राम शर्मा आचार्य) के महाप्रयाण दिवस पर आज 10 घंटे का अखंड जप तत्पश्चात दीप महायज्ञ और बड़े ही धूमधाम से हवन यज्ञ पूजन हुआ।जैसा कि सभी जानते हैं आज ही के दिन राजा भगीरथ के कठिन तप के बाद धरती पर पतित पावनी माँ गंगा को धरती पर अवतरित किए।वहीं आज के ही दिन माँ गायत्री विश्व मानव के जीवन को उद्धार के लिए अवतरित हुई।गायत्री के सिद्ध साधक आज ही के दिन 34 वर्ष पूर्व सुनियोजित 80 वर्ष की यात्रा समाप्त कर अपनी स्थूल काया को अपने ही द्वारा निर्मित सजलश्रद्धा - प्रखरप्रज्ञा नामक स्मारकों के समक्ष पार्थिव शरीर को अग्नि को समर्पित कर सूर्य में एकाकार हो गए। हम सभी बच्चों के लिए गुरुदेव ने कहा बेटा कोई तुमसे अगर ये कहे,तुम्हारे गुरुजी से बड़ा कोई ज्ञानी है,तो मान लेना यदिकोई कहे , तुम्हारे गुरु से बड़ा तपस्वी और सिद्ध-समर्थ है तो भी मान लेना,पर यदि कोई ये कहे,तुम्हारे गुरु से ज्यादा प्यार करने वाला कोई है, तो बेटा कभी नहीं मानना,मेरा प्यार हमेशा तुम बच्चों के लिए रहेगा।

गुरुदेव के द्वारा लिखित गीत माताजी ने हम सभी के लिए गाया - तुम न घबराओ , न आँसू ही बहाओ अब,और कोई हो न हो , पर मैं तुम्हारा हूँ ।मैं तुम्हारे घाव धो , मरहम लगाऊंगा,मैं खुशी के गीत गा-गाकर सुनाउँगा ।

इस विश्व वसुधा के समाधान के लिए गुरुदेव के अंग-अवयव पूरे विश्व में फैले गायत्री साधकों के द्वारा आज गुरुदेव द्वारा लिखित साहित्य को सुलभ करा रहे हैं और समाधान भी पा रहे हैं सभी समस्याओं का समाधान 3200 से अधिक साहित्य उन्होंने समाज के लिखे।

आज के समय में यों भी कहना गलत नहीं होगा कि पूरे विश्व में एक व्यक्ति इतना साहित्य सभी समस्या के समाधान के सर्वसुलभ किए ,आज उनके लिखित पुस्तकों पर लोग पीएचडी कर रहे हैं। कल निर्मला एकादशी व्रत डोमचांच गायत्री मंदिर में संपन्न किया जाएगा।मौके पर रेखा यादव, राजकुमार मेहता, शिव कुमार वर्णवाल,सीताराम मेहता, ओमप्रकाश विश्वकर्मा,रामस्वरूप विश्वकर्मा,कार्तिक पंडित,महेश वर्णवाल,सूरज गुप्ता कई श्रद्धालु की सक्रीय भूमिका रही।

### सभी इंडिया गठबंधन दल के नेता बीते लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी

**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार आप सभी इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सीपीआई, एमएल, आम आदमी एवं सभी गठबंधन के घटक दल को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18/6/24 को समय 10:00 दिन झुमरी तिलैया ब्लॉक रोड साहू धर्मशाला में बीते लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में इंडिया गठबंधन के तहत सभी जिला अध्यक्ष/सचिव प्रखंड अध्यक्ष/सचिव 20 सूत्री अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी केंद्रीय समिति सदस्य पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य जिला के सभी पदाधिकारी गण पूर्व जिला पदाधिकारी गण जिला युवा मोर्चा छात्र मोर्चा महिला मोर्चा किसान मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं बुद्धिजीवी मोर्चा के पदाधिकारी गण एवं इंडिया गठबंधन के सभी पदाधिकारी को समीक्षा बैठक में आमंत्रित की जाती है समय को ध्यान में रखते हुए समीक्षा बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य समझेंगे ताकि समीक्षा बैठक की रिपोर्ट समय पर केंद्रीय कार्यालय को समर्पित किया जा सके इसे अति आवश्यक समझे। इस संबंध में पूछे जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि इसकी प्रतिलिपि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति रांची को प्रेषित किया गया।

### मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान के साथ-साथ विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान

**कोडरमा** धनबाद मंडल में बडे पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है 7 इसी क्रम में दिनांक 15.06.24 को धनबाद- चन्द्रपुरा- कोडरमा खण्ड में मजिस्ट्रेट महोदय की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई 7 इस जांच अभियान में कुल 1534 यात्रियों को पकडा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे 7 इस दौरान उनसे 07 लाख 77 हार 620 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कडी हिदायत दी गई 7 चेकिंग अभियान में 172 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था 7 चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया 7 इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

## एमएमसीएच परिसर में सक्रीय बिचौलियों के विरुद्ध कडी कार्रवाई करने के निर्देश दिये

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रायः ऐसी शिकायतें मिल रही है कि एमएमसीएच या अन्य सरकारी हॉस्पिटल में इलाज कराने आनेवाले मरीजों को एमएमसीएच के आसपास सक्रीय बिचौलियों द्वारानिजी हॉस्पिटल में इलाज हेतु जाने के लिये प्रेरित कर रहें हैं इस कार्य को किसी किमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी।इसके अलावे अगर इस कार्य में कोई सरकारी डॉक्टर की भूमिका पायी गयी तो उनके विरुद्ध भी सीधी कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने डीडीसी को एमएमसीएच में कार्यरत चिकित्सकों का रोस्टर बनाने,कौन होम गार्ड की तैनाती कहाँ है इसका आकलन करने के निर्देश दिये।उन्होंने पीएम-एबीएचआईएम एवं 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे निर्माण की भी समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने कहा कि तय समय सिमा के अनुसार जो संवेदक कार्य पूर्ण नहीं किया है उसे ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई करने की बात कही।उन्होंने नगर आयुक्त को सभी पुराने भवनों को डीमोलिश करने की बात कही।

**लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्रीन हॉस्पिटल के रूप में डेवलप करने के निर्देश**

बैठक में उन्होंने विभिन्न बिंदुओं को लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्रीन हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करने की बात कही।उन्होंने कहा कि पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सोलर आधारित एनर्जी पर क्रियान्वित किया जासके इसके लिये योजना बनाएं।

**आयुष्मान का कवरेज बढाने के निर्देश**

उन्होंने सिविल सर्जन व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर को जिले में आयुषमान भारत का कवरेज ब?ाने की दिशा में योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही।इसी तरह उन्होंने डॉक्टर मैनेजमेंट सेल,एचआर सेल,प्रशिक्षण सेल,स्टोर सेल,मशीनरी सेल,वैक्सीनेशन सेल,पीएसए प्लांट सेल,आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया।मौके पर उप विकास आयुक्त,नगर आयुक्त,सिविल सर्जन समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी समेत अन्य उपस्थित रहे।.

# सीखना और सीखना प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य है : मदन केशरी




**गढवा (उज्ज्वल दुनिया)।** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का द्वितीय चरण संपन्न। शिक्षक के लिए अपने विद्यार्थियों को प्रभावित ढंग से जानना,समझना और उनका विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई गाइड लाइन के आलोक में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का दूसरा चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दूसरी ओर विद्या की देवी माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरुआत किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को ऐसी तकनीक और आधुनिक शिक्षा रणनीतियों से लैश करता है जो उन्हें अपने छात्रों से बेहतर तरीके से जुने उन्हें प्रबंधित करने और उन्हें पाने में मदद करती है। मंच का संचालन खुर्शीद आलम तथा स्वागत भाषण उप्राचार्य बसंत ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक मुकेश कुमार भारती,वीरेंद्र साह, सुनीता कुमारी, रिया सिंह,शिवानी कुमारी,रिजवाना शाहीन, सीमा श्रीवास्तव तथा प्रोजेक्टर मैनेजमेंट श्रेया आनंद वहीं अन्य शिक्षकवृन्दो मुख्य रूप से उपस्थित रहें।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# शहर के तालाब, आहर, पोखर के अतिक्रमण से ही पेयजल संकट गहराया है - आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर** जलस्तर को संरक्षित करने के लिए शहर के सभी तालाब,आहर, पोखरा को बचाने की आवश्यकता है। हमारे मेदिनीनगर नगर निगम के अन्तर्गत पड़ने वाले लगभग सभी पैराणिक पेयजल संचय श्रौत जैसे आहर, पोखर, तालाब, कुआँ का अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके वजह से हमारे यहा आज भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो चुका है । वर्तमान परिपेक्ष्य में जलसंकट झेल रहे शहरवासियों को आने वाले समय में इस बड़ी विपदा से बचाने के लिए अभी से कार्य करना होगा । शासन, प्रशासन से अनुरोध है की जल्द से जल्द ऐसे सभी जलश्रोतों को अतिक्रमणमुक्त करवाये। पौधारोपण व जल सोख्ता के लिए खुद से सचेत रहने की जरुरत है वरना इससे बड़ी विपदा आने को है। उक्त बातें पानी यात्रा के पांचवें दिन आशीष भारद्वाज ने कहा। श्री भारद्वाज ने बताया कि निगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट आने वाले समय में भयावह रुप लेने वाला है।इस संकट से निपटने के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण व सोख्ता निर्माण कार्य होगा तब जाकर स्थायी समाधान होगा। पानी यात्रा के पांचवें दिन युवाओं की टोली हाउसिंग कॉलोनी, सत्संग भवन, आंसिक बारलोटा व आंसिक बैरिया क्षेत्र में पहुँचकर हस्ताक्षर सह जन-जागरण अभियान चलाया।आज की यात्रा में आशा शर्मा, संध्या शेखर, वैजन्ती जी, वीणा जी, वंदना श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, राजकुमार रवि, रजनीश सिंह, बबलू चावला, साहेब जी नामधारी,चंदन तिवारी,मनीष तिवारी,संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, चंद्रकांत सिंह, अंकित शुक्ला आरंभ, अविनाश पांडेय, रोशन तिवारी, आकाश विश्वकर्मा,राहुल गुप्ता, गोलू, धीरू, नवनीत मेहता, रोशन पाठक, अजय यादव, माही कुमारी, ऋतु गुप्ता, कुंदन पांडेय, उज्ज्वल कुमार, दीपू उपाध्याय, प्रकाश विश्वकर्मा, बिट्टू दूबे, मधुकर शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, संजीत तिवारी, गोलू दूबे ।

# उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने समाहरणालय के सभागार में शनिवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम सभी बीडीओ/सीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत पेयजल की समस्या को लेकर बैठक करने व पेयजल की समस्या को कैसे दूर किया जाये इसको लेकर पेयजल विभाग से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए समस्या का निराकरण करने की बात कही।इसके बाद उन्होंने एसवीएस,एमवीएस की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को उनके क्षेत्र अंतर्गत पेयजल की संचालित योजनाओं में आ रही समस्या की जांच कर उचित समाधान करने की बात कही।बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्त्रोतों की स्थिति,पानी टंकी की स्थिति,मरम्मत कार्य आदि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक उचित दिशा निर्देश दिए।प्रखंड वार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस दौरान उन्होंने अधिकाधिक ओडीएफ प्लस संरचनाओं यथा समुदायिक सोकपिट,कंपोस्ट पिट,ट्रेंच निर्माण, बेहतर स्वच्छता प्रबंधन करने की दिशा में सभी को कार्य करने का निर्देश दिया।इसी तरह उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किया जा रहे हैं कार्यों के प्रगति की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने ऑडियो प्लस अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुएओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया।उन्होंने सभी बीडीओ को आगामी मॉनसून के मद्देनजर उनके क्षेत्र में दस-दस ह?ार पौधे लगाने की बात कही।मौके पर उप विकास आयुक्त,नगर आयुक्त,हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, विभाग के समन्वयक व अभियंता समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त के निर्देश पर अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया गया अभियान



**मेदिनीनगर** (उज्ज्वल दुनिया)। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर 14 जून की रात्रि में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया।इस दौरान वाहनों को हरिहरगंज थाना परिसर में जब्त कर रखा गया एवं सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया।जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के विरुद्ध लगातार चलाया जायेगा।मौके पर अन्य लोग मौजूद रहे।

# गरीब अशिक्षित हरिजन परिवार को जेल भेजने की धमकी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गढ़वा** (उज्ज्वल दुनिया)ङ्कगढ़वा जिला के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदरमाना पुलिस पिकेट से बिचौलिए के माध्यम से गरीब हरिजन से बीस हजार रुपये लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बीते कुछ दिनों पहले नाबालिक लडका-लडकी को पुलिस के द्वारा पकड़ कर लाया गया था। लडका झारखंड के भंडरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था जबकि लडकी छत्तीसगड़ के रामानुजगंज की रहने वाली थी दोनो के परिजनों को बुलाया गया था, जिसमें लडके के परिजन से डरा धमका कर मामला दबाने के नाम पर बीस हजार रुपये गोदरमाना पिकेट के बिचौलिया के माध्यम से लिया गया। मामले की खुलासा भुक्तभोगी नाबालिक ल?के का पिता राजकिशोर राम ने खुद किया, उन्होंने बताया कि जब 10 हजार दे रहा था तो बोला कम से कम 20 हजार देना होगा साहू कार से 10त्न(दस प्रतिशत) ब्याज दर पर लेकर डर से बिचौलिया के माध्यम से दिया। जब में इसका विरोध करने लगा तो मेरे घर आकर डरवाने लगे हमे समझ नही आ रहा है क्या करू क्या नहीं करू बोल रहे की मीडिया लोगो के सामने अपने बातो को क्यों रखा हमे न्याय चाहिए।रंका पुलिस अनुमडलीय पदाधिकारी रोहित कुमार से पूरे मामले की बात करने पर बताया कि जांच कर कार्यवाही किया जाएगा।

# डंडई में नाली नहीं बनने से बरसात आते ही घरों में घुसेगा पानी, ग्रामीण चिंतित



**डंडई** प्रखंड मुख्यालय के लवाही मोड़ से थाना रोड को जाने वाली सड़क के किनारे निवास करने वाले लोगों के घरों में बरसात आते ही सड़क पर से घर में पानी घुसने लगेगा । कारण की करोड़ों रुपए की लागत से संवेदक के द्वारा तो सड़क बना दिया गया लेकिन सड़क के दोनों तरफ फ्लैंक भरना और नाली बनाना भूल गए। सड़क बनने से अधिकतर लोगों का घर सड़क से नीचे हो गया है। ऐसे में बरसात आते ही वारिस के दिनों में सड़क पर से प्रत्येक घरों में आसानी से पानी घुसने लगेगा। भले ही इसका अंदाजा संवेदक को नहीं है पर लोग इन दिनों नाली की निर्माण को लेकर चर्चा कर रहे हैं और विरोध भी जता रहे हैं। ग्रामीण अशोक प्रसाद अनिल प्रसाद नागेंद्र प्रजापति सहित अन्य ने बताया कि वारिस के दिन में पानी सभी घरों में घुसना लाजिम है। रोड के संवेदक के मनमानी के कारण सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण नहीं कराया गया। जिसका खामियां सड़क के किनारे बसे लोगों को भुगतना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क संवेदक जितेंद्र कुमार सिंह मनमाने तरीके से सड़क का निर्माण का कार्य किये हैं । वहीं नाली का निर्माण भी जहां होनी चाहिए वहां नहीं बनाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नाली का निर्माण को लेकर उन्हें बोल बोल कर हम लोग थक गए हैं। यदि बरसात के पहले पीसीसी सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि पीसीसी सड़क के दोनों तरफ संवेदक के द्वारा फ्लैंक भी नहीं भरा गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण करने की मांग किया है। मामले में सड़क के संवेदक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कुछ लोग नाली का निर्माण करने के लिए जमीन खाली नहीं कर रहे थे जिस कारण नाली का निर्माण नहीं हो सका है।.

## एक-नजर

### डालसा ने सदर अस्पताल में बांटे पानी व ओआरएस

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को सदर अस्पताल में भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों के बीच पानी और ओआरएस का वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलभी मुनेश्वर राम व भागीरथी दुबे ने 75 लोगों को शुद्ध पानी व ओआरएस के पैकेट दिये। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू में काफी गर्मी प रही है जिससे यहां का टेंपरेचर 45 डिग्री के पार रह रहा है। लोगों को सुरक्षित व स्वस्थ रहने के लिए डालसा की ओर से शुद्ध पेयजल व ओआरएस का पैकेट वितरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।

### जिले के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी थाने/शस्त्रागार से ले सकेंगे अपना शस्त्र

**मेदिनीनगर** जिले में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के पश्चात आदर्श आचार संहिता समाप्ति की घोषणा के फलस्वरुप पलामू जिले में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञप्ति पर आधारित शस्त्रों को स्थानीय थाने व शस्त्रागार दुकान में जमा शस्त्र को मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है।अतः सभी अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र को स्थनीय थाना/शस्त्रागार दुकान से प्राप्त कर लें।

ज्ञातव्य है कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करने के उद्देश्य से सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से उनके शस्त्र को स्थानीय थाने या शस्त्रागार में जमा करवाया गया था।

### बच्ची पैदा होने से नाराज पति ने पत्नी को पीटा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** तरहसी थाना क्षेत्र के भडरी गांव निवासी गुड्डू प्रसाद ने अपनी पत्नी काजल कुमारी को शनिवार की सुबह पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल काजल कुमारी ने बताया कि पांच दिन पहले उसके घर में एक बच्ची का जन्म हुआ था। बच्ची जन्म लेने पर उसका पति गुड्डू नाराज होकर उसी दिन से ही उसे प्रताति करता रहता है। महिला ने बताया कि शनिवार की सुबह बच्ची को लेकर हमारे और गुड्डू के बीच झगा हो गया। इस बीच गुड्डू ने हमें लाठी से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर महिला के माता-पिता जब वहां पहुंचे तो गुड्डू और उसके परिजनों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद माता-पिता घायल काजल कुमारी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वही इस घटना के बाद काजल अपने पति के खिलाफ मारपीट करने का मामला मेदिनीनगर महिला थाना में दर्ज कराया है। मामला दर्ज होने के बाद से महिला थाना की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### बोकारो के व्यक्ति का छतरपुर में मिला शव

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के रुदुवा में लक्ष्मीढ़ाबा के समीप एनएच 98 मुख्यपथ पर एक शव मिला है। शव को 108 एबुलेंस ने छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद छतरपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि मृत व्यक्ति के पास से आधार कार्ड और मोबाइल मिला है। आधार कार्ड में नाम विष्णु शंकर सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष पिता कामेश्वर सिंह, कैंप2, बीएससीटी, सेक्टर 12, बोकारो का पता है। उन्होंने बताया कि मृत व्यक्ति के पास से जो मोबाइल मिला है उससे मृत के परिजन से बात हुई है। परिजन के आने के बाद ही विशेष जानकारी लेकर आगे की करवाई की जएगी।

### पडोसी से दुष्कर्म का आरोपी कमारू गांव से गिरफ्तार

**सतबरवा (उज्ज्वल दुनिया)।** घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोपी को कमारु गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। पलामू जिले के सतबरवा थाना की पुलिस ने पीडिता के बयान पर प्राथमिकी कर कार्रवाई की है। प्राथमिकी के अनुसार बीते मंगलवार को बकोरिया पंचायत का युवक अपने गांव के ही युवती के घर में घुसकर सोए अवस्था में दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था।

युवती के शोर मचाने पर आरोपी ने उसके मुंह को दुपट्टा से बंद कर दिया था। साथ ही भागने से पूर्व इससे भी बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी है। भुक्तभोगी युवती ने परिजनों को जानकारी दी, इसके बाद सतबरवा थाना की पुलिस को जानकारी दी गई।

थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि युवती का कोर्ट में बयान दर्ज करा दिया गया है। सतबरवा थाना कांड संख्या 66६2024 के तहत 13६06६24 को प्राथमिकी कर 19 वर्षीय आरोपी आशीष राम को सतबरवा थाना के कमारू गांव से गिरफ्तार किया गया है।

### पुल के नीचे मिला शव हत्या है आत्महत्या गोदरमाना।

**गोदरमाना(उज्ज्वल दुनिया)**ङ्क गढ़वा जिला के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना कनहर नद में पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का मृत शरीर ग्रामीणों के द्वारा देखा गया जिसके पश्चात तत्काल ही गोदरमाना पिकेट प्रभारी को सूचना दिया गया जिसके तत्पचात् प्रशासन वहाँ पर आया और लोगों से बातचित की पर मृत शरीर का पहचान नहीं हो पाया फिर जब मृतक पौकिट चेक किया गया तो एक जियो का फोन मिल जिससे काल करने पर उसका परिवार का पता लगाया गया वह व्यक्ति का नाम धनेस्व सिंह था जो की शिवपुर चिनिया छत्तीसगढ़ का निवासी था जो की अपना ससुराल बघवार गय हुआ था और वापस अपने घर जा रहा था ईसी बीच यह घटना घटा उसका मृत्यु का क्या कारण है इसका पता नई चल पाया है उसका मृत शरीर को प्रशासन के द्वारा पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### पिकअप और टेंपो के टक्कर में बच्ची की घटना स्थल पर मौत

**गढवा (उज्ज्वल दुनिया)** रंका एन एच 343 पर लोटो के समीप पिकअप और टेम्पू के टक्कर एक बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच व्यक्ति घायल हो गए सभी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है मृतक ग?वा थाना के क्षेत्र के लोटो गांव निवासी राजू साव 10 वर्ष पुत्री अनुष्का कुमारी बताया गया । घायलों में अनुष्का के मा रीमा देवी, पचप?वा निवासी टेम्पू चालक दिलीप कुमार,एंव चंदन कुशवाहा का नाम शामिल है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सभी कोई टेंपो पर सवार होकर गढ़वा आ रहे थे इसी बीच लोटो के समिप सामने से आ रहा पिकप जोरदार टक्कर मार दिया जिससे कि एक 10 वर्ष से बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गए जबकि आसपास के सहयोग से सभी घायलों को उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### ट्रैक्टर का टायर फटने से सब्जी बेच रहे युवक की घटना स्थल में मौत।

**गढवा(उज्ज्वल दुनिया)**मेराल एन एच 75 पर रविवार की 5 बजे शाम लगमा स्टैंड के समय ट्रैक्टर के टायर फटने से सब्जी बेच रहा है एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।मृतक मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी कुलदीप मेहता का 22 वर्ष से पुत्र आकाश कुमार मेहता बताया गया घटना के संबंध में बताया गया कि वह रोज की भांति लगमा बस स्टैंड में सब्जी बैठकर बेच रहा था। इसी बीच ट्रैक्टर वहां से गुजर रहा था अचानक ट्रैक्टर का टायर फट गया जिससे रिम से उसके छाती में गहरा चोट लग गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। आसपास के लोगों ने उठकर सदर अस्पताल में लाया। पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर रही है ।

# संपादकीय

## नीट की परीक्षा, हजारों करोड़ रुपए की अवैध कमाई का जरिया

नीट 2024 की परीक्षा में लगभग 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। चिकित्सा शिक्षा को लेकर पिछले कई वर्षों से युवाओं में क्रेज बना हुआ है। दसवीं पास करने के बाद युवा अपने करियर बनाने को लेकर नीट और जेईई मेंन्स जैसे प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षा देने की तैयारी शुरू कर देते हैं। इसके लिए 16 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बच्चे कोचिंग ज्वाइन करते हैं। बच्चों के माता-पिता कोचिंग संस्थानों को लाखों रुपया प्रतिवर्ष फीस के रूप में देते हैं। जो बच्चे उपरोक्त कोर्स की तैयारी करते हैं, वो दिन-रात पढ़ाई करते हैं। उनका लक्ष्य बड़ा होता है। वह इस प्रतिस्पर्धा के युग में सीमित सीटों पर अपना स्थान बनाकर प्रवेश ले पाएं, इसके लिए जी-जान लगाकर मेहनत करते हैं। अपना परिवार छोड़कर अन्य शहरों में जाकर कोचिंग लेते हैं। पिछले तीन दशक से डिग्री से रोजगार और करियर का जो नया कांसेप्ट सामने आया है, उसके बाद लाखों की संख्या में बच्चे परीक्षा की वर्षों तक तैयारी करते हैं। मांग और आपूर्ति के सिद्धांत में बहुत ज्यादा अंतर होने के कारण, लाखों करोड़ों रुपए की कमाई का जरिया, इस तरह की प्रवेश परीक्षा बन गई है।

नीट वर्ष 2024 में 23 लाख 33297 परीक्षार्थी शामिल हुए। 58263 परीक्षार्थियों ने 620 से लेकर 720 अंक प्राप्त किये। 520 से 620 अंक लाने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 1,02,640 है। पिछले 5 वर्षों में 620 से 720 अंक वाले परीक्षार्थियों की संख्या मात्र 13 से 15000 के बीच रही है। इस बार यह संख्या बढ़कर 58263 हो गई है। देशभर में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 55000 सीट हैं। इसमें एम्स की सीटें भी शामिल हैं। एम्स एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों में सबसे ज्यादा नंबर पाने वालों को प्राथमिकता से नेशनल काउंसलिंग में प्रवेश मिल जाता है। यहां पढ़ने वाले छात्रों की फीस बहुत कम होती है। उसके बाद राज्यों के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में राज्यों के प्रतियोगियों को प्रवेश मिलता है। इस साल नीट के जो परिणाम आए हैं, उसमें नामांकन से लेकर प्रवेश परीक्षा में कई विसंगतियां सामने आई हैं। रजिस्ट्रेशन विंडो 16 मार्च को बंद कर दी गई थी। इसके बाद रजिस्ट्रेशन विंडो को अप्रैल माह में 1 दिन के लिए खोल दिया गया। इस 1 दिन में करीब 24240 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया। इसकी जानकारी छात्रों को नहीं थी। इसका फायदा कुछ कोचिंग सेंटरों के द्वारा उठाया गया। यह कार्य प्रक्रिया पहली बार नेशनल टेस्ट एजेंसी द्वारा अपनाई गई। इस वर्ष एजेंसी द्वारा जो छात्र लेट प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे। उन्हें ग्रेस मार्क्स देने का नया नियम बनाया गया। छात्रों को मनपसंद सेंटर चुनने का प्रावधान किया गया। हरियाणा के परीक्षार्थियों ने बिहार के सेंटर चुने। इसी तरह अन्य राज्यों के हजारों परीक्षार्थियों ने दूसरे राज्यों के हजारों किलोमीटर दूर परीक्षा सेंटर में जाकर परीक्षा दी। नीट की परीक्षा में पहली बार 67 छात्रों को 100 फीसदी 720 अंक प्राप्त हुए। वहीं 58263 परीक्षार्थी 620 अंक से लेकर 720 अंक लेकर सफल हुए। सरकारी मेडिकल कॉलेज में इनका एडमिशन नीट के परीक्षा परिणाम के कारण होना तय हो गया। 2023 में 620 से लेकर 720 अंक पाने वालों की संख्या मात्र 13291 थी। परीक्षा परिणाम निर्धारित तिथि के पहले घोषित होने के बाद, बिहार में पेपर लीक करने का मामला तूल पकड़ गया। बिहार में जांच एजेंसी ने 13 आरोपी गिरफ्तार किए, जिन्होंने स्वीकार किया कि पेपर लीक हुआ था। उन्हें पेपर के संबंध में जानकारी देने एक अलग स्थान पर ले जाकर प्रश्नों के उत्तर को याद कराया गया। इसके बाद गुजरात के गोधरा में भी इसी तरह का एक मामला सामने आया। धीरे-धीरे प्याज की परतों की तरह एक-एक परत खुलती गई। बिहार में जो आरोपी गिरफ्तार हुए, उन्होंने 30 से 40 लाख रुपए देने का पुलिस को बयान दिया। जिससे यह प्रमाणित हुआ कि परीक्षा के पहले पेपर लीक हुआ है। कोचिंग चलाने वाले सेंटर एवं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के बीच कोई ना कोई संबंध जरूर है। जिसके कारण कोचिंग सेंटर के परीक्षार्थियों ने 30 से 40 लाख रुपया देकर, प्रवेश परीक्षा परिणाम में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। नीट की परीक्षा के जो परिणाम सामने आए हैं, उसके अनुसार देश में करीब 100000 सीटों पर एमबीबीएस के लिए प्रवेश होना है। उसमें से 55000 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की सीट हैं। लगभग 45000 सीटों पर निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस के लिए प्रवेश होना है। इस परीक्षा परिणाम से सबसे ज्यादा नुकसान एसटी, एससी और मेधावी परीक्षार्थियों को हो रहा है। निजी मेडिकल कॉलेज में भी उन्हें प्रवेश मिलना संभव नहीं होगा।

जिस तरह से परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

पूरे देश के सभी राज्यों में कोचिंग सेंटर्स का मकडजाल फैल गया है। इसमें परीक्षार्थियों के माता-पिताओं को दिवा-स्वप्न दिखाकर कोचिंग के नाम पर लाखों रुपए पहले वसूल किए जाते हैं। उसके बाद एडमिशन कराने के नाम पर प्रति छात्र लाखों रुपए की वसूली इन कोचिंग सेंटरों के माध्यम से की जा रही है।

## अथश्री महाभारत कथा : अग्निपथ...कर्तव्य पथ...जनपथ

प्रदीप मिश्रा



शुक्र है कि मायके में ही रह गए। ससुराल जाते तो मालूम होता सास क्या होती है। हालांकी सास कभी भी बहू नहीं रही। अनगिनत लोगों ने ये बात कही। 100 दिन आस, विश्वास, प्रयास और सायास के हैं। सौ दिन सास के भी सुने थे लेकिन दमदार सिंह ने 2024 में ही 25 दिन और ले लिए। एजेंडा तैयार है। बन गई अपनी सरकार है। नौकरी की दरकार है। घर-घर में तकरार है। यही वजह तो नहीं, झंडे दिख रहे हैं, डंडे कमजोर हो गए हैं। इन्हें थामने वाले सामने भी देख रहे हैं। कुछ बिल्कुल चुप हैं, कुछ अंदर से कुछ न कुछ फेंक रहे हैं। खुशियां कम मनाई गईं। आशंकाएं ही गहराई रहीं। अब इन सबके अरमान मचलेंगे। जहां और जिधर ठीक लगेगा, सीना तान कर चलेंगे। मन का डर भी दर्द भी है। मिजाज थोड़ा गर्म और सर्द भी है। ऐसे में दमदार को भी डरना होगा। जन के मन के लिए बहुत कुछ करना होगा। नारे और इशारे फिलहाल नहीं चलेंगे। उनके विचार आगे बहुत खलेंगे। कहेंगे जोश में भी होश चाहिए। रोष-आक्रोश के जवाब में कुछ ठोस चाहिए। अच्छी बात है। आपके पास सारे चरित्र हैं। बहुत से अघोषित मित्र हैं। कुछ तो परम विचित्र हैं। इनके जरूरी-गैरजरूरी चित्र हैं। ज्यादा मुखड़ा दिखाएंगे। लोग दुखड़ा सुनाएंगे। मुखौटा बन जाएं तो उचित होगा। जाएगा नहीं कुछ, संचित होगा। जरूरत क्रांति की नहीं है। भ्रांति की नहीं है। खल भी नायक होते हैं। नालायक भी लायक होते हैं। वक्त-जरूरत पर सहायक होते हैं। पर अभी जल्दबाजी में आयात करने की कोशिश न करें। जो है सो ठीक, मानते हुए आत्मसात करने की कोशिश न करें। छल-बल से किसी का भी दिल बदल सकता है। तब ह्यनया नौ दिन पुराना सौ दिनह्ल की कहावत पुख्ता हो जाएगी। आप तो सब कुछ झुठलाने के लिए ही अवतरित हुए हैं। 2047 तक इठलाने पर आपका हक है। सब कुछ टकाटक है। सावधानी बरतें। आप में व्यापक बदलाव की मजबूरी है। नहीं तो कोई भी कह देगा-आपका जाना जरूरी है। ड्यूरेबिलिटी (देर तक टिके) के लिए कैपेबिलिटी (बर्दाशत करने की क्षमता) की एबिलिटी (योग्यता) आवश्यक है। श्रीमद्भागवत की कथा के मौसम में आखिर क्यों महाभारत जैसा घमासान। कभी कठिन था, अब कैसे हो गया इतना गया आसान। ऊपर वाले सुन-सुन कर हो रहे परेशान। अचानक दैवीय गुणों वालों पर कैसे काबिज हो गए शैतान।

संतरों के शहर से संदेश दिया जा रहा है। मणिपुर का जहर अब तक क्यों पिया जा रहा है। हिंसा पर विचार करने की नसीहत दी है। आग पर पानी और अंधेरे में शांति के लिए कुछ करने की वसीयत दी है। जो एक साल से वहां नहीं गए, निर्देश मानें, संकेत समझें तो अब कभी भी जा सकते हैं। मामला उछल गया है, कुछ न भी हो, उलटे बयान आ सकते हैं। क्रमांक 240 से आगे नहीं बढ़ पाए। फिर भी कृपांक खुले हाथ से लुटाए। एक बयान आया। बेनकाब कर दिया। बाद में बयान को निजी बताया गया है। मतलब बड़े फैसले से पहले चेताया गया है। हारने वाले एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने लगे हैं। विरोधी हारने वालों के आरोपों से मुंह मोड़ने लगे हैं। आपने भी उधार के कैबिनेट मंत्रियों को दे दिया झुनझुना। विपरीत हालात में भी आपस में ही मलाई काट ली। जो अच्छा था, खुद रखा, बाकी दूसरों को बांटा। अपनों को बिल्कुल नहीं डाटा। समर्थन करने वाले माननीय काम को पूजा बता रहे हैं। नाराज हैं फिर भी नहीं जता रहे हैं। जगह-जगह विक्रम कई-कई बेताल से दवे जा रहे हैं। बेताल लटके हुए ही, सिर पर चढ़े जा रहे हैं। विपक्ष को बेवजह लग रही मिर्ची, वो फिर भी रहे हैं गुनगुना। दूसरों पर फेंकने के लिए है जाल बुना। दिव्यांग सरकार के साथी चिल्ला रहे हैं- वे हताश हैं निराश नहीं। वैसे, कहा भी जाता रहा है-जो हताश है, निराश है, उसे ही ज्यादा विश्वास है। उनके पास उम्मीदों का सहारा होता है। झूठ ही सही, भरोसे का किनारा होता है।

समय है, राग और द्वेष से मुक्त हो जाइए। पुराने दायरे और परिवेश में लौट आइए। कर्तव्य पथ पर संविधान के अनुसार चलें। जरूरत नहीं हो, ज्यादा नहीं हिलें-डुलें। सबसे घुलें-मिलें। सारे घर के बदलने की न सोचें, न बदलें। अच्छा किया, पहला फैसला किसानों की सम्मान निधि पर किया। देश जल्द पूछेगा, बेरोजगारी और मंहगाई पर लगाम के लिए विधि से क्या किया। उत्तर भी तलाशने की जरूरत है। प्रश्न करने का समाप्त हो गया, मुहूर्त है। पहले दिन के भाषण में संकेत दे दिया। पहले जो भी किया, अब नही जाएगा किया। मान जाएगा अपना जिया। पुरानों से मिलोगे, ज्ञान मिलता रहेगा। विघ्न-बाधाओं का सामना करने का हौसला मिलेगा। खुद भी खिलखिलाओगे, फूल भी खिला रहेगा। यह इसलिए भी, क्योंकि दूसरी ओर भी कृष्ण-अर्जुन हैं। कुछ अभी भी दुर्जन हैं। 30 लाख करोड़ का घोटाला हो गया। दो दिन में ये धन कहां खो गया। आओ मिलकर इसका पता लगाएं। बीच में थोड़े दिन कहीं विदेश घूम आएं। अरसा हो गया, दुनिया को ज्ञान नहीं दिया है। लगता है जीवन निरर्थक है, क्या जिया है। बस, थोड़ा-थोड़ा बाहर जाने से डरने लगा हूं। बाजीगर हूं, स्वदेश से ज्यादा प्यार करने लगा हूं।

अच्छा किया कि सरकार बनते ही कह दिया परिवार हटाओ। कितने प्रेम से लिखवाया था, अब कह रहे हो, मिटाओ। सबको मालूम है। अभी नहीं सुनोगे। कुछ वक्त बाद सिर धुनोगे। चकल्लस में की गई चिंता कभी भी चिंतन और चिंतक के रूप में निखर जाती है। गंभीरता से उठाई गई बात प्रायः बिखर जाती है। हुड़ दबंग दबंग...से काम लगातार नहीं चलता है। टेढ़ी उंगली से हमेशा घी नहीं निकलता है। माना आप शत्रु हंता हैं। जगत नियंता हैं। राज जानने वाले नाथ हैं तो शिव के राज भी हैं। यादगार कल और आज भी है। आशा है, नीति पर चलेंगे, उसे ही ईष्ट मानेंगे। सुनना होगा। मानना होगा। सुख अनंत नहीं होता है। जय का भी अंत होता है। चौर्य को शौर्य न तो समझेंगे और न ही समझाएंगे। सितंबर तक के न्योते मिलने की बात पहले से ही पता है। जिन्हें नहीं जानकारी, उनकी खता है। जाइए तो सही, जल्दी आइए भी सही। क्योंकि ठाकुर भी... फौज बनाने की तैयारी कर रहा है। पहले की तरह अब न खुद से और न ही आप से डर रहा है। कहीं जनपथ से इशारा हो गया तो फिर से हो जाएगी शपथ...।

## छात्रों के भविष्य के प्रति लापरवाह सरकार



नीरज कृष्ण



किसी देश की प्रगति का पथ कई मूलभूत स्तंभों से जटिल रूप से अंतसंबंधित होता हैः सुदृढ़ प्रशासन, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उच्च-कोटि की चिकित्सा व्यवस्था। निरंतर विकास सुनिश्चित करने और राष्ट्र के नागरिकों के लिए जीवन-यापन के समग्र मान को उन्नत करने में इनमें से प्रत्येक तत्व सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को निर्मित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

4 जून 2024 को भारत की एक प्रतिष्ठित नीट यूजी (मेडिकल) परीक्षा 2024 का परिणाम जारी किया गया और 4 जून को ही भारत के आम चुनावों का परिणाम जारी हुआ, आम चुनावों के परिणाम के प्रति पूरे भारत की उत्सुकता में भारत के लगभग 24 लाख बच्चों के भविष्य की अनदेखी कर दी गई, एक तरफ जहां भारत का राजनीतिक भविष्य तय हो रहा था वहीं दूसरी ओर भारत का भविष्य, उसके युवा अपने जीवन को लेकर ही असमंजस की स्थिति में थे।

4 जून, 2024, दोहरी प्रत्याशा का दिन बन गया क्योंकि राष्ट्र ने इन दो महत्वपूर्ण घोषणाओं के बीच अपना ध्यान केंद्रित किया।ओवरलैप विशेष रूप से 2.4 मिलियन एनईईटी उम्मीदवारों और उनके परिवारों के लिए मार्मिक था, जिन्होंने खुद को व्यक्तिगत आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों के बीच झूलते हुए पाया।

> 4 जून, 2024, दोहरी प्रत्याशा का दिन बन गया क्योंकि राष्ट्र ने इन दो महत्वपूर्ण घोषणाओं के बीच अपना ध्यान केंद्रित किया

भारत में, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) सर्वाधिक प्रतिष्ठित और कठिन स्नातक चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष देश भर में इच्छुक चिकित्सकों को स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान करने के लिए आयोजित की जाती है।

सफल होने वाले मेडिकल उम्मीदवारों के लिए, यह दिन उपलब्धि की भावना लेकर आया और समाज की सेवा करने के उनके सपनों के एक कदम और करीब आ गया। दूसरी ओर, नीट यूजी 2024 का रिजल्ट आने के बाद से ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी विवादों के घेरे में है। एजेंसी पर नतीजों में गड़बड़ी, अनियमितता व अपारदर्शिता का आरोप लग रहा है। एजेंसी ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सूचित किया है कि यूपीएससी के पूर्व अध्यक्षों और शिक्षाविदों की एक समिति नीट में हुई गड़बड़ी की जांच करेगी।

यह संतोषजनक तो है कि मेडिकल प्रवेश की अखिल भारतीय परीक्षाअर्थात नीट के परिणाम को लेकर जो सवाल उठे, उनका जवाबतलाशने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने संघ लोक सेवा आयोग के पूर्वअध्यक्ष की अगुआई में चार सदस्यीय समिति गठित कर दी, लेकिनविचार इस पर भी होना चाहिए कि आखिर ये सवाल उठे ही क्यों? इसपरीक्षा के मामले में एक गंभीर प्रश्न यह उठा है कि 1500 छात्रों को ग्रेसमार्क्स देना कहां तक उचित था?

इन ग्रेस मार्क्स के कारण 67 छात्रों कोजिस तरह पहली रैंक मिली, वह इसलिए सामान्य बात नहीं, क्योंकिपिछले वर्ष ऐसे केवल दो छात्र थे, जिन्हें शतप्रतिशत अंक हासिल हुएथे। ग्रेस मार्क्स देने के पीछे यह दलील दी जा रही है कि इन छात्रों कोपरीक्षा में देरी का सामना करना पड़ा था। परीक्षा आयोजित करने वालीसंस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार ग्रेस मार्क्स तय नियमों के तहतदिए गए, लेकिन यह समझना कठिन है कि उन्हें देने में इतनी उदारताक्यों बरती गई? आखिर यह कैसे मान लिया गया कि परीक्षा में देरी के कारण जो छात्र पूरे प्रश्न हल नहीं कर सके, वे यदि ऐसा करते तो उनके सभी उत्तर सही होते?

नीट यूजी भारत की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में गिनी जाती है, उस पर अपारदर्शिता, अनियमितता और नकल के आरोप लगने का अर्थ है लगभग 24 लाख अभ्यर्थी जो डॉक्टर बनने का सपना देख रहे हैं उनके जीवन से खिलवाड़ करना। इस परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा किया जाता है, जो भारत की चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा मैनेजमेंट से संबंधित अनेक प्रतिष्ठित परीक्षाएं आयोजित करवाती है। इसलिए ऐसी संस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह लगना भी अत्यंत संवेदनशील मामला बन जाता है।

नीट यूजी परीक्षा परिणाम केवल व्यक्तिगत सफलता का दर्शन नहीं कराते हैं, अपितु भारत में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को निर्धारित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह परीक्षा अगली पीढ़ी के चिकित्सा पेशेवरों की पहचान करती है और उनके लिए चिकित्सा क्षेत्र में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। इस यरह की संस्थाओं पर अपारदर्शिता, अनियमितता और नकल के आरोप लगने का अर्थ है अभ्यर्थी पर जो डॉक्टर बनने का सपना देख रहे हैं उनके जीवन से खिलवाड़ करना।

नीट यूजी परीक्षा के पीछे भारत के लाखों युवाओं का समय, धन व श्रम लग रहा है। विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों में लाखों रुपए खर्च करके परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं परन्तु ऐसी घटनाओं के द्वारा विद्यार्थियों का सरकार, परीक्षा एजेंसी व सरकारी तंत्र पर से विश्वास उठता जा रहा है। ऐसी घटनाएं विद्यार्थियों में आत्महत्या एवं अवसाद को बढ़ावा तो देती ही है साथ ही साथ विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता व परिवारजन को भी अनेक प्रकार की मानसिक पीड़ाओं से गुजरना पड़ता है।

हाल के वर्षों में, शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के बीच यह भावना बढ़ रही है कि भारत की केन्द्रीय एवं राज्य सरकारें छात्रों के भविष्य की उपेक्षा कर रही हैं। चूँकि हम तेजी से तकनीकी प्रगति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक आर्थिक बदलावों से चिह्नित युग के कगार पर खड़े हैं, अगली पीढ़ी को तैयार करने में सरकार की भूमिका कभी भी अधिक महत्वपूर्ण नहीं रही है। फिर भी, कई लोगों का तर्क है कि वर्तमान नीतियां और की जा रही कार्रवाइयां न केवल अपर्याप्त हैं बल्कि युवा लोगों की संभावनाओं के लिए हानिकारक भी हैं।

सबसे ज्वलंत मुद्दों में से एक शिक्षा प्रणालियों की दीर्घकालिक कमी है। आजादी के 76 वर्षों के बाद भी देश के स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय पुरानी सुविधाओं, संसाधनों की कमी और शिक्षकों के लिए अपर्याप्त समर्थन से जूझ रहे हैं। यह न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है बल्कि भविष्य के नौकरी बाजार के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने की छात्रों की क्षमता को भी सीमित करता है।

भारत की शिक्षा प्रणाली लंबे समय से परीक्षाओं पर अत्यधिक निर्भरता के लिए शिक्षा शास्त्रियों के निशाने पर रही है। हाल के वर्षों में, छात्रों और शिक्षकों दोनों ने ही इस प्रणाली में व्याप्त खामियों और अंतर्निहित अन्याय को लेकर चिंता जताई है। उच्च-स्तरीय परीक्षाओं का दबाव, मूल्यांकन प्रक्रिया में असंगति और समग्र विकास के अवसरों की कमी कई छात्रों को निराश और असंतुष्ट कर रही है।

पिछले कुछ वर्षों में, प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के लीक होने की घटना में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जिसने शिक्षा संस्थानों, परीक्षा प्राधिकरणों और आकांक्षी छात्रों के लिए एक गंभीर चुनौती उत्पन्न कर दी है. यह कदाचार परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर करता है, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है, और योग्यता एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के आधारभूत सिद्धांतों को नष्ट कर देता है। इस प्रकार के उल्लंघनों के व्यापक परिणाम होते हैं, जो न केवल व्यक्तिगत रूप से अभ्यर्थियों को बल्कि संस्थानों और समग्र समाज को भी प्रभावित करते हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, यथा उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं, चिकित्सा एवं अभियांत्रिकी प्रवेश परीक्षाओं, सिविल सेवा परीक्षाओं और सरकारी पदों पर भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के लीक होने की समस्या सामने आई है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का गठन इसलिए किया गया था, ताकि परीक्षाओं में किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाए, लेकिन वह अपनी कार्यप्रणाली से उन संस्थाओं के समक्ष कोई उदाहरण प्रस्तुत नहीं कर पा रही है, जिनकी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होते रहते हैं और जिनके चलते लाखों छात्रों के समय और संसाधन की बबार्दी होती है। पिछले कुछ वर्षों में देश का शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक न हुए हों अथवा उनमें अन्य किसी तरह की गड़बड़ी के चलते उन्हें दोबारा आयोजित न करना पड़ा हो। प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली एक ऐसी समस्या बन गई है, जो छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ ही राष्ट्र की बदनामी का कारण भी बन रही है।

प्रश्नपत्र लीक होने का तात्कालिक प्रभाव परीक्षाओं का रद्द होना या स्थगित होना होता है, जिससे उन छात्रों में परेशानी और अनिश्चितता पैदा हो जाती है, जो अक्सर इन महत्वपूर्ण आकलनों की तैयारी में महीनों या यहाँ तक कि सालों लगा देते हैं। तात्कालिक व्यवधान के अलावा, छात्रों पर इसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी बहुत अधिक होता है, क्योंकि व्यवस्था के निष्पक्ष होने पर उनका भरोसा डगमगा जाता है।

भारत की वर्तमान परीक्षा प्रणाली में व्याप्त खामियां और अन्यायपूर्ण व्यवस्था छात्रों के लिए अत्यधिक तनाव और असमानता का कारण बनती हैं। एक ऐसे देश के लिए जिसे अपनी समृद्ध बौद्धिक परंपरा पर गर्व है, यह आवश्यक है कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित की जाए जो युवाओं के मस्तिष्क का पोषण करे, न कि उन्हें बाधित करे। उच्च-स्तरीय दबाव, मूल्यांकन में असंगतता, समग्र विकास की उपेक्षा और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों का समाधान करके, भारत एक अधिक समतावादी और प्रभावी शैक्षिक ढांचे का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। राष्ट्र का भविष्य उसके छात्रों के कल्याण और विकास पर निर्भर करता है, और यह उच्च समय है कि उनकी आवाज को सुना जाए और उनकी चिंताओं का समाधान किया जाए।

निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बाधित करने वाली, प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के लीक होने की समस्या, शिक्षा एवं परीक्षा प्रणालीगत कमजोरियों का द्योतक है। इस गंभीर चुनौती का समाधान करने हेतु, सरकारी निकायों, शिक्षण संस्थानों, तकनीकी विशेषज्ञों और समाज के सभी वर्गों के समेकित प्रयासों की आवश्यकता है। सुदृढ़ सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन, विधिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण और सत्यनिष्ठा के संस्कृति के पोषण द्वारा, हम प्रतियोगी परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रख सकते हैं और सभी आकांक्षी उम्मीदवारों के लिए एक समतल एवं न्यायपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं।

इसमें पारदर्शी शासन, विधि का शासन और सार्वजनिक सेवाओं का कुशल वितरण सम्मिलित हैं। सुशासन यह सुनिश्चित करता है कि संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रबंधन हो, सार्वजनिक नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और भ्रष्टाचार को न्यूनतम किया जाए। इससे एक स्थायी वातावरण का निर्माण होता है जहां व्यापार फलते-फूलते हैं, नागरिक अपनी सरकार पर भरोसा करते हैं और सामाजिक सद्भाव बना रहता है। अच्छे प्रशासन का एक प्रमुख पहलू जवाबदेही है। जो सरकारें अपने लोगों के प्रति जवाबदेह होती हैं, वे व्यक्तिगत या राजनीतिक हितों के मुकाबले जनता की भलाई को प्राथमिकता देती हैं। यह विश्वास को बढ़ावा देता है और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है, जो लोकतंत्र के स्वस्थ कामकाज के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, प्रभावी प्रशासन में रणनीतिक योजना और दूरदर्शिता शामिल होती है, जो देशों को चुनौतियों से निपटने और अवसरों का लाभ उठाने की अनुमति देती है।

छात्रों के भविष्य की उपेक्षा एक प्रणालीगत मुद्दा है जिस पर तत्काल ध्यान देने और कार्रवाई की आवश्यकता है ।सरकारों को शिक्षा सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह पर्याप्त रूप से वित्त पोषित, आधुनिकीकरण और समाज की भविष्य की जरूरतों के अनुरूप है।

यह जरूरी है कि नीति निमार्ता प्रत्येक छात्र की क्षमता को पहचानें और तेजी से बदलती दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और समर्थन के साथ उन्हें सशक्त बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाएं।हमारे समाज का भविष्य हमारे द्वारा आज प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता और अवसरों पर निर्भर करता है ।आइए हम सभी के लिए एक उज्जवल, अधिक लचीला भविष्य बनाने का यह मौका न गँवाएँ।

## सभी एकादशी का पुण्य निर्जला एकादशी व्रत से



प्रो. विवेकानंद तिवारी




एकादशी के व्रत में जगत के पालन कर्ता श्री हरि विष्णु की पूजा का प्रावधान है। एकादशी का व्रत पूरे नियमों के साथ करने से व्यक्ति के सारे संकट दूर होते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। धन और अन्न की कोई कमी नहीं रहती है।

एकादशी व्रत के पुण्य के समान और कोई पुण्य नहीं है ।

जो पुण्य सूर्यग्रहण में दान से होता है, उससे कई गुना अधिक पुण्य एकादशी के व्रत से होता है । जो पुण्य गौ-दान सुवर्ण-दान, अश्वमेघ यज्ञ से होता है, उससे अधिक पुण्य एकादशी के व्रत से होता है ।

एकादशी करनेवालों के पितर नीच योनि से मुक्त होते हैं और अपने परिवारवालों पर प्रसन्नता बरसाते हैं ।इसलिए यह व्रत करने वालों के घर में सुख-शांति बनी रहती है ।

धन-धान्य, पुत्रादि की वृद्धि होती है । परमात्मा की प्रसन्नता प्राप्त होती है ।पूर्वकाल में राजा नहुष, अंबरीष, राजा गाधी आदि जिन्होंने भी एकादशी का व्रत किया, उन्हें इस पृथ्वी का समस्त ऐश्वर्य प्राप्त हुआ ।भगवान शिवजी ने नारद से कहा है : एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं, इसमे कोई संदेह नहीं है । एकादशी के दिन किये हुए व्रत, गौ-दान आदि का अनंत गुना पुण्य होता है ।

हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। इसे कठोर एकादशी के रूप में जाना जाता है। माना जाता है कि जो व्यक्ति साल की चौबीस एकादशी रखने में सक्षम नहीं है, तो वह केवल निर्जला एकादशी का व्रत रख लें। ऐसा करने से दूसरी एकादशियों का भी लाभ मिल जाता है। इस एकादशी में बिना खाएं-पिएं व्रत रखकर विष्णु जी की आराधना की जाती है ।सभी एकादशियों में से निर्जला एकादशी काफी खास होने के साथ सबसे कठोर मानी जाती है, क्योंकि इस दिन अन्न-जल ग्रहण नहीं किया है। बता दें कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करने के साथ-साथ व्रत रखने से हर तरह के दुखों से निजात मिल जाती है और सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद मिलता है। इसके साथ ही पापों से मुक्ति मिलने के साथ मोक्ष की प्राप्ति होती है। इ इस व्रत को ह्यदेवव्रतह्ल भी कहा जाता है क्योंकि सभी देवता, दानव, नाग, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, नवग्रह आदि अपनी रक्षा और श्रीविष्णु की कृपा पाने के लिए एकादशी का व्रत करते हैं।

इसे पांडव एकादशी और भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जानते हैं।

कथा का महात्म्य :

इस बारे में एक कथा आती है कि पाण्डवों में भीमसेन शारीरिक शक्ति में सबसे बढ़-चढ़कर थे, उनके उदर में वृक नाम की अग्नि थी इसीलिए उन्हें वृकोदर भी कहा जाता है। वे जन्मजात शक्तिशाली तो थे ही, नागलोक में जाकर वहां के दस कुण्डों का रस पी लेने से उनमें दस हजार हाथियों के समान शक्ति हो गई थी। इस रसपान के प्रभाव से उनकी भोजन पचाने की क्षमता और भूख भी बढ़ गई थी।

सभी पाण्डव तथा द्रौपदी एकादशियों का व्रत करते थे, परंतु भीम के लिए एकादशी व्रत दुष्कर थे। अतः व्यासजी ने उनसे ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत निर्जल रहते हुए करने को कहा तथा बताया कि इसके प्रभाव से तुम्हें वर्ष भर की एकादशियों के बराबर फल प्राप्त होगा।

व्यास जी के आदेशानुसार भीमसेन ने इस एकादशी का व्रत किया। इसलिए यह एकादशी भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जानी जाती है।

### नारदजी को मिली निश्छल भक्ति का वरदान

शास्त्रों के अनुसार श्री श्वेतवाराह कल्प के प्रारंभ में देवर्षि नारद की विष्णु भक्ति देखकर ब्रह्मा जी बहुत प्रसन्न हुए। नारद जी ने अपने पिता व सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी से कहा कि हे परमपिता! मुझे कोई ऐसा उपाय बताएं जिससे मैं जगत के पालनकर्ता श्रीविष्णु भगवान के चरण कमलों में स्थान पा सकूं। पुत्र नारद का नारायण प्रेम देखकर ब्रह्मा जी ने श्रीविष्णु की प्रिय निर्जला एकादशी व्रत करने का सुझाव दिया। नारद जी ने प्रसन्नचित्त होकर पूर्ण निष्ठा से एक हजार वर्ष तक निर्जल रहकर यह कठोर व्रत किया। हजार वर्ष तक निर्जल व्रत करने पर उन्हें चारों तरफ नारायण ही नारायण दिखाई देने लगे। परमेश्वर श्रीनारायण की इस माया से वे भ्रमित हो गए, उन्हें लगा कि कहीं यही तो विष्णु लोक नहीं। तभी उनको भगवान विष्णु के साक्षात दर्शन हुए, मुनि नारद की भक्ति से प्रसन्न होकर विष्णुजी ने उन्हें अपनी निश्छल भक्ति का वरदान देते हुए अपने श्रेष्ठ भक्तों में स्थान दिया और तभी से निर्जल व्रत की शुरूआत हुई। एकादशी गृहस्थों ( स्मार्त)के लिए 17 जून और वैष्णवों के लिए 18 जून को है

## पलायन का भेट चढ़ा घर का इकलौता चिराग, उपरघाट के पारटांड़ गांव पहुंचा प्रवासी मजदूर का शव, परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल

बोकारो थर्मल : पेक थाना क्षेत्र उपरघाट के मुंगोरंगामाटी पारटांड़ गांव निवासी ,21 वर्षीय युवक भुनेश्वर महतो की मौत हैदराबाद में काम करने के दौरान गुरुवार को हो गई । जिसका शव शनिवार की संध्या मुंगोरंगामाटी पारटांड़ गांव पहुंचने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।जबकि गांव के ग्रामीणों में शोक व्याप्त है। मृतक युवक अपने पिता स्व चितामणि महतो का इकलौता कमाऊ पुत्र था। मृतक की पत्नी बबिता देवी ने बताया कि उसका एक महीना का एक पुत्री है। मृतक की पत्नी ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने एवम नजदीकी बोकारो थर्मल प्लांट में रोजगार नहीं मिलने के कारण वह 11 माह पूर्व हैदराबाद रोजगार के लिए गया था. वहां पर वह पोकलेन मशीन में उप चालक के रूप में कार्य कर रहा था। गुरुवार को काम करने के दौरान उसका दोनों पैर पोकलेन मशीन में दब गया. मौके पर काम कर रहे अन्य साथियों ने उसे तुरंत नजदीक के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वही गांव में मृतक मजदूर का शव पहुंचने के बाद स्थानीय समाजसेवी डिंपल महतो, सीपीआई नुनुचंद महतो, भीमलाल महतो , समाजसेवी सुरेंद्र महतो करण राज आदि ग्रामीण परिजनों से मिलने पहुंचे व ढाढस बंधाया.

## हाथियों के झुंड ने घर तोड़ा ओर फसलों को रौंद कर नष्ट कर दिया



टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत अरवाटांड़ में सुकरा सोरेन का हाथियों के झुंड ने घर तोड़ा ओर फसलों को रौंद कर नष्ट कर दिया । हाथियों के झुंड ने गिरिडीह के जंगल के रास्ते पश्चिमी टुंडी होते हुए रात एक बार फिर पुरनाडीह पंचायत के अरवाटांड़ में सुकरा सोरेन, पिता बगाल सोरेन के घर को तोड़ते हुए गांव में कई लोगों के फसलों को नष्ट कर दिया। हाथियों के प्रवेश की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी एवं मशालची पहुंचे और हाथियों को टुंडी पहाड़ की ओर खदेड़ कर चढ़ाया। मिली जानकारी के अनुसार टुंडी प्रखंड में आए दिन हाथियों का आतंक जारी है। हाथियों का टुंडी में प्रवेश होने से आम ग्रामीणों में दहशत है। रात के अंधेरे में हाथियों का झुंड जंगल से निकलकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश करता और तबाही मचाता है।

## जब तक क्षेत्र के ग्रामीण आदिवासी सुखी संपन्न एवं समस्याओं से मुक्त नहीं होंगे, तब तक राज्य के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है -तबारक खान

सिद्धार्थ पाण्डेय /चाईबासा । झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं की आकस्मिक बैठक गुवा बाजार मे झामुमों जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र वरीय नेता मो तबारक खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।

आहूत बैठक में वर्तमान सांसद जोबा माझी की जीत के प्रति प्रतिक्रिया एव मेहनत के साथ -साथ मतदाताओं के प्रति . एक सच्ची भावना जगाने वाले कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को तहे दिल से धन्यवाद दिया गया। सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओ को मोहम्मद तबारक खान ने बधाई दी ।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद जोबा मांझी से क्षेत्र के लोगोंको बहुत सारी उम्मीदें हैं । इसके लिए क्षेत्र के विकास के लिए अग्रणी रूप से सभी को कंधे से कंधे मिलाकर काम करना है ।मोहम्मद तबारक खान ने .बताया कि सांसद ने चुनावी दौरे के क्रम में पश्चिम सिंहभूम क्षेत्र के बंद माइंसो को खोले जाने तथा बेरोजगारों को रोजगार देने की घोषणा की थी ।इस घोषणा के अनुरूप क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने एवं उन्हें संपन्न करने के लिए झामुमो कार्य करेगी ।

मोहम्मद तबारक खान ने कहा कि जब तक क्षेत्र के ग्रामीण आदिवासी सुखी संपन्न एवं समस्याओं से मुक्त नहीं होंगे तब तक राज्य के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है ।इस अवसर पर शाहिद देवेंद्र मांझी को भी याद कर उन्हें नमन किया गया ।मोहम्मद तबारक ने घोषणा की आगामी माह ठाकुर गांव में बड़े पैमाने पर विजय उत्सव सांसद जोबा माझी अध्यक्षता ग्रामीणो के साथ मनाई जाएगी ।

इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है ।जन मानस में तैयारी चल रही है । मौके पर सलाई गाँव के जीतमोतई सिद्धू कृष्णा, मनोहरपुर के बामिया मामी, बोडता के बुधराम पूर्ति, गुवा के पूर्व मुखिया कपिलेश्वर दोगो, दिरीबुरी गाँव के मुखिया गंगाधर चतोबा, बड़ाजामदा के दुर्गा देवगम, अंगरिया के मोरोंगसिंह टॉटिवा के मागता सुरीन, पेचा बुधराम तुबीद पोखरी बुरु सुरेश चन्द्र चाँपिया के अन्य कई शामिल दिखे । मो तबारक ने कहा कि क्षेत्र में झामुमो पार्टी के लोग रहेंगे।

## बड़ाजामदा के 36 रेलवे क्वार्टर में सात दिनों से जलापूर्ति ठप,रेल प्रशासन को जलापूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ करनी चाहिए - पार्वती देवगम



गुवा। बड़ाजामदा रेल क्वार्टर में रहने वाले लोग इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। बड़ाजामदा के 36 रेलवे क्वार्टरों में पिछले 10 जून से जलापूर्ति ठप है। ऐसा बोरिंग के समरसेबल पंप के खराब रहने के कारण हो रहा है। इसके बावजूद रेलवे के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। बड़ाजामदा क्षेत्र से रिकार्डतोड़ लौह अयस्क की ढुलाई कर रेलवे अरबों रुपये कमाती है लेकिन रेलवे द्वारा इस समस्या को नजरअंदाज किए जाने से रेलकर्मी व उनके परिजन परेशान हैं। रेलकर्मियों ने बताया कि रेलवे के अधिकारी ब्रांच लाइन में काम करने वालों की परेशानी को दूर करने में कोई खास रूचि नहीं दिखाते हैं। यही वजह है कि भीषण गर्मी में रेलवे ने अपने कर्मियों और उनके परिजनों को बिना पानी के जीने को मजबूर कर दिया है। पानी सप्लाई के नाम पर बस खानापूर्ति की जा रही है। टैंकर से घरवालों को मात्र एक से दो बाल्टी पानी ही दिनभर के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है,जिससे जरूरत पूरी नहीं हो पाती। इसके कारण रेलकर्मियों के घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। परिजनो की जलापूर्ति समस्या का समाधान करने के लिए क्षेत्र की मुखिया पार्वती देवगम ने रेलवे प्रशासन से अपील की है ।उन्होंने कहा है कि जल आपूर्ति के अभाव के कारण लोगों मे निरंतर परेशानीबनी हुई है रेल प्रशासनको समस्या को दृष्टिगोचर करते हुए क्षेत्रीय कॉलोनी के साथ-साथ रेलवे स्टेशन पर भी पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति की व्यवस्था करनी चाहिए ।

## बकरीद पर्व को लेकर गुवा थाने में हुई शांति समिति की बैठक

गुवा संवाददाता। गुवा में बकरीद पर्व को लेकर गुवा थाना में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता नोवामुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बांदों ने की।इस दौरान गुवा में मुस्लिम समुदायों का बकरीद पर्व को लेकर दिशा निर्देश जारी करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बांदों ने कहा कि सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर गुवा के मस्जिद में सुबह 8:00 बजे नमाज अदा की जाएगी इस दौरान क्षेत्र में शांति बनी रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहेगी।इसके अलावा गणमान्य लोगों ने कहा कि गुवा बाजार में सड़क किनारे छोटी एवं बड़ी वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिसको लेकर आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसको लेकर दिशा निर्देश जारी करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बांदों एवं किरीबुरू इंस्पेक्टर बमबम कुमार ने गुवा वासियों से अपील की है कि सड़क के किनारे अपने वाहनों को खड़ा ना करें। साथ ही यह भी कहा कि नो एंट्री के दिन मालवाहक गाड़ी अगर वाहन लेकर गुवा बाजार गाड़ियां चलाई जाती है तो उस वाहन पर कानूनी कार्रवाई कर चालान काटा जाएगा। वही बकरीद पर्व को लेकर लोगों से अपील किया कि शांति एवं सौहार्द के साथ बकरीद का पर्व मनाए, प्रतिबंधित पशुओं का कुबार्नी ना करें।इस दौरान इस मौके पर नोवामुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बांदों,किरीबुरू इंस्पेक्टर बमबम कुमार, गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार सहित गणमान्य लोगों में नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य सुश्री देवकी कुमारी, मुखिया चांदमनी लागुरी, मुखिया पद्मिनी लागुरी,गुवा मस्जिद के सदर हाजी मोहम्मद रमजान,सैयद राजू, वृंदावन गोप, विश्वजीत तांती, जयसिंह नायक, पदमा केशरी, समीर पाठक, अमजद खान, गीता देवी, ममता देवी, राकेश झा, भादों टोप्पो, नजीर खान सहित अन्य मौजूद थे।

# मंडल कारा में जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर का आयोजन

उज्जवल दुनिया

### चार विचाराधीन बंदी किए गए रिहा



धनबाद : माननीय झालसा के दिशा निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के आदेशानुसार रविवार को मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि आज जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला,न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह के उपस्थिति में मंडल कारा पाल दिनेश वर्मा के द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित कूल चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया गया ।जिसमें चार बंदी मनोज कर्मकार,नरेश तूरी,पन्नू रजवार,बसंत माली को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला और न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह के न्यायालय से रिहा किया गया ।इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी ने बंदीयों के बीच विभिन्न कानून की जानकारी दी। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल,स्वाति कुमरी,सहायक अरविंद कुमार,सौरव सरकार, अरूण कुमार पीएलवी उज्जवल कुमार,शिबू समेत अन्य उपस्थित थे।

## ओबीसी एससी एसटी व माइनॉरिटी मोर्चा ने ढुलू महतो को पुष्पगुच्छ देकर दिया सम्मान



धनबादः रविवार को ओबीसी, एससी,एसटी माइनॉरिटी मोर्चा व पटेल सेवा संघ के पदाधिकारीओं ने धनबाद की नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो के साथ चिटाही धाम में पूजा अर्चना की और उनके आवासीय कार्यालय में अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर भारी बहुमत से जीत की खुशी में सम्मानित किया ।वहीं सांसद ढुलू महतो ने मोर्चा के सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। मोर्चा के महासचिव गोपाल यादव ने ढुलू महतो के समक्ष ओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी एकजुटता एवं मजबूती के लिए उनके मार्ग निर्देशन की आशा व्यक्त की। जिस पर ढुलू महतो ने मोर्चा को हर समय साथ देने का आश्वासन दिया ।ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद, मोर्चा के महासचिव गोपाल यादव, बसंत कुमार यादव, सुधिष्ट कुमार, सचिव अरुण प्रसाद नवल प्रसाद, मुकेश यादव, यादव रामस्वरूप प्रसाद, बरमेश्वर चौधरी, इंद्र नारायण महतो, मणिलाल महतो समेत सभी लोगों ने सांसद ढुलू महतो के ओबीसी, एससी, एसटी, व माइनॉरिटी के हित में मुख्यत बच्चों के उच्च शिक्षा व समग्र विकास के मद्देनजर इस 5 वर्षीय मंगलमय कार्यकाल की कामना की। साथ ही धनबादवासियों की लिए अपने प्रयासों से सुविधाओं व विकास का नया आयाम, नई रोशनी और दिशा देने के लिए शुभकामनाएं दी।

## धनबाद मंडल द्वारा मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान के साथ-साथ विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया



उज्जवल दुनिया

बोकारो (धनबाद) : धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में धनबाद-चन्द्रपुरा- कोडरमा खण्ड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 1534 यात्रियों को पकड़ा गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 07 लाख 77 हजार 620 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 172 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है। ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस आश्य कि जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने दी.

## बकरीद पर्व को लेकर गुवा पुलिस ने निकाली फ्लेग मार्च, मुख्य सड़क किनारे वाहनों को नहीं खड़ा करने के लिए किया लोगों से अपील



उज्जवल दुनिया

गुवा । सोमवार को बकरीद पर्व श लेकर गुवा पुलिस ने गुवा के विभिन्न जगहों पर फ्लैग मार्च निकाल लोगों को किया जागरूक। यह फ्लैग मार्च नोवामुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बांदों की अध्यक्षता में निकाली गई। साथ ही लोगों से अपील किया कि मुख्य सड़क के किनारे अपने-अपने वाहनों को खड़ा ना करें। सड़क किनारे वाहनों को खड़ा करने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए किरीबुरू इंस्पेक्टर बमबम कुमार ने कहा कि रथ यात्रा के दिन जहां-तहां गाड़ियों को खड़ा ना करें जिससे लोगों को बाधा न पहुंचे। साथ लोगों से अपील करते हुए थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि आए दिन रोज की तरह सड़क पर अपनी-अपनी चार चक्का एवं मोटरसाइकिल वाहनों को खड़ा ना करें। यदि ऐसा करते हुए पाया गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई के तहत चालान भी काटा जाएगा।

# बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी गठित, राजेंद्र बने अध्यक्ष

- व्यपारी कड़ी मेहनत कर देश के विकास में अपना योगदान देते हैं : राजेंद्र विश्वकर्मा

उज्जवल दुनिया



बोकारो : बोकारो चैंबर ऑफ कामर्स सत्र 2024 - 27 की तीन वर्ष के लिए कार्यकारिणी समिति का चुनाव आज चैंबर के मुख्य संरक्षक रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । सर्व सम्मति से रविंद्र कुमार मुख्य संरक्षक, श्रीचंद प्रसाद, अधिवक्ता दिनेश लाल श्रीवास्तव संरक्षक, राजेंद्र विश्वकर्मा अध्यक्ष , जगदीश चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष, अधिवक्ता ए के राय , ज्ञानेंद्र पांडेय, कुमार शिल्पी, अनिल कुमार सिंह ,प्रवीण कुमार सिन्हा, मनोज कुमार पासवान, सुधांशु प्रसाद ,भैया प्रीतम, प्रवीण कुमार पटेल ,प्रमोद सिंह ,विनोद कुमार सिंह ,प्रदीप झा, जयशंकर सिंह, जीवन कुमार ,कैलाश सिंह, कुमार सहवाल ,श्याम नंदन सिंह , अभय सिंह , मोहन दुबे, , अवधेश कुमार सिंह को सचिव चुना गया ।

राज किशोर सिंह,राजेश कुमार, शैलेंद्र कुमार ,वीरेंद्र चौहान ,संतोष कुमार, स्वामी नाथ प्रसाद को सह सचिव सुना गया। वीरेंद्र कुमार को कार्यालय सचिव और संजय पांडे को कोषाध्यक्ष चुना गया ।

कार्यकारणी सदस्य के लिए शंकर स्नेही सिंह, अनुज कुमार, मिथलेश कुमार विश्वकर्मा, डी के सिंह, राम रतन प्रसाद, बाल्मीकि सिंह, सतीश प्रसाद ,राजकुमार प्रसाद, बैजनाथ राम ,संजीव कुमार बरनवाल, राजेश कुमार को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए चेंबर के मुख्य संरक्षक रविंद्र कुमार ने कहा कि सभी सदस्यों को समाज के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए । अध्यक्ष राजेंद्र विस्वकर्ण ने कहा कि व्यापारी कड़ी मेहनत कर देश के विकास में अपना योगदान देते हैं सरकार एवं समाज में इनको समुचित सम्मान मिलना चाहिए.

# बोकारो जिला कबड्डी का समर कोचिंग कैंप का समापन

- कबड्डी खेलने से मानसिक व शारीरिक विकास होता है : श्वेता सिंह

उज्जवल दुनिया



बोकारो : बोकारो जिला कबड्डी का समर कोचिंग कैंप का समापन रविवार को सेक्टर 9 सी क्लब मैदान में हुआ। कबड्डी के समर कैंप में कुल 60 बच्चों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। छोटे बच्चें में लड़के व लड़कियों ने कबड्डी खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कबड्डी प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लेकर काफी लाभन्वित हुए। समर कैंप में कोच मनोज शर्मा समेत अमरेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह ने खेल का शुभारंभ किया और बच्चों के बीच मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा इस तरह का आयोजन से बच्चों को कबड्डी खेलने से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। इस जमाने में बच्चे लोग के ऊपर पढ़ाई को लेकर काफी तनाव रहता है और बच्चे को खेलने का समय नहीं मिलता है। उन्होंने अभिभावक को अपने बच्चों के लिए खेलने के लिए समय देने को कहा। बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए राष्ट्रीय खेल कबड्डी में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कविता सिंह ने भी कबड्डी खेल में बच्चों का उत्साह देखकर बहुत ही प्रभावित हुए। इस तरह का प्रतियोगिता बच्चों के बीच में करवाते रहने से काफी लाभन्वित होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि व श्वेता सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सभी 60 कबड्डी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मौके पर योगेन्द्र कुमार,नागेंद्र पूरी, मनीष पांडे, कविता जी , सुदामा जी , कृष्णा जी, कुलदीप कुमार , शिवानंद जी , आयोजक मनोज कुमार शर्मा आदि लोग शामिल रहे.

## धनबाद सांसद बने ढुल्लू महतो की खुशी में बलदेव महतो ग्रामीणों के बीच किया मिठाई का वितरण



उज्जवल दुनिया

गोविंदपुरःवरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव महतो सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के पंडुकी , बरमसिया ,जयनगर , तुमादाहा , उदयपुर, बिराजपुर , बड़ा पिछड़ी, जमडीहा व नगरकियारी पंचायत के कई गांव के हजारों लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया। बलदेव महतो ने कहा कि धनबाद भाजपा सांसद ढुलू महतो प्रचंड बहुमत से धनबाद के सांसद बने हैं।

लगातार लोगों से मिल रहे हैं मिठाई खिलाकर मतदाताओं को धन्यवाद दे रहे हैं। धनबाद के सभी ज्वलंत मुद्दे सहित गांव के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। विकास की बहार बहेगी। सभी लोगों को साथ लेकर सांसद ढुल्लू महतो चहुंमुखी विकास कार्य को करेंगे।

# गांव में भवन निर्माण ,स्वच्छता और विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

उज्जवल दुनिया



धनबादः समीर आजाद जोकि भारतीय वायु सेना प्रयागराज में कार्यरत है वह पहली बार, जब मिल्लत नगर, मुरार्डीह , बरवाअड्डा, धनबाद आए तो उन्होंने देखा कि वहां की सडके ऐसी है जिसमें बारिश की पानी नल बनाए हुए हैं । बिजली के खंभे लोगों ने बांस पर लगाए हुए हैं, जो बारिश के मौसम में गिर जाता है । उन्हें लगा कि इस गांव के लिए उनको कुछ करना चाहिए, उन्होंने यह बीड़ा उठाया और आज मिल्लत नगर में उन्होंने बिजली के खंबे लगवाएं इसके लिए उन्होंने खँ१ "ल्लाइ्र' ३३१ल्ल द्रैं छेऺ३ीऺ, फल्लूँ के मैनेजिंग डायरेक्टर से रिक्वेस्ट की और इसको सुचारू रूप से लागू करवाया । फिर उन्होंने सड़क को पीसीसी करवाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोविंदपुर से संपर्क स्थापित किया और जयनगर पंचायत द्वारा 15वें वित आयोग के उनटाइड फंड से उसके निर्माण करवाने में सफल रहा। वहां आसपास पानी इकट्ठा होने से तालाब में तब्दील हो गई थी, उन्होंने हेल्थ डिपार्टमेंट के मदद से कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव भी कराया ।

समीर आजाद यह चाहते हैं कि गांव में वह सारी फैसिलिटी हो जो सरकार दे रही है । उसके लिए उनका आग्रह है कि उन्हें ग्रामीणों का सहयोग चाहिए। वह गांव वासियों को बिल्डिंग बायलॉज के बारे में बताना चाह रहे हैं ताकि लोग नियम के अनुसार मकान बनाएं स्वच्छ और स्वस्थ रहें।

स्वच्छता का महत्वःस्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों में लोगों को शहरों की तरह बिल्डिंग बाय लॉ के अनुसार मकान बनाने की पहल करनी चाहिए। इससे गांवों का ड्रेनेज और सीवेज सिस्टम सही रहेगा और प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत अभियान सफल हो सकेगा।

भवन निर्माण और बिल्डिंग बाय लॉः

झारखंड पंचायत भूमि विकास (नक्शा एवं भवन निर्माण) नियमावली 2017 और झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 (ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखंड सरकार, रांची के संकल्प संख्या 3428 दिनांक 10/10/2017 के अनुसार) का पालन करते हुए बनाए गए मकान न केवल सुरक्षित होते हैं बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी होते हैं। अगर आप मकान बनवाना चाह रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 10 मी से ज्यादा नहीं है( पीसीसी पथ का निमार्णःपंचायत द्वारा जो पीसीसी पथ का निर्माण किया जाता है, उसकी चौड़ाई कम से कम 6.1 मीटर होनी चाहिए। पीसीसी पथ के बीचों बीच से 3.05 मीटर तक अतिक्रमण होने पर पंचायत एवं अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत कर सकते हैं।

### ड्रेनेज और सीवेज सिस्टमः

अगर गांवों में उचित ड्रेनेज और सीवेज सिस्टम होगा, तो जलभराव, गंदगी, और बीमारियों से बचाव होगा।

सामुदायिक सहभागिताःगांवों में सामुदायिक सहभागिता और सहयोग से इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है।

निष्कर्षः गांवों में भी शहरों की तरह बिल्डिंग बाय लॉ के अनुसार मकान बनाने की पहल एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल गांवों का ड्रेनेज और सीवेज सिस्टम सही रहेगा, बल्कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य भी पूरा हो सकेगा। स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी मिलकर इस दिशा में प्रयास करें और अपने गांवों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाएं।

## नवनिर्वाचित धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो का नागरिक अभिनंदन

बोकारो : लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद नवनिर्वाचित धनबाद लोकसभा के सांसद ढुलू महतो का बोकारो विधानसभा क्षेत्र के कोऑपरेटिव मंडल के दुन्दीबाद मे नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन समारोह मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह के अध्यक्षता में हुई। नागरिको द्वारा नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।बोकारो विधानसभा क्षेत्र में शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र भाजपा को अधिकतर बूथों पर जीत मिली। झारखंड के पहला विधानसभा जहाँ सर्वाधिक मत 1 लाख 67 हजार से भी अधिक भाजपा प्रत्याशी को मिला। बोकारो विधानसभा के सभी 9 मंडलों मे भाजपा ने लीड देकर धनबाद लोकसभा के सभी 6 विधानसभा में सबसे अधिक मतों से लीड दिला कर ढुलू महतो को 650065 वोटो से जीत मे अहम योगदान दिया।

नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो में सभी का आभार जताते हुए कहा कि आपने जो भरोसा भाजपा पर जताया है उस भरोसे को कायम रखूँगा। मे भी आपके तरह गरीब परिवार मे जन्म लिया ओर संघर्ष कर आज आपके बीच हूँ। दून्दी बाद का चौमुखी विकास करूँगा हर जरूरी सुविधाओं से इस क्षेत्र का विकास करूँगा। मे व आपके विधायक मिलकर आपके सुख दुख के साथी बनूंगा। बहुत जल्द बोकारो विधायक के प्रयास से यहां रोड का अनुशंसा हुई थी उसका शिलान्यास होगा। आपके लिये 24 घण्टे आपके साथ हूँ।

बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने दून्दी बाद के जनता का आभार प्रकट किया। उन्होनें कहा कि आपके बिसवास से ही आज धनबाद मे लगातर चौथी बार कमल खिला है। यह क्षेत्र हमेशा भाजपा के पक्ष मे अपना समर्थन दिया है। आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगा। आपका बिसवास सदैव बना रहे।

भाजपा नेता निवारण प्रसाद महतो , संचालन श्री मनोज सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मूल रूप से उपस्थित देव शंकर वर्मा जी, शंकर गुप्ता जी, प्रभुनाथ शाह जी, नीरज ठाकुर जी, नवीन कुमार जी, कमलेश सिंह जी, चंद्रबली सोनकर जी, राजेश कुमार जी, प्रहलाद प्रसाद वर्मा जी, जिला के महामंत्री श्री संजय त्यागी जी,वरीय उपाध्यक्ष श्री दिलीप श्रीवास्तव जी,उपाध्यक्ष श्री कमलेश राय जी, कार्यालय मंत्री इंद्र कुमार झा जी,उमेश शर्मा जी,अमर स्वर्णकार जी, माथुर मंडल जी, हरला मंडल के सम्मानित अध्यक्ष विनय किशोर जी को-ऑपरेटिव मंडल के महामंत्री जितेंद्र साव जी,वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश चटर्जी जी,उपाध्यक्ष सुमंत सिंह जी,मंत्री राजू गुप्ता जी,मंत्री अनिता जी,कोषाध्यक्ष सरदार तेज नारायण सिंह साधु शरण साव जी आदि थे।

## बकरीद को लेकर बेंगाबाद थाना में शांति समिति की बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बेंगाबाद** :क्षेत्र में अमन चैन शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाए जाने को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारीयों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना परिसर बेंगाबाद में रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने किया। मौके पर बेंगाबाद अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शनी, अजय कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, मुखिया शमीम, अजीत सिंह, प्रवीण राम, रामलाल मंडल प्रदीप पांडे, चंद्रकांत मंडल, खलील अंसारी, सादिक अंसारी, नुनुलाल मुर्मू, अब्दुल गनी उर्फ टिंकू, वीरेंद्र दास पसस मिनसर देवेंद्र यादव इब्राहिम अंसारी अन्य बैठक में मुख्य रूप से शामिल थे ।मुख्य रूप से इस बार भी बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न कराने हेतु आवश्यक बातों को ध्यान में दिलाया गया।

# गिरिडीह पुलिस ने जमशेदपुर के दो कुख्यात अपराधियों को दबोचा

## दोनो अपराधियों के ऊपर लूट , फिरौती, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और गोली मारकर हत्या करने के कई मामले दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह :** चोरी के वाहन के साथ भाग रहे दो कुख्यात अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने सिंघम स्टाइल से शहर के पॉवर हाउस मोड से पकडा है। दोनों अपराधी जमशेदपुर के रहने वाले हैं। रविवार लगभग 11 बजे एसपी दीपक कुमार शर्मा को जमशेदपुर के आजाद नगर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने सूचना दी कि चोरी के टाटा सूमो गोल्ड वाहन के साथ दो अपराधी गिरिडीह की ओर भाग रहे हैं। इस सूचना के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर थाना और बेंगाबाद थाना की पुलिस ने वाहन समेत



अपराधियों को पकडने का जाल बिछाया। दोनों अपराधी चकमा देते हुए पपरवाटांड़ के पास पुलिस की बेरियर तोडते हुए भागने लगे। इस दौरान बेंगाबाद टॉल के पास बेंगाबाद पुलिस को देख अपराधी वापस गिरिडीह की ओर भागने लगे। इस दौरान अपराधियों ने पुराना उसरी पुल के पास एक वाहन समेत अन्य लोगों को भी टक्कर मारते हुए भागने लगे जबकि बेंगाबाद पुलिस उसका बेंगाबाद से ही पीछा कर रही थी। उधर सामने नगर पुलिस की गाडी देख अपराधी मेट्रोज गली में घुस गए। इसके बाद दोनों अपराधी वाहन को छो? कर भागने लगे लेकिन पुलिस ने दोनों अपराधियों को दौडा कर पकड लिया।इस दौरान अपराधियों ने पुराना उसरी पुल के पास एक वाहन समेत अन्य लोगों को भी टक्कर मारते हुए भागने लगे जबकि बेंगाबाद पुलिस उसका बेंगाबाद से ही पीछा कर रही थी। साथ ही चोरी की वाहन टाटा सूमो गोल्ड संख्या जेएच 05टी 0676 को जब्त करते हुए दोनों अपराधी जमशेदपुर के मानगो थाना निवासी मो सफीक अली और राशिद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। बतौर पुलिस दोनों कुख्यात अपराधी हैं। दोनो अपराधियों के ऊपर लूट , फिरौती, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और गोली मारकर हत्या करने का कई कांड जमशेदपुर के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।.

## एक-नजर

### बेंगाबाद थाना में पीड़ित महिला ने आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**बेंगाबाद**: मोतीलेदा पंचायत के केंदुआगढा निवासी दुर्वासा कुमार वर्मा की पत्नी बबीता देवी ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर गुहार लगाई है। आवेदन में उल्लेख है कि विगत 1 जून को शाम करीब 4:00 बजे जमनी देवी कलावती देवी दोनों का पति विनोद कुशवाहा और विनोद कुशवाहा सभी साकिन केदुआगढ़ा टोला खरबरिया थाना बेंगाबाद जिला गिरिडीह सभी मेरे घर पर आकर गाली गलौज करने लगे एवं जान से मारने की धमकी देने लगे। इस तरह का घटना इन लोगों के द्वारा पूर्व में भी किया जा चुका है जिसका आवेदन पूर्व में दे चुकी हूं ।कहा की मेरे पति सरकारी सेवा में हैं ।वह घर पर बराबर नहीं रहते हैं मेरे दो लड़के हैं जो गिरिडीह में रहकर पढ़ाई करता है मैं अकेली घर पर सास के साथ रहती हूं और वे लोग इस तरह का गंदा-गंदा गाली देते हैं एवं घर के दरवाजे पर जाकर जान से मारने की धमकी देते हैं ।विवाद का मुख्य कारण है कि मैं अपने जमीन पर मनरेगा द्वारा आम बागवानी लगाई हूं वे लोग अपना जानवर हमारे बागवानी में छोड़कर नष्ट करवा देता है ।मना करने पर गंदी गंदी गालियां एवं धमकी दिया गया है उपरोक्त आरोपियों ने बोला कि हमारा जानवर छुटा रहेगा साथ ही नाली का पानी रोक देता है ।इधर कलावती देवी का कहना है कि बबीता देवी के पति दुर्वासा कुमार वर्मा सरकारी नौकरी में है हम महिलाओं पर अत्याचार और शोषण पर तुला हुआ है बिना बेवजह का जेल भेजने की धमकी देता रहता है मेरे ऊपर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दिव्यांग जन कल्याण संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन, ज्ञापन के माध्यम से 10 सूत्री मांग के प्रति कराया ध्यान आकृष्ट



**गिरिडीह :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का स्वागत झारखंड विकलांग संघर्ष समिति के द्वारा किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जसवंत वर्मा दिव्यांग जन कल्याण संघ गिरिडीह के जिलाध्यक्ष राजेश्वर तिवारी, सचिव आकाश सिंह, उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीमुद्दीन, सदस्य आबिद अंसारी ने संयुक्त रूप से सांसद का स्वागत किया और उन्हें बधाइयां दी।

इस दौरान दिव्यांग जन कल्याण संघ के द्वारा सांसद को अपनी 10 सूत्री मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को धरातल पर लागू करने, सरकारी नियुक्ति में आरक्षण के अनुसार दिव्यांगो की नियुक्ति, दिव्यांगों के लिए मोटर चलित वाहन उपलब्ध कराने, पीएम मुद्रा लोन के तहत दिव्यांगो को शत प्रतिशत अनुदान पर लोन उपलब्ध कराने, पीएम आवास योजना के तहत 40 प्रतिशत से ऊपर के दिव्यांगो को आवास के साथ शौचालय की व्यवस्था देने, सामाजिक सुरक्षा और गरीबी उन्मूलन योजनाओं में दिव्यांग के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेलों में दिव्यांग खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति, पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव में दिव्यांगो का सीट आरक्षित करने, दिव्यांग पेंशन में प्रत्येक वर्ष बढ़ोत्तरी और आठवीं से लेकर उच्च शिक्षा दिव्यांग एवं उनके बच्चों के लिए मुफ्त व्यवस्था कराने की मांग शामिल है।.

### अत्यधिक गर्मी एवं लू के कारण रसोइया का तबीयत बिगड़, इलाज के दौरान मौत

**डुमरी**: उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोशनाटुंडा की रसोइया श्वेता देवी को 11 जून को विद्यालय में खाना बनाने के क्रम में अत्यधिक गर्मी एवं लू के कारण गंभीर रूप से तबीयत बिगड़ गया था जिसको उपचार के लिए रिम्स रांची ले जाया गया जहां 15 जून की रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना की खबर पाकर रविवार को भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार शोकाकुल परिवार से मिल कर सांत्वना दी साथ ही हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया जबकि सीओ व बीईईओ से बात कर विभागीय स्तर से मदद दिलाने का आग्रह किया।

### वन विभाग की टीम ने बिक्री किए जा रहे हिरण के मांस को किया जब्त

**गिरिडीह अमित सहाय :** वन विभाग की टीम ने तिसरी से बिक्री किए जा रहे हिरण के मांस को जब्त किया है। हालांकि इस दौरान मांस बिक्री कर रहे लोग मौके से भाग निकले। मामला प्रखंड के बरईपाट गांव का है। मिली जानकरी के अनुसार वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी गांवा अनिल कुमार को बरईपाट में कथित लोगों द्वारा जंगली हिरण का शिकार कर उसके मांस का बंटवारा करने की गुप्त सुचना मिली थी। वनपाल अमर विश्वकर्मा ने बताया कि सुचना के आधार पर तिसरी वन विभाग की पूरी टीम उक्त लोकेशन पर पहुंचकर खोजबीन करने लगी। जहाँ एक व्यक्ति सफेद रंग की बाल्टी में ढक कर कुछ रखा था। वनकर्मी जब तक कुछ भी अंदाजा लगाते तब तक वह आदमी उक्त बाल्टी को वहीं छो?कर भागने लगा। इस दौरान वन कर्मियों ने उसका पीछा भी किया लेकिन वह भाग निकला। जिसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ कर उक्त व्यक्ति का पता लगाया गया। वहीं बाल्टी को खोलकर देखा गया तो उसमें हिरण का मांस रखा हुआ था।

वन विभाग द्वारा मामले में उचित कानूनी कार्यवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकि है। वहीं जब्त मांस को जांच के लिए देहरादून भेजा जा रहा है। टीम में वनपाल अमर विश्वकर्मा, अशोक कुमार, दिनेश दास, रविश कुमार, पवन चौधरी,बमशंकर वर्मा आदि शामिल थे।वन विभाग द्वारा समय-समय पर कार्यवाई के बावजूद भी मामलों में कोई कमी नहींबताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों का शिकार करने का मामला सामने आता रहा है।बीते दिनों तिसरी के निमाड़ीह से एक जंगली हिरण को घायल अवस्था में वन विभाग को सुपुर्द किया गया था।हालांकि उक्त हिरण की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।वहीं कारिपहरी गांव में भी जंगली भालू का शिकार कर उसके मांस का बंटवारा करने का मामला सामने आया था। हालांकि वन विभाग द्वारा समय-समय पर इसके विरुद्ध कार्यवाई की जाती रही है बावजूद इसके इन मामलों में कमी नहीं आ रही है।

### दो बच्चों के साथ लापता हुई महिला को पुलिस ने हरियाणा के करनाल से किया बरामद

**गिरिडीह:** गिरिडीह जिले के मनसाडीह ओपी अंतर्गत मनसाडीह गांव की लापता महिला प्रीति देवी और उसके दो बच्चों को मनसाडीह पुलिस ने हरियाणा राज्य के करनाल जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने उक्त महिला और उसके दोनों बच्चों को रविवार को उसके परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि उक्त महिला पहले 5 जून को लापता हुई थी, लेकिन वापस आ गई थी। जिसके बाद महिला अपने दो बच्चों के साथ पुनः 10 जून को फिर से लापता हुई। परिजनों ने मामले की लिखित शिकायत मनसाडीह ओपी प्रभारी को दी। जिसके बाद ओपी प्रभारी अंकित कुमार ने वरिय पदाधिकारियों के निर्देश पर मामले में सनहा दर्ज कर पताल में जुट गए। इस दौरान पुलिस ने महिला को हरियाणा राज्य से ढूं निकाला। जिसके बाद मनसाडीह पुलिस ने हरियाणा के करनाल जाकर उक्त महिला व उसके दोनों बच्चों को सकुशल वापस लाया। जिसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। महिला के लापता होने के पीछे प्रेम - प्रसंग का मामला बताया जा रहा है।

## सीसीआई ने दूसरी बार गिरिडीह के सांसद बने सीपी चौधरी का किया स्वागत

**गिरिडीह :** गिरिडीह लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार सांसद बने चंद्रप्रकाश चौधरी के स्वागत में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सीसीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित इस समारोह के दौरान सांसद का भव्य स्वागत किया गया। सीसीआई की ओर से उन्हें शॉल और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

इस दौरान गिरिडीह के व्यवसायियों व नागरिकों के हित में लोगों ने कोलकाता और पटना के लिए रेल सेवा शुरू करवाने की मांग की। इसपर अपने संबोधन में सांसद श्री चौधरी ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मंत्रालय व विभाग से वार्तालाप करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे जानते हैं



कि गिरिडीह से कोलकाता के लिए ट्रेन सेवा कितनी जरूरी है।

वे इसके लिए पूरा जोर लगाएंगे और उम्मीद करते हैं कि रेलमंत्री से इस मांग को पूरा करवाने में सफल होंगे। उन्होंने इस आयोजन के लिए सीसीआई के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में वे समय-समय पर जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं को सुनेंगे और उसका हरसंभव निदान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अरविंद कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष राहुल वर्मन ने किया। मौके पर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज, आजसू जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव, भाजपा के जिला प्रवक्ता कामेश्वर पासवान, सीसीआई के सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी, अमरनाथ मंडल, राजेश गुप्ता, रवि कुमार, सीए ब्रमदेव बरनवाल,सीए राकेश बर्णवाल, रंजित केशरी,।

## बकरीद त्योहार को लेकर भरकट्टा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी के भरकट्टा ओपी परिसर में आगामी बकरीद त्योहार को लेकर एक शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में नरायन पांडेय ने कहा कि बिरनी थाना क्षेत्र हो या भरकट्टा ओपी क्षेत्र में वर्षो से ईद बकरीद शांतिपूर्ण रूप से मनाया जाता है कही भी अशांति फैलाने का कोई सवाल ही नही उठता है।साथ ही इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधि ने कहा कि बिरनी में किसी भी समुदाय के पर्व त्योहार हो पूर्ण रूप से शांतिपूर्वक रूप से मनाते आ रहें हैं।सभी त्योहार में दोनों समुदाय के लोग आपसी भाई चारे के साथ पर्व को मनाते हैं।वही इस बैठक में भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भरद्वाज ने कहा कि सभी लोगो को सोशल मीडिया से सतर्क रहने की जरूरत है।क्योंकि



कुछ लोग त्योहार में अशांति फैलाने के लिए सोशल मीडिया के द्वारा कुछ गलत मेसेज पोस्ट करता है।ऐसे लोगो से सावधान रहें और कहि कोई ग्रुप में मेसेज मिलता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे।इस अवसर पर मुख्य रूप से भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भरद्वाज नरायन पांडेय पूर्वी जॉन जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन मनोज सिंह राजकुमार नरायन सिंह प्रमोद सिंह राजेन्द्र यादव निरंजन कुमार मजीद अंसारी बद्री राम ईश्वर मण्डल बासुदेव साव सतेंद्र राउत मुजाहिद अंसारी ताहिर अंसारी असगर अंसारी दिनेश यादव अर्जुन वर्मा समेत कई मुखिया पंचायत समिति सदस्य व समाज सेवी उपस्थित थे।

## शिक्षक लखेश्वर विश्वकर्मा के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**बेंगाबाद**: बेंगाबाद प्रखंड के मध्य विद्यालय चितमाडीह परिसर में शनिवार को विद्यालय के शिक्षक लखेश्वर विश्वकर्मा उर्फ राणासर के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुवनेश्वर वर्मा व मंच संचालन उमाशंकर राम ने किया ।मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि भुवनेश्वर कुमार वर्मा नारायण दास सुरेंद्र वर्मा दीपक कुमार सिंह मुखिया सुधीर रजवार सीमा देवी रघुनंदन कुशवाहा देवेंद्र यादव मुन्ना प्रसाद सिंह डॉक्टर श्याम कांत व रिटायर्ड लखेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि शिक्षा का आखिरी पड़ाव प्रधानाध्यापक पद पर मध्य विद्यालय चितमाडीह में पठन-पाठन का कार्य कर सेवा निवृत हुए। आज इस क्षन को विदाई समारोह के रूप में नम आंखों से



लखेश्वर विश्वकर्मा को विदाई दिया गया ।मौके पर भुवनेश्वर वर्मा उमाशंकर राम आदि ने विदाई समारोह में रिटायर लखेश्वर राणा और उनकी धर्मपत्नी वैजयंती देवी को पाग, सोल, डायरी, बुके, गुलदस्ता आदि भेंट किया तथा फूल माला पहनकर सम्मानित किया.।

# जल संकट को दुर करने, बिगत दस वर्षों से खेती करने पर विचार विमर्श

## पारसनाथ पहाड़ के पुतरीगढ़ नाला में निकलने वाले पानी का संग्रहण पर चर्चा किया

**डुमरी**: गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को प्रखण्ड पुतरीगढ़हा की तलहटी (सपाही) में लोहेडीह मुखिया अर्जुन महतो की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसका संचालन नगरी मुखिया जितेन्द्र दास ने किया। बैठक में पारसनाथ पहाड के पुतरीगढ नाला में बह जाने वाले पानी का भंडारण करने पर चर्चा की गई।ग्रामीणों ने निम्न बिन्दुओं पर भी चर्चा की जिसमें जल संकट को दुर करने के लिये जल संग्रहण करने, आसपास के खेतों में पानी की कमी के कारण बिगत दस वर्षों से खेती नहीं होने पर चर्चा की गई।बैठक में निम्न प्रस्ताव लिया गया।जिसमें पुतरीगढ में बृहद डैम के निर्माण के लिए एक संघर्ष समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर चन्द्रदेव वर्णवाल बालुटुंडा का चयन किया गया।वहीं सचिव पद पर जितेन्द्र दास (मुखिया नगरी पंचायत) का चयन किया गया।जबकि कोषाध्यक्ष पद पर शिवकुमार महतो (चपरखो) का चयन किया गया इसी तरह उपाध्यक्ष बजल हेम्ब्रम (पकडिया



बेड़ा) एवं अर्जुन महतो (मुखिया लोहेडीह) कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार महतो (बेलमा-पोरैया) संयोजक बासुदेव महतो (चपरखो) सह- संयोजक सुरेन्द्र कुमार (लक्ष्मणटुंडा) व महेंद्र साव (रांगामाटी) को बनाया गया।मार्गदर्शक मंडली में प्रवीण कुमार महतो (पोरैया),चिंतामणी महतो (हुरसोडीह),सुशील टुड्डू (नगरी),मनोज महतो (योगीडीह),रामेश्वर महतो (अम्बाडीह),प्रयाग महतो (खेतको),महेन्द्र पंडित (खैराटुंडा),नारायण दास ( पंसस बालुटुंडा) को बनाया गया जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रुपलाल महतो (पारपहरी),नागेन्द्र सिंह (चपरखो),अजय महतो (चक्रबरय),शनि साव (चरकीटोंगरी),विरेन्द्र कुमार (पार लोहेडीह),विनोद दास (डुगडूगिया) हरिराम मांझी (नगरी),भागिरथ महतो (बेलमा) एवं हीरालाल टुडु (फुलवार) को शामिल किया गया,अगली बैठक 30 जून को रखी गई है।

# झारखंड उच्च न्यायालय की आदेश का राजस्व अधिकारी कर रहे है अवहेलना

## 15 दिनों के अंदर रजिस्टर टू देने की प्रक्रिया करे प्रारंभ, नहीं तो अवमानना का मामला दर्ज कराया जाएगा

गिरिडीह अमित सहाय

**गिरिडीह :** झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका संख्या 5925/2022 अवधेश कुमार सिंह बनाम झारखंड सरकार में पारित आदेश को गिरिडीह जिला के बेंगाबाद, गांडेय, तिसरी और सदर के अंचल अधिकारी द्वारा गंभीरता से नहीं लेने के मुद्दे पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय करने को लेकर किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी के पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार को किजपा के केंद्रीय कार्यालय झलकडीहा में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि जमीन लुटेरा नेताओं की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार के अधीनस्थ कार्यरत अंचल अधिकारी झामुमो नेताओं के संरक्षण के वजह से इतने अहंकारी हो गए हैं कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को भी हल्के में ले रहे हैं। अभी तक माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में रजिस्टर टू देने का प्रक्रिया प्रारंभ नहीं किया गया है जबकि उपायुक्त गिरिडीह, उप समाहर्ता विधि शाखा, जिला जन




सूचना शाखा ने मार्च 2024 में ही माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में ससमय कार्य करने का निर्देश जिला के सभी अंचल अधिकारी को दिया था। विदित हो कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय ने 27 फरवरी 2024 को उक्त रिट याचिका को निष्पादित करते हुए झारखंड सरकार को यह निर्देश दिया था कि नया आवेदन और फीस जमा करने के चार सप्ताह के अंदर याचिकाकर्ता को रजिस्टर टू का प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें पर रजिस्टर टू उपलब्ध कराना तो दूर की बात इन अंचल अधिकारियों ने अभी तक यह भी नहीं बताया है कि मांगे गए रजिस्टर टू की प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए कितना शुल्क जमा करना होगा।

बैठक में पार्टी सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि जो भी अंचल अधिकारी 15 दिन के अंदर रजिस्टर टू देने का प्रक्रिया प्रारंभ नहीं करेंगे उनके विरुद्ध न्यायालय के अवमानना का मामला दर्ज करवाया जाय।

बैठक के बाद पूर्व में आवेदन कर प्राप्त किए गए पंजी टू का प्रमाणित प्रतिलिपि किसान को दिया गया। बैठक में किसान जनता पार्टी के संरक्षक सुकुल नारायण देव, कोषाध्यक्ष छत्रधारी सिंह, महासचिव भागीरथ राय, बेंगाबाद अंचल अध्यक्ष नबी अंसारी, अर्जुन पंडित, कुंजल पंडित, उमर सिंह, रूबिन हेंब्रम, चिंतामणि सिंह, बैदून निशा, बासुदेव मरांडी, मुन्नी देवी, बहामुनी देवी, मोहम्मद इनामुल, मोहम्मद अजमुल आदि उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा के मौके पर गंगा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी,



**साहिबगंज:** गंगा दशहरा के मौके पर जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर अहले सुबह से ही गंगा स्नान करने करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। जहां दूरदराज के इलाकों से हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के बाद मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की। मान्यता है कि आज ही के दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। वही शास्त्रों व लौकिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को ही भागीरथ के प्रयास से स्वर्ग से गंगा माता का अवतरण पृथ्वी पर हुआ था इसलिए गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान करना पारिवारिक सुख शांति की प्राप्ति के लिए फलदाई बताया गया है। वही कहा जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से लोक कल्याण, पारिवारिक सुख शांति व समृद्धि की प्रति लोगों को होती है। वही लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। इस वर्ष गंगा दशहरा पर वर्षों बाद अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और हस्त नक्षत्र सिद्धि योग के पुण्यकाल में निर्माण हुआ। जहां इस शुभ मुहूर्त में गंगा नदी में डुबकी लगाकर भगवान भोलेबाबा की आराधना कर दान पुण्य करने का बड़ा महत्व बताया गया है। वही पंडित जनों के अनुसार इस योग में नवविवाहित दंपत्तियों के लिए गंगा स्नान करना अति फलकारक व मनोरथ पूर्ण करने वाला है। इस मौके पर जिले के अलावे कई पड़ोसी जिले के श्रद्धालु भी मुक्तेश्वर धाम बिजली गंगा घाट पर पहुंचे और गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की। मान्यता के अनुसार इस दिन दान करना सिद्धि कारक बताया जाता है और मौसमी फल दान करने की भी परंपरा है। बताया जाता है कि फलों का राजा आम है इसलिए श्रद्धालु गंगा तट पर आम लूटाते हैं। उधर गंगा दशहरा के अवसर पर नाव यातायात सहयोग समिति द्वारा संध्या समय बनारस की तर्ज पर गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम को संपादित कराने के लिए बनारस से 41 सदस्यीय पंडित व पूजन मंडली की टीम जिले के बिजली गंगा घाट पर भव्य गंगा आरती की। उधर जिले के राजमहल में भी परिवर्तन संस्था द्वारा गंगा महाआरती का आयोजन किया गया जहां रात्रि के सात से आठ बजे लेजर के माध्यम से गंगा के उद्भव और विकास को श्रद्धालुओं को बीच प्रदर्शित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलास्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन




**साहिबगंज:** झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा मादक द्रव्यों के दुरुपयोग हेतु जागरूकता अभियान जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय में किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा मादक द्रव्यों के प्रकार और हानिकारक प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उधर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष के द्वारा बताया गया कि ट्रांजिशन बच्चे ड्रॉप आउट होना एक गंभीर समस्या है जिसको समाप्त करना है। वही प्रोजेक्ट रेल एवं पंजी संधारण करते हुए उत्तर की प्रविष्टि ई विद्या वाहिनी में समय पर करना, जय गुरुजी एप्स को सभी सीआरपी बीआरपी के साथ साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करना है।

### महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी व्यक्ति के साथ दूसरी पत्नी और उसके भाइयों ने की मारपीट

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी व्यक्ति मो. आफरान पिता मो. सिराकुल के साथ उसकी दूसरी पत्नी बुधनी बीबी व उसके भाइयों ने बुरी तरह से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां उसे परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अलीमुद्दीन ने फौरन इलाज किया। वही इस मारपीट मामले को लेकर घायल व्यक्ति के पहली पत्नी ने बताया कि उसके पति की दूसरी पत्नी बुधनी बीबी अपने छोटे बेटे को लेकर उसके घर आई हुई थी जहां उसके पति घर पर नहीं थे। इस दौरान दूसरी पत्नी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए अपने बेटे को उसके ही घर में पटककर चली गई। उधर छोटे बेटे की तबियत रात में खराब हो जाने पर पहली पत्नी ने उसका इलाज करवाया। उधर फिर से उसकी सौतन उसके घर आई और अपने पति से जीवनयापन करने के लिए खर्चा देने की मांग करने लगी। इस दौरान पति ने कहा कि उसकी स्थिति अभी ठीक नही है जहां वो उसका खर्चा वहन नहीं कर सकता है जिसके बाद दूसरी पत्नी ने अपने भाई व बहनोई को बुलाकर अपने पति के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। फिलहाल मारपीट मामले को लेकर पीड़ित व्यक्ति के द्वारा जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस से इसकी शिकायत की गई है।

### नाबालिग लड़की का बरहेट के युवक ने किया अपहरण, परिजनों ने बोरियो पुलिस से लगाई गुहार

बोरियो: थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 16 साल की नाबालिग लड़की का अपहरण बरहेट थाना क्षेत्र के एक युवक ने कर लिया है। जहां इस मामले को लेकर पीड़िता नाबालिग लड़की की मां ने बोरियो थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए इस दिशा में जल्द से जल्द कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। इस मामले को लेकर नाबालिग लड़की की मां ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को बरहेट थाना क्षेत्र के रहने वाला युवक राहुल कर्मकार पिता दुर्योधन कर्मकार के द्वारा आए दिन मोबाइल फोन पर कॉल करके डराया धमकाया जाता है और वीडियो कॉल करके अश्लील बातें करने के लिए मजबूर किया जाता है।

### ट्रेन से कटने से नगडी निवासी संजय केसरी की मौत

पिस्का नगड़ी। नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का रेलवे स्टेशन के समीप रविवार शाम ट्रेन से कटने से मौत हो गई।



रविवार शाम राँची से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस से कटने से एक आदमी की मौत हो गई। आदमी की पहचान नगड़ी के केसरी मुहल्ला निवासी संजय केसरी (55)के रूप में हुई। संजय केसरी मोटरसाइकिल में घूम घूम कर पान मशाला बेचता था। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी और नगड़ी पुलिस घटना स्थल पर पहुँच गई। नगड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# शहादत दिवस पर याद किए गए शहीद कुंदन ओझा

**साहिबगंज:**

**आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि, चीनी सैनिकों के साथ लड़ते हुए शहीद हुआ था साहिबगंज का लाल**



भारत चीन सीमा पर लद्दाख के गलवान घाटी में आज ही के दिन 16 जून को चीनी सैनिकों के साथ हुए हिंसक झड़प में देश की खातिर लड़ते हुए शहीद हुए साहिबगंज सदर प्रखंड के डिहारी गांव के लाल शहीद कुंदन ओझा की चौथी शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव डिहारी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहीद के पिता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उधर पुष्पांजलि के दौरान शहीद के पिता रविशंकर ओझा ने अपने पुत्र को याद कर विह्वल हो उठे। जहां शहीद के पिता को विह्वल होता देख डीएफओ मनीष तिवारी ने उन्हें ढाढ़स बंधाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने शहीद के पिता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं शहीद के पिता ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् का सिंघनाद करते हुए उपस्थित लोगों में उत्प्रेरणा भरने का काम किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि कोई भी युवा हो या देशवासी वे चाहे किसी भी व्यवसाय में हो देश को सम्मान एवं प्रगति के पथ पर बढ़ाने के लिए प्राथमिकता देना ही शहीदों की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि शहीद कुंदन ओझा ने अपने जानों की बाजी लगाते हुए भारत माता की रक्षा करने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे दी। इस तरह के वीर सपूत अगर हर मां पिता को मिले तो निश्चित तौर पर देश की रक्षा होती रहेगी व हर एक माता पिता को अपने बच्चों के कार्यों से गौरवान्वित होता रहेगा। इस मौके पर सूबेदार मेजर नागेंद्र साहा, सूबेदार गौतम गिरी, सूबेदार दीनदयाल कुशवाहा, भूलन दुबे, गंगासागर यादव, वकील यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मंडरो में आज धूमधाम से मनेगा त्याग एवं बलिदान का महापर्व बकरीद



**मंडरो:** त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद पूरे क्षेत्र में उत्साह के साथ गले से गले मिलाकर मनाया जाएगा। इस दौरान मिजाचौकी तेतरिया, मंडरो तेतरिया, मसनिया, गड़रा, तालेडीह, बिशनपुर आदि स्थानों पर स्थित ईदगाहों में बकरीद पर्व का विशेष नमाज पढा. जाएगा। जहां काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सोमवार सुबह पवित्र बकरीद की नमाज अदा कर एक दूसरे को गले मिलकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा का संदेश देगें।

इसके बाद त्याग और बलिदान के प्रतीक अपने पसंदीदा पशुओं की कुबार्नी दी जाएगी। उधर बकरीद पर्व को लेकर स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा चौकसी बढ़ा दी गई है। वही ईदगाहों में नमाज के वक्त पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ पुलिस के जवान को तैनात किया जाएगा। इस मौके पर मिजाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बकरीद का पर्व शांति पूर्वक मनाने का अपील किया है। बताया जाता है कि बकरीद का तात्पर्य सिर्फ कुबार्नी देना ही है बल्कि अल्लाह ताला एवं खुदा के समक्ष अपनी अजीज इच्छाओं एवं भावनाओं को समर्पण करने का पर्व है। लोग हजरत इब्राहिम की कुर्बानियों का अपने जीवन में अमल करें जिसने खुदा के समक्ष अपने एकलौते पुत्र की कुबार्नी देकर दुनिया को त्याग और बलिदान का संदेश दिया था।

## राधानगर थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

**उधवा:** राधानगर थाना परिसर में रविवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जहां इस बैठक की अध्यक्षता राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने की। इस दौरान राजमहल इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने क्षेत्र के गणमान्य, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व थाना क्षेत्र में रहने वाले लोगों से बकरीद पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने, बकरीद पर्व में होने वाली कुबार्नी को घरों में नियम के साथ करने की अपील की। वहीं, कहा कि कुछ शरारती तत्वों के कारण दोनों पक्ष के लोगों को परेशानी झेलना पड़ता है जहां सोशल मीडिया में दिखाए जाने वाले झगड़ा व तनाव से माहौल खराब होने की शुरूआत होती है इसलिए लोग किसी तरह की अफवाह में न आएं। खासकर सोशल मीडिया में किसी भी अफवाह के दिखाई देने वाले मैसेज को एक-दूसरे के पास फॉरवर्ड न करें ऐसे लोगों पर प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

उधर ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा सकती है। वही शांति समिति की बैठक में पहुंचे विभिन्न गांव से दोनों समुदाय के लोगों ने सर्व सहमति से बकरीद पर मनाने का निर्णय लिया। वही बताया गया कि क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर बकरीद की नमाज प्राणपुर में 8 बजे, दरगडांगा में 7.30 बजे, बालुग्राम में 7 बजे, सत्तार टोला में 7:30 बजे, पहरगांव में 7:30 भी, उत्तर पियारपुर में 8 बजे, दक्षिण पियारपुर में 7: 30 बजे व कटहलबाड़ी में 8 बजे अदा की जाएगी।

# बड़ा सोनाकर में सरकारी राशि का हो रहा दुरुपयोग

**बरहरवा:**

**2 साल से पहले बनाए गए सिंचाई कुंआ के बगल में बनाया जा रहा पेयजल कूप**



प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत बड़ा सोनाकर में इन दिनों सरकारी राशि का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है जहां 2 साल पहले सिंचाई कुआं बनाया गया था अब उसी जगह ठीक 3 फीट की दूरी पर पेयजल के लिए कूप निर्माण किया जा रहा है। वही कूप निर्माण में खुदाई की गई मिट्टी को 2 साल पहले बने सिंचाई कुआं में मिट्टी फेंक कर सिंचाई कुआं का नामोनिशान मिटाने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा हैं। जहां ग्राम पंचायत के बिचौलिया इस तरह से कार्य खुलेआम कर रहे हैं। वही मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के साथ साथ ऐसा प्रतीत होता है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकारियों, पदाधिकारी द्वारा योजनाओं एवं स्थल का भौतिक सत्यापन नहीं किया जा रहा है जहां योजनाएं सिर्फ खानापूर्ति और भ्रष्टाचार के लिए किया जा रहा है। वही इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत बड़ा सोनाकर के पंचायत समिति मिस्टर अंसारी ने बताया कि इस तरह का योजना प्रखंड के अधिकारी पदाधिकारी ग्राम के बिचौलिया को ही लाभ मिलता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व बनाने का लिया निर्णय

**मंडरो:** मिजाचौकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रविवार को हुई। इस बैठक में मिजाचौकी थाना के एसआई सुबोध मरांडी ने ग्रामीणों व थाना क्षेत्र में रहने वाले लोगों से बकरीद पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने, बकरीद पर्व में होने वाली कुबार्नी को घरों में नियम के साथ करने की अपील की। वहीं, कहा कि कुछ शरारती तत्वों के कारण दोनों पक्ष के लोगों को झेलना पड़ता है। जहां सोशल मीडिया में दिखाए जाने वाले झगड़ा व तनाव से माहौल खराब होने की शुरूआत होती है इसलिए लोग किसी तरह की अफवाह में न आएं। खासकर सोशल मीडिया में किसी भी अफवाह के दिखाई देने वाले मैसेज को एक दूसरे के पास फॉरवर्ड न करें ऐसे लोगों पर प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वही ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा सकती है। उधर शांति समिति की बैठक में पहुंचे विभिन्न गांव से दोनों समुदाय के लोगों ने सर्व सहमति से बकरीद पर्व मनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर अरुण सिंह, बद्री भगत, बबलू मिश्रा, बालेश्वर भगत, योगेंद्र तांती, वकील अंसारी, शिवलाल पंडित, आजाद अंसारी, सुनील सिंह, शमसाद अंसारी, मनोज कुमार वर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मंडरो ऑटो स्टैंड के पास प्रतिदिन रात में लगता है शराबियों का जमावड़ा

**मंडरो:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडरो बाजार स्थित यात्री विश्राम गृह में शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। उक्त ताजा तस्वीर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि चारों तरफ फैली शराब की दर्जनों बोतलों का अंबार लगा हुआ है जबकि भगैया मंडरो बाजार मुख्य सड़क के रास्ते ठाकुरगंगटी और मिजाचौकी थाना की पुलिस नियमित रात्रि में पेट्रोलिंग करती है इसके बावजूद देर रात तक शराबी शराब पीते हुए देखे जाते हैं। उधर सबसे आश्चर्य की बात है कि जिस स्थान पर शराबियों का जमावड़ा लगता है उससे महज 10 कदम की दूरी में ठाकुरगंगटी प्रखंड के विद्या का मंदिर सरकारी स्कूल संचालित है जहां की प्रतिदिन हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे शराबियों के विरुद्ध कार्रवाई के बदले ठाकुरगंगटी थाने एवं सीमावर्ती मिजाचौकी थाना की पुलिस मुकदर्शक बनी हुई है। जिस स्थान पर शराबियों का जमावड़ा लगता है वह स्थान यात्रियों को बैठने के लिए विश्राम स्थल बताया जा रहा है।

### एसडीपीओ ने मिजाचौकी में किया दो कांडों का पर्यवेक्षक

*मंडरो:* अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने रविवार को मिजाचौकी थाना क्षेत्र के दामिनभीठा एवं गोसाईचक गांव पहुंचकर दो अलग अलग कांड जिसमें पहला डायन बिसाही से संबंधित और दूसरा गोसाईचक में हुई हत्या से संबंधित मामला का पर्यवेक्षक किया। इस दौरान एसडीपीओ ने कांड से संबंधित स्थल का निरीक्षण किया और उन्होंने कांड से संबंधित विस्तृत जानकारी लिया। वही मिजाचौकी थाना में लंबित कई कांडों को निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उधर बकरीद पर्व को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर एसआई पवन कुमार, एएसआई राजा राम उपस्थित थे।

### शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य हेतु करें नियमित योगाभ्यास:- योग शिक्षक

**21 जून 2024 को मनाया जाएगा 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**



**बरहेट:** आगामी 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा जहां इसको लेकर क्षेत्र के योग शिक्षक राजू साह ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इस दौरान उन्होंने रविवार को लगभग 100 बच्चों के साथ योगाभ्यास किया। इसके साथ ही विभिन्न आसनों को कराते वक्त उनके फायदे भी गिनाए। वही योग शिक्षक राजू साह ने कहा कि आज समाज में बढ़ती शारीरिक व मानसिक समस्या से लोग काफी परेशान हैं ऐसे समय में योग ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा लोग इन सारी समस्याओं से बाहर आ सकते हैं। आज सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में योग को लोग अपना रहे हैं और अपनी शारीरिक व मानसिक समस्याओं से निजात पा रहे हैं। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे विश्व पटल पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दिलाने के पश्चात योग का प्रचलन और बढ़ गया है जहां सभी लोग योग को अपना रहे हैं।

### जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




**साहिबगंज:** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय के द्वारा रविवार को सिद्धो कान्हू स्टेडियम में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला में संचालित आवासीय, डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एवं खेलो इंडिया सेंटर के सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मैराथन दौड़, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता कराया गया।

जहां मैराथन दौड़ के बालक वर्ग में विजेता खिलाड़ियों में शामिल सनोते मरांडी, अमन, भुवन कुमार, छाकू टुडू, जमशेद अंसारी, मिथुन कुमार सिंह ने जीत हासिल की। उधर मैराथन दौड़ के बालिका वर्ग में विजेता खिलाड़ियों में शामिल क्रांति कुमारी, सीमा हेंब्रम, अनोखी कुमारी, रौशनी कुमारी, रौशनी महलदार, चुम्की कुमारी ने जीत हासिल की।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कांधा देकर गृहग्राम के लिए किया रवाना

## मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने नक्सल हमले में शहीद जवान नीतेश एक्का को पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रविवार को चौथी बटालियन माना पहुंचकर गत दिवस नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान नितेश एक्का के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कांधा देकर ससम्मान गृह ग्राम जशपुर जिले के चिरईडांड के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर कहा कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुए नक्सली मुठभेड़ में हमारे वीर जवान ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारी सरकार बनते ही हमने नक्सलियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी और हम क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान शहीद जवान नितेश एक्का के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि एसटीएफ के शहीद आरक्षक नितेश एक्का जशपुर जिले के रहने वाले थे। पिछले 12 जून को नारायणपुर जिले के फरसबेड़ा-धुरबेड़ा क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ का संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुआ था। अभियान के दौरान 15 जून को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और जवाबी कार्यवाही में 8 माओवादियों को मार गिराया गया। इस दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए और एक जवान शहीद हो गया। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू, डीजीपी अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, एडीजी प्रदीप गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, संभाग आयुक्त संजय अलंग सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शहीद जवान के परिजन मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री शर्मा ने घायल जवानों से की मुलाकात, डॉक्टरों को बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों से मुलाकात करने आज रविवार सुबह रामकृष्ण अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घायल जवानों से चर्चा कर जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की और डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। दोनों जवान शनिवार को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुए नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए थे।



## नक्सल मुठभेड़ में घायल जवान ने कहा, ठीक होते ही और मारूंगा

**रायपुर।** नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल एसटीएफ के जवान कैलाश नेताम ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कहा कि ठीक होते ही और मारूंगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों से मिलने राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घायल जवानों से उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री साय उनसे जब घटना की जानकारी ले रहे थे तब एसटीएफ के घायल जवान कैलाश नेताम ने बताया कि ठीक होते ही और मारूंगा। यह सुनते ही मुख्यमंत्री गर्व से भर गए। उन्होंने कहा कि मां भारती के इन वीर जवानों से हमें हौसला मिलता है। घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा है, जिन्होंने कभी देश को झुकने नहीं दिया। एसटीएफ के एक अन्य घायल जवान लेखराम नेताम के ऑपरेशन थियेटर में होने के कारण मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात नहीं कर पाए, लेकिन डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने बीते दिनों बीजापुर में नक्सली हमले में घायल एक अन्य डीआरजी के जवान लच्छु कढ़ती से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने जवानों की हौसला बढ़ाते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के लिए निर्देश भी दिए। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री धामी बोले-रैंतोली गांव के ग्रामीणों की सेवा पर गर्व



**देहरादून (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रैंतोली गांव के ग्रामीणों की ओर से राहत बचाव कार्य में योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप गर्व है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में "अतिथि देवो भवः" की परंपरा रही है। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि "अतिथि देवो भवः" की भावना को आत्मसात कर देश भर से आने वाले पर्यटकों की सेवा करना देवभूमि उत्तराखंड की परंपरा रही है। इसका एक उदाहरण रुद्रप्रयाग सड़क हादसे के बाद देखने को मिला जब रैंतोली गांव के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रशासन के साथ राहत और बचाव कार्यों में अपना योगदान दिया। आप सभी पर हमें गर्व है।

### राज्यपाल ने ईद-उल-जुहा पर्व की बधाई दी

**रायपुर (एजेंसी)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि ईद-उल-जुहा का त्यौहार हमें बलिदानी-संस्कारवान बनने और मानव उत्थान के लिए समर्पण की सीख देता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की है।

### गंगा दशहरा को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**भागलपुर।** गंगा दशहरा को लेकर जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर रविवार के अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उधर सुलतानगंज के अजगैवीनाथ धाम स्थित उत्तरवाहिनी गंगा घाट में बिहार और झारखंड के हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। आज के दिन मां गंगा जन्मोत्सव है। विशेषकर महिलाएं आज के दिन गंगा स्नान कर मां गंगा को आम का फल, फूल और प्रसाद चढाते हुए गंगा में प्रवाहित करती हैं। ऐसा करने पर सुख शांति मिलती है और सारे कष्टों का निवारण होता है। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं के भीड़ को लेकर लिए गंगा घाट में नगर परिषद के द्वारा छोटी नाव और गंगा घाट की बेरिकेटिंग किया गया है। अंचल अधिकारी रवि कुमार के द्वारा गंगा घाट में एसडीआरएफ टीम में लगाया गया है।

## काशी में प्रधानमंत्री मोदी का पुष्पवर्षा के बीच शाही अंदाज में होगा स्वागत

- बाबतपुर एयरपोर्ट, सभा स्थल के साथ सजाई जा रही हैं शहर की सड़कें
- मंत्रियों, विधायकों की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ता करेंगे भव्य स्वागत, स्वागत प्वाइंट बने।



### प्रधानमंत्री के काशी दौरे को सफल बनाने के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत, निमंत्रण पत्र भी बांटे

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार (18 जून) को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मेहंदीगंज में किसानों के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक किसानों की भागीदारी होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा काशी क्षेत्र ने पूरी ताकत लगा दी है। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता टोली के साथ किसानों के बीच पहुंच कर निमंत्रण बांटते रहे। मेंहदीगंज गांव में ढोल-नगाड़े के साथ पैदल भम्रण कर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किसानों को सभा में आने के लिए निमंत्रण कार्ड दिया। वहीं किसानों, महिलाओं और युवाओं को किसान संवाद सम्मेलन में पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए आग्रह किया। सभा में प्रधानमंत्री मेंहदीगंज की धरती से किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त को किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे। प्रधानमंत्री बटन दबाकर देशभर के 9.3 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि ट्रांसफर करेंगे।

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काशी में भव्य स्वागत होगा। भाजपा काशी क्षेत्र ने बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ ही मेहंदीगंज ग्राम सभा स्थल पर भव्य स्वागत की पूरी रूपरेखा तैयार की है। शहरी क्षेत्र में पुलिस लाइन से लेकर दशाश्वमेधघाट, दशाश्वमेध से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर गेट नम्बर चार तक स्वागत के लिए गेट बने हैं। पूरे यात्रा मार्ग में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वय रविन्द्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता काशीवासियों संग ढोल, नगाड़ा, डमरू दल के साथ शंखनाद एवं गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर जोरदार स्वागत करेंगे। लगातार तीसरी बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद प्रथम काशी आगमन पर कार्यकर्ता भी बेहद उत्साहित है।

**भाजपा ने झोंकी ताकत,डोल नगाड़ा संग किया जन जागरण**

भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने रविवार को बताया कि सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के मेहंदीगंज ग्राम सभा में 18 जून को किसान सम्मेलन आयोजित है। इसमें 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य है। इसके लिए भाजपा ने व्यापक जनजागरण अभियान चलाया है।

## उच्च स्तरीय बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी))।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य पर आज नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है।



## मुख्यमंत्री ने दिव्यांग नव दंपत्तियों को दिए आशीर्वाद

### 250 दिव्यांग जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान का आयोजन



**रायपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रविवार को अखिल भारतीय निर्धन दिव्यांग सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दुर्ग के अग्रसेन भवन में समाजसेवी संस्था आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित इस सामुहिक आदर्श विवाह में सभी समाज के 250 दिव्यांग जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के दिव्यांगजन शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य अतिथियों ने परिणय सूत्र में बंधे दिव्यांग नव दंपत्तियों को उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिए। समारोह में लोकसभा सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर और नगर निगम दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान का यह आयोजन पुण्य का कार्य है। संस्था लगातार जनकल्याण का कार्य कर रही है। चाहे वह लावारिश लाशों को सद्गति देने का कार्य हो, रक्तदान कार्य हो या दिव्यांगजनों का वैवाहिक कार्यक्रम हो। संस्था से जुड़े सभी पदाधिकारी पुण्य के कार्य में सहभागी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शारीरिक रूप से विकृत लोगों को पहले विकलांग के नाम से जाना जाता था, जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सम्मान-जनक नाम दिव्यांग दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर हर संभव सहयोग का प्रयास कर रही है। उन्होंने आदर्श विवाह में सम्मिलित होने पहुंचे हुए नवदम्पत्तियों के परिजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री 19 जून को जींद से प्रदेश के करीब एक लाख पंजीकृत श्रमिकों को देंगे योजनाओं की सौगात



**जींद (एजेंसी)।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित डा. हरिचंद मिड्ढा सभागार में 19 जून को सुबह दस बजे पंजीकृत श्रमिकों के सम्मान में श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे तथा श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। स्थानीय विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा विशेष रूप से मौजदू रहेंगे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड के प्रदेशभर के करीब एक लाख पंजीकृत श्रमिकों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातें में जारी करेंगे। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री अपने संबोधन के माध्यम से प्रदेशभर के श्रमिकों को अपना शुभ संदेश भी देंगे। यह जानकारी श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा ने दी। रविवार को उन्होंने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर के डा. हरिचंद मिड्ढा सभागार में व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान दी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह सम्मान समारोह श्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रदेश के अन्य जिलों में भी सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें श्रमिकों की बेटियों की शादी में कन्यादान राशि, छात्रवृति योजना, ई-श्रमकार योजना, साइकिल, स्कूटी व सिलाई मशीन आदि मुहैया करवाना मुख्य रूप से शामिल हैं। हर पात्र पंजीकृत श्रमिक को उनका हक मिले, इसके लिए सभी योजनाओं को उनके आधार कार्ड से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जींद में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदेशभर से 200 से 250 पंजीकृत श्रमिकों को शामिल किया जाएगा। कुछ श्रमिकों को मुख्यमंत्री स्वयं अपने हाथों से योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केवल आमंत्रित पंजीकृत श्रमिकों को ही कार्यक्रम में प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा पहचान पत्र के बिना कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बैठक में मौजूद ईएसआई के चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि समारोह के दौरान प्राथमिक उपचार हेतू एक डिस्पेंसरी स्थापित करवाई ताकि जरूरत पडनें पर कोई भी व्यक्ति उपचार ले सके।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की इंदौर को पौधारोपण अभियान के लिए 20 करोड़ रुपये देने घोषणा

- एक पेड़ माँ के नाम अभियान के आधिकारिक लोगो, वेबसाइड, मिस्ड कॉल नंबर, गीत, सोशल मीडिया कैम्पेन का किया विमोचन
- मुख्यमंत्री ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और हरियाली के लिए इंदौर में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की

**इंदौर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इन्दौर जिले को 20 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। नगर निगम से 10 करोड़ रुपये एवं वन विभाग से 10 करोड़ रुपये पौधारोपण के लिए प्रदान किये जाएंगे। ब्रिलियंट कन्वेंशन इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य और हरियाली के लिए इंदौर में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने स्वास्थ्य में स्वच्छता और पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पेड़ों का मानव जीवन में महत्व पर विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए श्वास और रक्त धमनियों का महत्व है उसी प्रकार पर्यावरण में पौधों और हरियाली का महत्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। इन्दौर द्वारा इसमें 51 लाख पौधों के रोपण की भागीदारी प्रशंसनीय है। इंदौर ने जिस प्रकार स्वच्छता में कीर्तिमान स्थापित किया। उसी प्रकार हरियाली में कीर्तिमान स्थापित कर एक मिसाल पेश कर रहा है।